www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:41

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.01 न्यू | 14.02 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 20.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71355.22 |
| निफ्टी | 21513.00 |

सोना 64,105 चांदी 77,800

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | मंगलवार, 9 जनवरी 2024 | 25 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 22 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए

भूकंप ने किया इस मंदिर को टेढ़ा, अब टेढ़ा होकर ही होते हैं दर्शन ...पेज 3



## राजस्थान की भजनलाल सरकार को झटका

# 10 दिन पहले बने मंत्री उपचुनाव में मिली हार

एजेंसी, राजस्थान



रुपिंद्र सिंह कुन्नर वोट 94761



सुरेंद्र पाल टीटी वोट 83500

**राजस्थान** में बीजेपी ने जिस प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री बनाने के बाद चुनाव मैदान में उतारा था, वह कांग्रेस प्रत्याशी रुपिंद्र सिंह कुन्नर से 11 हजार 261 वोटों से हार गए हैं। श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव नहीं हो पाया था। इसके बाद उपचुनाव हुआ। इस हार को राजस्थान की भजनलाल सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

विपक्षी नेता कह रहे हैं कि भाजपा की हार ओवर कांफिडेंस के कारण हुई है। कांग्रेस के रुपिंद्र सिंह कुन्नर को कुल 94761, जबकि भाजपा के सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को 83500 वोट मिले हैं। जीत के बाद कुन्नर भावुक हो गए और वे पिता गुरमित की फोटो के आगे माथा टेकते वक्त रो पड़े।

# रामलला 21 को नए मंदिर में होंगे विराजमान

अनंत ज्ञान विशेष




**अयोध्या** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर हैं। श्रीराम की एक झलक पाने को देशभर के श्रद्धालुओं के साथ अब विदेशी मेहमान भी पहुंचने लगे हैं। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अस्थायी मंदिर में विराजमान रामलला 21 जनवरी को नए मंदिर में पहुंच जाएंगे। इस दिन भक्त दर्शन नहीं कर पाएंगे।

अचल मूर्ति को सोने के सिंहासन पर कमल के आसन पर प्रतिष्ठित किया जाएगा। इसके ठीक सामने सोने के सिंहासन पर विराजमान रामलला चारों भाइयों के साथ विराजित रहेंगे। रोजाना दोनों मूर्तियों की पूजा होगी। रामलला पंचकोसी परिक्रमा करेंगे। विभिन्न नदियों के जल से स्नान कराया जाएगा। यह स्नान सरयू तट पर होगा या फिर मंदिर में, यह तय किया जाना है।

## ट्रस्ट ने की मंदिर परिसर की तस्वीरें साझा



- मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से और 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा


### मंदिर में पांच मंडप

- नृत्य मंडप, रंग मंडप सभा मंडप, प्रार्थना मंडप व कीर्तन मंडप



**17 को भ्रमण**

17 जनवरी को रामलला की मूर्ति के साथ शोभायात्रा अयोध्या भ्रमण करेगी, मंगल कलश में सरयू का जल लेकर श्रद्धालु मंदिर पहुंचेंगे।



## न्यूज शॉर्ट्स

### पाकिस्तान में पुलिस गाड़ी में धमाका, पांच की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक पुलिस की गाड़ी में धमाका हो गया। पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। यह घटना सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले में हुई। 22 लोगों के घायल होने की खबर है। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक पुलिसवाले टीकाकरण अभियान के तहत पोलियो टीमों को सुरक्षा देने के लिए जा रहे थे। धमाका कैसे हुआ, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है।

### गृह मंत्री अमित शाह की जम्मू-कश्मीर यात्रा स्थगित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की नौ जनवरी को प्रस्तावित जम्मू-कश्मीर यात्रा खराब मौसम के कारण स्थगित कर दी गई है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि मौजूदा खराब मौसम की स्थिति और उसके पूर्वानुमान को देखते हुए केंद्र गृह मंत्री अमित शाह की प्रस्तावित जम्मू-कश्मीर की यात्रा को स्थगित कर दिया है।

### जेल से बाहर आकर संजय सिंह ने भरा राज्यसभा का नामांकन

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के लिए जेल से बाहर आए। उन्होंने सिविल लाइंस में एक पुलिस वैन में पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। संजय सिंह के अलावा 'आप' की तरफ से दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने भी राज्यसभा के लिए अपना नामांकन भरा है।

## टॉप स्टोरीज

भ्रष्टाचार और घूसखोरी में राजस्व विभाग सबसे आगे ...पेज 2

टी-20 सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी वुमंस टीम इंडिया ...पेज 15

भारत और सऊदी अरब के बीच हुए हज समझौते पर हस्ताक्षर ...पेज 16

## सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार का फैसला पलटा, दोषियों की सजा माफी रद्द

# बिलकिस बानो केस के सभी 11 दोषियों को दोबारा जाना होगा जेल

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने बिलकिस बानो मामले के 11 दोषियों को जेल से रिहा करने का गुजरात सरकार का फैसला रद्द कर दिया है। गैंगरेप और सात लोगों की हत्या के सभी दोषियों को दोबारा जेल जाना होगा। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि दोषियों की सजा माफी का फैसला गुजरात सरकार नहीं कर सकती।

दोषियों को महाराष्ट्र में सजा मिली थी, इसलिए रिहाई पर फैसला देने का अधिकार भी महाराष्ट्र सरकार का है। इस फैसले के बाद दोषियों को दो हफ्ते के अंदर सरेंडर करना होगा। 2002 में दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप हुआ था। तब वो 21 साल की थी और पांच महीने की गर्भवती थी। भीड़ ने बिलकिस के परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी थी। मरने वालों में तीन साल की बेटी भी शामिल थी।

**21 साल लड़ी न्याय की जंग अब मिला इंसाफ**

### दो हफ्ते के भीतर करना होगा सरेंडर



### सुप्रीम कोर्ट बोला- गुजरात सरकार का फैसला शक्ति का दुरुपयोग था

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि दोषियों को रिहा करने का गुजरात सरकार का फैसला शक्ति का दुरुपयोग था। बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों की सजा गुजरात सरकार ने माफ कर दी थी। गुजरात सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि एक पीड़ित के तकलीफ का एहसास सभी को होना चाहिए, चाहे वह किसी भी धर्म या संप्रदाय की हो।

### बिलकिस बोलीं- अब सांस ले पा रही हूं

**सुप्रीम** कोर्ट से फैसले के बाद बिलकिस के घर पर पटाखे फोड़े गए। बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि आज पहली बार मेरे चेहरे पर मुस्कान आई है और अब सांस ले पा रही हूं।



चुनावी फायदे के लिए न्याय की हत्या हुई। न्याय की हत्या की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर देश को बता दिया कि अपराधियों का संरक्षक कौन है। अहंकारी बीजेपी सरकार के विरुद्ध न्याय की जीत हुई है। - राहुल गांधी



मैं इस फैसले का स्वागत करता हूं। गुजरात और केंद्र भाजपा सरकार ने बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में इन दोषियों को रिहा करने में मदद की है। दोनों सरकारें माफी मांगे। -असदुद्दीन ओवैसी।



अंततः न्याय की जीत हुई है। इस आदेश से भारतीय जनता पार्टी की महिला विरोधी नीतियों पर पड़ा पर्दा हट गया है। बहादुरी के साथ अपनी लड़ाई को जारी रखने के लिए बिलकिस बानो को बधाई। -प्रियंका गांधी

# लोक अदालतों में निपटाए इंतकाल के 65 हजार से अधिक मामले

## सीएम ने प्रशासनिक सचिवों के साथ की मंडे मीटिंग



प्रशासनिक सचिवों के साथ मीटिंग करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पहली राजस्व लोक अदालत से अब तक 65,000 से अधिक इंतकाल के मामलों का निपटारा किया है। 11,420 इंतकाल और 1217 तकसीम के मामले चार और पांच जनवरी को तीसरी राजस्व लोक अदालत में निपटाए गए हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रशासनिक सचिवों के साथ मंडे मीटिंग की। सीएम ने कहा कि अगली राजस्व लोक अदालतें 30 और 31 जनवरी को आयोजित की जाएंगी। राज्य में तकसीम के मामलों की निपटान दर 200 प्रतिशत दर्ज की गई है। तीन दिसंबर 2023 से पांच जनवरी 2024 तक तकसीम के 1823 नए मामले निपटारे के लिए आए, जबकि इस अवधि में तकसीम के 3544 लंबित मामलों का निपटारा किया गया। सुक्खू ने विभिन्न विभागों की महत्वकांक्षी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए उन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। सुक्खू ने कहा कि राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना का पहला चरण शुरू किया है। युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए ई-टैक्सी परमिट की पेशकश की गई है।

### पर्यटन निगम के होटलों में क्यूआर कोड से भुगतान की मिलेगी सुविधा

**सीएम** ने सभी पर्यटन होटलों, हिमाचल भवन, हिमाचल सदन और विभिन्न विभागों के विश्राम गृहों में क्यूआर कोड आधारित ऑनलाइन भुगतान की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग को पर्यटकों को दी जाने वाली सेवाओं में और सुधार सुनिश्चित करने को भी कहा।

## एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

# मैदानी इलाकों में घने कोहरे से बढ़ी ठिठुरन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राज्य के कई स्थानों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया है। मैदानी भागों में दोपहर तक लोगों को घने कोहरे का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 10 जनवरी को कुछ इलाकों में बर्फबारी और बारिश हो सकती है।

हिल्स स्टेशन शिमला और मनाली में सर्दियों की पहली बर्फबारी भी नहीं हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक, रविवार की रात राज्य के चार शहरों का पारा माइनस में दर्ज किया गया। लाहौल-स्पीति जिला का कुकुमसेरी सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान -8.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

- कुकुमसेरी सबसे ठंडा स्थल, पारा -8.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड

### कहां, कितना तापमान

**समदो** में -6.2 डिग्री, कल्पा में -1 और भुंतर में -0.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है। वहीं, कई शहरों का पारा शून्य के करीब रिकार्ड हुआ। सियोबाग व मंडी में 0.2, सुंदरनगर में 0.4, रिकांगपिओ में 1.1, नारकंडा में 1.2, ऊना में 1.4, सोलन में 1.5, सराहन में 2.5, चंबा में 2.9, कुफरी में 3.1, पालमपुर में 3.2, कांगड़ा में चार, शिमला में 4.1, धर्मशाला में 5.2 और डल्हौजी में 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# पुलिस को देखकर महिला ने निगला चिट्टा, मौत

**इंदौरा।** इंदौरा के छन्नी बेली में रविवार देर रात नारकोटिक्स टीम और थाना डमटाल ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई की। पुलिस टीम ने सुनीता पत्नी राजेश कुमार के घर पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को देखकर सुनीता ने पॉलीथिन में रखे चिट्टे को निगल लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। सुनीता को इंदौरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उक्त महिला के खिलाफ पहले भी मादक पदार्थ अधिनियम के कई मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से की बातचीत

# युवा-किसान सशक्त होंगे तो देश होगा मजबूत

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को अपनी सबसे प्रिय चार जाति बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार इन चारों जातियों के भविष्य पर फोकस कर रही है।

उन्होंने कहा कि देशभर में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में 'मोदी की गारंटी' की चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि उनकी सरकार यह नहीं चाहती है कि जिन परेशानियों का सामना बुजुर्गों को करना पड़ा, उसका सामना वर्तमान या भविष्य की पीढ़ियों को करना पड़े। गरीब, किसान, महिलाएं और युवा वर्ग सशक्त होगा तो भारत मजबूत होगा।

### सरकारी योजनाओं के लाभ से न छूटे कोई भी

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरुकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए मोदी की गारंटी की यह गाड़ी गांव-गांव जा रही है।

### हर व्यक्ति तक पहुंच रही भारत संकल्प यात्रा

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आज देश के कोने-कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है। समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। यह सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड़ना अपने आप में अभूतपूर्व है।

## खुशखबरी ओएनजीसी को मिली बड़ी सफलता, कृष्णा गोदावरी बेसिन में तेल उत्पादन किया शुरू

# गहरे समुद्र से पहली बार निकाला कच्चा तेल

एजेंसी, नई दिल्ली

**ऑयल** एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कंपनी ने बंगाल की खाड़ी में स्थित कृष्णा गोदावरी बेसिन (केजी बेसिन) में गहरे समुद्र परियोजना से पहली बार तेल उत्पादन शुरू कर दिया है।

- तेल उत्पादन और प्राकृतिक गैस का सात फीसदी उत्पादन होगा

यह जानकारी पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दी है। उन्होंने बताया कि केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक में पहली बार तेल का उत्पादन किया गया। यहां से 45 हजार बैरल कच्चा तेल हर दिन निकलने की उम्मीद है। हालांकि, इस मात्रा पर आने में अभी कुछ साल का समय लग सकता है। साथ ही 10 मिलियन क्यूबिक मीटर से ज्यादा प्राकृतिक गैस भी हर दिन निकाली जाएगी। इस प्रोजेक्ट से देश के मौजूदा कुल तेल उत्पादन का सात प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का भी सात फीसदी उत्पादन होगा।

### लंबा इंतजार खत्म

**45** हजार बैरल तेल हर दिन निकलेगा

**10** मिलियन क्यूबिक मीटर से ज्यादा प्राकृतिक गैस भी निकाली जाएगी



### उत्पादन में गिरावट के ट्रेंड बदलेंगे

ओएनजीसी ने कहा कि कई सालों के उत्पादन में गिरावट के ट्रेंड को पलटने में मदद मिलेगी। ओएनजीसी का कहना है कि वह इस प्रोजेक्ट से धीरे-धीरे उत्पादन में बढ़ोतरी करेगी।

### मोदी बोले- भारत की ऊर्जा यात्रा में अहम कदम, अर्थव्यवस्था को मिलेगा फायदा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कृष्णा गोदावरी बेसिन से कच्चे तेल के उत्पादन पर खुशी जताते हुए इसे भारत की ऊर्जा यात्रा में अहम कदम करार दिया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि इससे हमारे आत्मनिर्भर भारत मिशन को बढ़ावा मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था को भी फायदा मिलेगा।

### भारत में कच्चे तेल का प्रोडक्शन

**वित्त** वर्ष 2019-20 (दिसंबर 2019 तक का डाटा) में भारत ने कुल 24376 मीट्रिक टन कच्चे तेल का उत्पादन किया। ऑफशोर (तट से समुद्र में) से 12021 मीट्रिक टन तेल निकाला गया। ऑनशोर (जमीन से राज्यों के अंदर) 12355 मीट्रिक टन ते निकाला गया।

### सऊदी अरब ने सस्ता किया तेल

**सऊदी** अरब ने एशियाई देशों के लिए कच्चा तेल सस्ता कर दिया है। फ्लैगशिप अरब लाइट क्रूड की कीमत में कटौती की है और अब यह 27 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है। इससे चुनावी वर्ष में पेट्रोल और डीजल की कीमत में गिरावट आ सकती है।

# भारत ने किया मालदीव के राजदूत को तलब

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारत** ने मालदीव के मंत्रियों के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी को गंभीरता से लिया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने मालदीव के उच्चायुक्त को तलब किया है। मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब दिल्ली के साउथ ब्लॉक में विदेश मंत्रालय पहुंचे। भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ मालदीव के मंत्रियों की अशोभनीय टिप्पणियों पर सख्त नाराजगी जताई।

उल्लेखनीय है कि मालदीव की महिला मंत्री मरियम शिउना ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसके बाद यह टिप्पणी वायरल हो गई। इस मुद्दे को भारत ने मालदीव की मोहम्मद मुइज्जू सरकार के सामने उठाया। माले में भारतीय उच्चायुक्त ने अशोभनीय टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई।

- पीएम मोदी पर अशोभनीय टिप्पणी का मुद्दा उठाया जताई नाराजगी

### ईजमाइट्रिप कंपनी ने सभी फ्लाइट्स बुकिंग को किया सस्पेंड

पीएम नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी करने के बाद ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी ईजमाइट्रिप ने मालदीव के लिए सभी फ्लाइट्स बुकिंग को सस्पेंड कर दिया है। ट्रैवल कंपनी के को-फाउंडर और चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) निशांत पिट्टी ने भारत के समर्थन में एक्स पर फ्लाइट्स बुकिंग सस्पेंड करने का ऐलान किया है।

# शेख हसीना फिर बन सकती हैं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री



**ढाका।** बांग्लादेश की मौजूदा पीएम शेख हसीना (76) एक बार फिर प्रधानमंत्री पद पर काबिज हो सकती हैं। रविवार को हुए आम चुनाव में हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीती हैं। इस बार 299 सीटों पर वोटिंग हुई थी। वहीं, हसीना ने लगातार आठवीं बार चुनाव जीता हैं। गोपालगंज-3 सीट से उन्होंने बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के कैंडिडेट एम निजामुद्दीन लश्कर को 2.49 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शेख हसीना से फोन पर बात कर उन्हें बांग्लादेश के संसदीय चुनाव में जीत पर बधाई दी है।

- पीएम मोदी ने चुनाव जीतने पर दी बधाई

### हर साल बढ़ते जा रहे मामलों में नहीं आ रही कमी, धर्मशाला में सामने आए सबसे ज्यादा केस

# भ्रष्टाचार और घूसखोरी में राजस्व विभाग सबसे आगे

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

भ्रष्टाचार और घूसखोरी को खत्म करने का सरकारें भले कई दावे कर लें, लेकिन आंकड़े कुछ और कह कर रहे हैं। विभागीय आंकड़ों की मानें तो भ्रष्टाचार के मामले कम होने के बजाय बढ़ रहे हैं।

मार्च, 2023 से अब तक विजिलेंस विभाग नोर्थ रेंज के तहत घूसखोरी और भ्रष्टाचार के 21 मामले सामने आए हैं, जिसमें आठ मामलों में विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है और अन्य मामले धोखाधड़ी व आय से अधिक संपत्ति आदि के सामने आए हैं।

उक्त मामलों में करीब 16,70,450 रुपए भी रिकवर किए गए हैं। भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए विभागों में राजस्व विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्राउंड वॉटर अथॉरिटी, खाद्य आपूर्ति विभाग एवं लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभाग शामिल हैं। कुल 21 मामलों में चंबा से छह, धर्मशाला से दस और ऊना जिले से पांच मामले प्रकाश में आए हैं। वर्ष 2022 में विजिलेंस विभाग नॉर्थ रेंज के तहत घूसखोरी और भ्रष्टाचार के तहत 21 और 2021 में 11 मामले सामने आए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पिछले तीन वर्षों के ही आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे अधिक राजस्व विभाग के तहत घूसखोरी के मामले सामने आए हैं और अन्य विभाग भी भ्रष्टाचार में पीछे नहीं हैं। विभागीय अधिकारियों की मानें तो भ्रष्टाचार के मामले और अधिक हो सकते हैं, कई मामलों में लोग किसी डर अथवा दबाव के कारण भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत नहीं कर पाते। (अनंत ज्ञान)

**2022** में विजिलेंस विभाग नॉर्थ रेंज के तहत सामने आए घूसखोरी और भ्रष्टाचार के 21 मामले




**2021** में सामने आए 11 मामले, पिछले तीन साल के आंकड़ों में राजस्व विभाग में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार

### लोगों के सहयोग से ही खत्म होगा भ्रष्टाचार



**पुलिस** अधीक्षक, राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो नोर्थ रेंज बलवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि भ्रष्टाचार और घूसखोरी के विरुद्ध लोगों को आगे आना चाहिए और विभाग के पास शिकायत दर्ज करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जाता है। उन्होंने बताया कि लोगों को किसी के डर अथवा दबाव में नहीं आना चाहिए, लोगों के सहयोग से ही भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिकायतकर्ता धर्मशाला के लिए 01892-223231, ऊना के लिए 01975-223439 और चंबा के लिए 01905-226722 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त व्हाट्सऐप नंबर 89887-00100 पर भी भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलते ही विभाग तुरंत कार्रवाई में जुट जाता है।

# भुंतर में एक किलो 211 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

थाना भुंतर के अंतर्गत पुलिस ने चरस तस्करी के आरोप में बंजार के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। चरस तस्करी का मामला रविवार रात उस दौरान सामने आया, जब पुलिस टीम गडसा सड़क मार्ग पर गश्त पर थी। उसी दौरान सामने से एक व्यक्ति आया, लेकिन पुलिस को देखते ही छिपने का प्रयास करने लगा।

पुलिस को उस व्यक्ति के पास किसी संदिग्ध वस्तु होने का शक हुआ। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे दबोच लिया। उसके कब्जे से तलाशी के दौरान एक किलो 211 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने आरोपी लुदर चंद (51) पुत्र कांशी राम निवासी गांव नाही डाकघर रोपा तहसील बंजार जिला कुल्लू के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



बंजार में चरस के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### सर्वर की समस्या और सप्लाई न आने से डिपुओं में नहीं मिला था राशन

# प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को इस माह मिलेगा बैकलॉग कोटा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश के करीब 20 लाख डिपो उपभोक्ताओं को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने इस बार राहत दी है। सर्वर में दिक्कत तथा सप्लाई न आने की वजह से अपना कोटा न ले पाए लाखों उपभोक्ताओं को इस माह दो माह का बैकलॉग स्टॉक मिल पाएगा।

इस बारे में प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा के 1121 सहकारी डिपुओं को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने निर्देश जारी कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार सर्वर प्रोब्लम तथा समय पर सामान न पहुंचने समेत अन्य कारणों से कई उपभोक्ताओं को नवंबर तथा दिसंबर माह का चीनी समेत अन्य कुछ उत्पादों का कोटा नहीं मिल पाया था। ऐसे में विभाग ने लोगों को राहत देते हुए अपना पैंडिंग कोटा जनवरी माह के कोटे के साथ लेने के निर्देश देकर लाखों लोगों को राहत दी है। हालांकि विभागीय अधिकारियों की मानें प्रदेश के ज्यादातर उपभोक्ताओं को नवंबर तथा दिसंबर माह का अन्य सामान चीनी को छोड़कर मिल चुका है।




उन्होंने बताया कि चीनी की सप्लाई के न आने के कारण काफी उपभोक्ताओं को चीनी की आपूर्ति नहीं मिल पाई थी। इसके चलते विभाग ने उन्हें राहत देते हुए बैकलॉग स्टॉक देकर राहत दी है। उधर, इस बारे में जब जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोतम सिंह पंवर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को राहत देते हुए विभाग ने चीनी समेत अन्य सामान का नवंबर तथा दिसंबर में विभिन्न कारणों के चलते कोटा न ले सके लोग अपना कोटा जनवरी माह में ले सकेंगे।

चीनी की आपूर्ति न आने तथा बीच-बीच सर्वर में आने वाली दिक्कत के कारण कुछ लोगों को उनका कोटा नहीं मिल पाया था तथा बैकलॉग कोटा लेने के निर्देशों से उन उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

# बनीखेत में निजी होटल से 17.60 ग्राम चिट्टा बरामद, नशा तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान के अंतर्गत डलहौजी पुलिस ने एक नशा तस्कर को नशे की खेप सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। डलहौजी पुलिस दल को सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई की एक नशा तस्कर बनीखेत बस अड्डा के निजी होटल में नशे की खेप को ठिकाने लगाने की फिराक में है।

सूचना के आधार पर थाना प्रभारी डलहौजी जगबीर सिंह की अगुआई में पुलिस दल ने मौके पर दबिश दी, जहां पुलिस दल को कमरे के बाहर देखकर आरोपी बुरी तरह से घबरा गया और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने जब युवक एवं उसके समान की तलाशी ली तो उसके पास से कुल 17.60 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की। आरोपी युवक की पहचान जनजातीय क्षेत्र भरमौर के गांव गैहरा से संबंध रखने वाले 21 वर्षीय नवीन के रूप में हुई है।



17.60 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत पुलिस थाना डलहौजी में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस सारे मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने करते हुए जानकारी दी की पिछले दो महीना में अब तक कुल आठ मामलों को दर्ज किया जा चुका है, जिनमें 15 गिरफ्तारियां भी की गई हैं। नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान के अंतर्गत डलहौजी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। साथ ही डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने स्थानीय जनता से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग दें, जिससे नशा तस्करों के खिलाफ इस अभियान को और ज्यादा मजबूती मिले।

### नालागढ़ में 5.779 किलोग्राम गांजा बरामद

**नालागढ़।** बरोटीवाला थाना के तहत कालूझंडा स्थित दो युवकों से 5.779 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। बरोटीवाला थाना के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान सोनू साहनी पुत्र शिव साहनी निवासी श्यामपुर तहसील लालगंज जिला वैशाली बिहार व जितन कुमार गांव श्यामपुर तहसील लालगंज जिला वैशाली बिहार से हुई, जो कि बरोटीवाला एरिया में नशा तस्करी का काम कर रहे थे, जिन्हें टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। डीएसपी बद्दी प्रियंक गुप्ता ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि बरोटीवाला थाना के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।



# स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम सोलन को ओडीएफ प्लस-प्लस रैंक

### निगम का सार्वजनिक शौचालयों और सीवरेज व्यवस्था को अपग्रेड करने का दावा, स्वच्छता में अव्वल आने का रखा लक्ष्य

**आर मोहन चौहान, सोलन**

स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम सोलन ने ओडीएफ प्लस-प्लस रैंक हासिल किया है। इससे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद मिलेगी। पिछले वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम सोलन को प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल हुआ था।

इस दिशा में आगे बढ़ते हुए निगम ने सार्वजनिक शौचालयों और सीवरेज व्यवस्था को अपग्रेड करने का दावा किया है। इसके चलते शहर को बाह्य शौच मुक्त (ओडीएफ प्लस प्लस) का रैंक हासिल हुआ है। निगम ने अब स्वच्छता में अव्वल आने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत शहर के सभी सुलभ शौचालय और वार्डों के सार्वजनिक शौचालय को अपग्रेड करने के साथ नालियों की सफाई और सीवरेज सिस्टम को बेहतर किया गया है। पहले चरण में सोलन शहर के माल रोड स्थित सुलभ शौचालय अपग्रेड करने के साथ पुराना बस स्टैंड, माल रोड, चिल्ड्रन पार्क, सपरून, चौक बाजार और कोटला नाला को सार्वजनिक शौचालयों को भी अपग्रेड किया गया है। इसी तरह सपरून बाइपास में शिमला की तर्ज पर मोबाइल टॉयलेट की सुविधा देने की योजना है। बता दें कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने का प्रावधान किया गया है। इस व्यवस्था से रोज करीब 20 टन कचरा सलोगड़ा स्थित यार्ड में सेग्रिगेट किया जा रहा है।




सेग्रिगेट ठोस कचरे से खाद बनाने की योजना है, जबकि प्लास्टिक वेस्ट को डिस्पोज करने के लिए सनटन कंपनी पंचकूला से करार किया गया है। इस व्यवस्था की बदौलत ही स्वच्छता सर्वेक्षण में सोलन शहर की रेटिंग में सुधार हुआ है। ओडीएफ प्लस-प्लस स्कीम के तहत कर निगम ने अब स्वच्छता सर्वेक्षण में सोलन शहर को अव्वल रखने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उधर, नगर निगम सोलन के आयुक्त जफ़र इकबाल का कहना है कि स्वक्स स्वछता सर्वेक्षण में शहर को ओडीएफ प्लस प्लस में शामिल किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ रखने की निरंतर कोशिश की जा रही है। इसके अलावा लोगों को जागरुक भी किया जाता है। (अनंत ज्ञान)


> स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को ओडीएफ प्लस-प्लस का रैंक मिलना सुखद है। स्वच्छता में अव्वल रहने के लिए शहर के शौचालयों, नालियों और सीवरेज सिस्टम को बेहतर किया जाएगा।
>
> **उषा शर्मा**
> **मेयर, नगर निगम सोलन**

### क्या है ओडीएफ प्लस-प्लस

**ओडीएफ** प्लस-प्लस में शामिल होने के सामुदायिक शौचालय पर सारी व्यवस्थाएं परिपूर्ण होनी चाहिएं। इसमें शामिल होने के लिए कुल 20 से अधिक मानक को पूरा करना पड़ता है। ओडीएफ प्लस यानी ऐसा शहर जहां खुले में शौच पर पूर्ण पाबंदी हो, सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था हो। जहां पर केयर टेकर की तैनाती, समय-समय पर उसकी मरम्मत कार्य कराया जाए। डेंटिंग-पेंटिंग सुसज्जित हो सहित अन्य व्यवस्था होनी चाहिए।

# कालका-शिमला फोरलेन निर्माण कार्य में देरी पर हाई कोर्ट सख्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



कालका-शिमला फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा करने में हो रही देरी पर प्रदेश हाई कोर्ट ने कड़ा संज्ञान लिया है। कोर्ट ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को परवाणू से ढली तक निर्माण कार्य पूरा करने की टाइम लाइन शपथपत्र के माध्यम से बताने के आदेश दिए।

कोर्ट ने इस दौरान हटाए गए अवैध कब्जों और अतिक्रमणों की जानकारी भी मांगी है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश संदीप शर्मा की खंडपीठ ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्माण संबंधी ताजा स्टेट्स रिपोर्ट भी पेश करने के आदेश दिए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि परवाणू से कैथलीघाट के बीच सूची में दर्शाए गए अतिक्रमण को कब्जों को हटा दिया गया है और अस्थायी अतिक्रमणों को समय-समय पर हटा दिया जाता है। कोर्ट ने एनएचएआई को एनएच पांच के विस्तारीकरण कार्य में तेजी लाने और अवैध कब्जे हटाने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने उपायुक्त और एसपी सोलन को आदेश दिए थे कि वह प्राधिकरण को उचित पुलिस सहायता मुहैया करवाए। पिछले आदेशों के तहत हाई कोर्ट ने उपायुक्त सोलन की कार्यशैली पर भी टिप्पणी की थी। कोर्ट ने कहा था कि वह इस बात से अनभिज्ञ है कि उपायुक्त होने के साथ-साथ वह जिलाधीश भी हैं। कोर्ट ने अवैध कब्जों को हटाने के आदेश भी दिए थे, लेकिन उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निशानदेही के लिए आवेदन करने के निर्देश दे दिए थे। कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में उपायुक्त सोलन ने फोरलेन की निशानदेही भी की थी। मामले पर सुनवाई 14 मार्च को निर्धारित की गई है।

**कार्यक्रम** महत्वपूर्ण स्थलों का करेंगे दौरा, स्थानीय लोगों से भी होगा संवाद, विकास कार्यों की लेंगे जानकारी

# पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि केरल प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिले की विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों और पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों का 30 सदस्यीय दल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत केरल प्रवास पर है। इस प्रवास के दौरान इन पंचायत जनप्रतिनिधियों ने केरल की विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं एवं संस्थानों और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा करके स्थानीय लोगों के साथ संवाद भी किया व विकास कार्यों की जानकारी ली।

ये जनप्रतिनिधि इन्हीं दिनों, दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों के अध्ययन प्रवास पर गई हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति के सदस्य शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया, चुराह के विधायक डॉ. हंसराज, इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन और अन्य विधायकों से भी मिले। उन्होंने समिति के सदस्य विधायकों के साथ अपने कई अनुभव भी साझा किए। हमीरपुर से गए पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के दल में जिला परिषद के धनेटा वार्ड के सदस्य संजय चौधरी, बमसन ब्लॉक के बीडीसी सदस्य कैप्टन तिलक राज शर्मा और शकुंतला ठाकुर, बीडीसी भोरंज की बीना देवी, बीडीसी हमीरपुर की नीलम कुमारी, बिझड़ी पंचायत के प्रधान संजय कुमार, महारल की प्रधान विजया कुमारी, अमलैहड़ की सोनिया ठाकुर, बरधियाड़ की रीता देवी, मती टीहरा की पुष्पा कुमारी, कलूर के राजेंद्र कुमार, दंगड़ी की अनीता देवी, सधरयाण पंचायत के उपप्रधान रवि कुमार, अमलैहड़ के तिलकराज, मझियार के राकेश कुमार, बेला के अजय शर्मा, गाहली के कपिल ठाकुर, दंगड़ी के नसीब सिंह, बरधियाड़ के गोविंद सिंह और हड़ेटा के उपप्रधान संजय कुमार शामिल हैं।



पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि और पंचायतीराज विभाग के अधिकारी केरल प्रवास पर।

इनके अलावा पंचायतीराज विभाग के अधिकारी तिलकराज, दिवाकर दत्त, वीरेंद्र सिंह चंदेल, कपिल पठानिया, अनु, राजेश कुमार, संदीपिका, अशोकराज, विनित कुमार और बलदेव भी इस दल में शामिल रहे।

# नौकरी के लिए तंत्र-मंत्र करने के नाम पर दो युवतियों के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



नौकरी का झांसा देकर तंत्र मंत्र करवाने के नाम पर दो युवतियों से दुष्कर्म करने का मामला बिलासपुर पुलिस में सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो युवकों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सारे मामले की शिकायत एक युवती ने झंडूता थाने में दर्ज करवाई है।

शिकायत में कांगड़ा की एक युवती ने बताया है कि बिलासपुर में एक कोचिंग अकादमी ज्वाइन की है और किराए के कमरे में रहती है। कमरे में उसकी एक सहेली भी रहती है। सहेली बिलासपुर के एक गांव की रहले वाली है। उसकी विक्की नामक लड़के से बात होती रहती है। उसकी सहेली ने उस लड़के के साथ बात कराई। उसने नौकरी लगाने का आश्वासन दिया। सहेली ने भी कहा कि वह नौकरी लगवा सकता है और तंत्र-मंत्र भी करता है। शनिवार को विक्की ने उसे फोन किया और कहा कि उसने तंत्र-मंत्र का सारा सामान ले लिया है। रात करीब नौ बजे विक्की उन दोनों को कार में ले गया। कार में एक अन्य व्यक्ति भी था। उसका नाम सुनील था। वह कार को फोरलेन पर मंडी भराड़ी की ओर ले गया। उसके बाद झील के किनारे खड़ी कर दी, वहां सुनील सहेली को झील किनारे ले गया। दोनों आधे घंटे बाद वापस आए। इसके बाद विक्की ने कहा कि अब वह सुनील के साथ झील किनारे जाए। क्योंकि सुनील को वहां कोई तंत्र-मंत्र करना है। वह सुनील के साथ चली गई। सुनील ने वहां उसके साथ डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। बड़ी मुश्किल से उसके चंगुल से छूटी। इसके बाद विक्की और सुनील कार में भाग गए। बाद में सहेली ने बताया कि सुनील ने उसके साथ भी दुष्कर्म किया है। उधर, बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज किया है और दो युवकों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस सारे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### ज्वालामुखी की कालीधार पहाड़ी पर स्थित रघुनाथेश्वर मंदिर; 1905 में आए भूकंप में हुआ था टेढ़ा

# भूकंप ने किया इस मंदिर को टेढ़ा, अब टेढ़ा होकर ही होते हैं दर्शन

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

टेढ़ा मंदिर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में ज्वालामुखी के पास स्थित है। इस मंदिर तक जाने के दो रास्ते हैं। एक पैदल जो कि ज्वालामुखी के ज्वाला मां मंदिर की बगल से ही जाता है। ज्वालामुखी से इसकी दूरी करीब दो किलोमीटर है। यह चढ़ाई भरा व जंगली रास्ता है। वहीं, दूसरा रास्ता वाहन योग्य है, जिसकी दूरी लगभग सात किलोमीटर है।

हर साल बजट में पांच से दस लाख रुपए इन छोटे मंदिरों के रखरखाव के लिए रखे जाते है, परंतु उन पर काम नहीं हो पाने से सभी योजनाएं धरी की धरी रह जाती हैं। टेढ़ा मंदिर और अकबर नहर को सहेजने के लिए मंदिर प्रशासन को जल्द ही काम शुरू करवा देना चाहिए, ताकि यहां आने वाले हजारों भक्त अकबर नहर और टेढ़ा मंदिर के सौंदर्य का नजारा ले सकें। (अनंत ज्ञान)



## आस्था का केंद्र

**ज्वालामुखी** शक्तिपीठ के करीब रघुनाथेश्वर का यह टेढ़ा मंदिर पर्यटकों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर को 115 वर्ष पहले 1905 में आया भूकंप भी क्षतिग्रस्त नहीं कर पाया था। हां, यह मंदिर भूकंप के तेज झटकों से टेढ़ा जरूर हो गया था, तब से इस मंदिर का नाम टेढ़ा मंदिर पड़ा था व आज भी श्रद्धालु यहां टेढ़े खड़े होकर ही दर्शन करते हैं।

**115 सालों से टेढ़ा है यह मंदिर**

**1905 में कांगड़ा में आए भयानक भूकंप से कांगड़ा का किला तो बिलकुल खंडहर हो गया था, लेकिन रघुनाथेश्वर मंदिर क्षतिग्रस्त नहीं हुआ था।**

## पांडवों ने करवाया था निर्माण

यह मंदिर पिछले 115 सालों से टेढ़ा है। कहा जाता है कि वनवास काल के दौरान पांडवों ने इसका निर्माण कराया था। 1905 में कांगड़ा में आए भयानक भूकंप से कांगड़ा का किला तो बिलकुल खंडहरों में तब्दील हो गया था। भूकंप के ही प्रभाव से यह मंदिर भी एक तरफ झुककर टेढ़ा हो गया। तभी से इसका नाम टेढ़ा मंदिर है। इसके अंदर जाने पर डर लगता है कि कहीं यह गिर न जाए। कांगड़ा गैजेट में इस मंदिर का उल्लेख किया गया है। भूकंप आने के बाद इस मंदिर की असली मूर्तियों को सरकार ने अपने कब्जे मे ले लिया था।

## वनवास के दौरान यहां रुके थे श्रीराम, माता सीता

**शक्तिपीठ** ज्वालामुखी मंदिर के कालीधार पर्वतों पर स्थित रघुनाथेश्वर टेढ़ा मंदिर आज लाखों भक्तों की आस्था का प्रतीक है। कहा जाता है कि भगवान श्रीराम चंद्र, माता सीता सहित यहां पर गुफा में कुछ समय के लिए रुके थे और इसी मंदिर में पांडवों ने भी अपने वनवास का कुछ समय व्यतीत किया था। यहां पर करोड़ों रुपए की भगवान श्रीराम चंद्र, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान व अन्य कई अष्टधातु की प्राचीन व दुर्लभ मूर्तियां थीं, जो बार-बार चोरी हो जाने के बाद जिला कोषागार धर्मशाला में हिफाजत से रखी गई हैं। कुछ समय तक यह मंदिर साधू समाज के अधीन था। बाबा लोग ही यहां का संचालन करते थे, परंतु कुछ समय बाद ही मंदिर न्यास ज्वालामुखी के अधीन इस मंदिर को लाकर इसका सरकारीकरण कर दिया गया है। मंदिर न्यास की बजट बैठक में इस मंदिर के जीर्णोद्धार सौंदर्यीकरण करने, शहंशाह अकबर की नहर के जीर्णोद्धार कर उसे मंदिर तक सहजने के लिए, रास्ते के निर्माण, बिजली, पानी व अन्य मूलभूत सुविधाएं यात्रियों को उपलब्ध करवाने के लिए बजट का प्रावधान किया जाता है।



मंदिर में राम, लक्ष्मण, सीता माता व हनुमान की मूर्ति।

# कांग्रेस बताए नेहरू परिवार ने क्यों बनाई रामलला से दूरी: जयराम ठाकुर

- कहा- नेहरू-गांधी परिवार से आज तक कोई क्यों नहीं पहुंचा राम जन्मभूमि
- भगवान राम पर अपमान जनक टिप्पणी पर खामोश क्यों है गठबंधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



कांग्रेसी नेताओं द्वारा भगवान श्रीराम से दूरी बनाने पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सवाल उठाए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कोर्ट के आदेश से राम जन्मभूमि का ताला खुलने के बाद किसी बड़े कांग्रेसी नेता ने रामलला के दर्शन करने की जहमत क्यों नहीं उठाई। पूजा-पाठ और दर्शन की अनुमति होने के बाद से कांग्रेस नेताओं की रामलला से दूरी बनाने की क्या वजह है। कांग्रेस को इन बातों का जवाब देना चाहिए। आज भगवान राम सबके हैं। कहने वाले 37 साल से कहां थे। देश के लोग यह जानना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का असली चेहरा देश के सामने हैं। आज विपक्ष गठबंधन का कोई न कोई नेता हताशा में भगवान राम अपमानजनक टिप्पणी कर रहा है, लेकिन कांग्रेस समेत सभी नेता खामोश बैठे हैं। इसी से पता चलता है कि सनातन की परंपरा के ध्वजवाहक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के प्रति कांग्रेस समेत विपक्ष की क्या भावना है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश का बच्चा-बच्चा जानता है कि राम मंदिर की राह में कांग्रेस ने किस-किस तरह से रोड़े अटकाने का प्रयास किया। पूरे गांधी नेहरू परिवार की विरासत ही उत्तर प्रदेश की रही है। नेहरू-गांधी परिवार ने उत्तर प्रदेश से ही अपना प्रतिनिधित्व किया है, लेकिन कोर्ट से पूजा-पाठ की अनुमति मिलने के बाद न जाने किस डर से किसी ने राम जन्मभूमि जाकर रामलला के दर्शन नहीं किए। चाहे वह राहुल गांधी हों, या प्रियंका गांधी या खुद सोनिया गांधी। कोई भी भगवान राम की चौखट तक नहीं गया। अमेठी का पिछला चुनाव हारने के पहले राहुल और सोनिया गांधी अयोध्या के आसपास की लोक सभा क्षेत्रों से ही संसद का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सभी नेता कई बार अयोध्या के आसपास से गुजरे होंगे।

प्रियंका गांधी ने तो अयोध्या रोड शो किया, हनुमान गढ़ी तक आई। वहां से चंद कदमों की दूरी पर रामलला का स्थान था, लेकिन दो मिनट का समय भी उनसे नहीं निकाला गया। 37 साल से भगवान राम से इस तरह की दूरी बनाने के बाद अगर आज कांग्रेस के नेताओं को राम मंदिर पर बातें करने से पहले सोचना चाहिए।

# सीएम ने साप्ताहिक गिरिराज का वार्षिक कैलेंडर-2024 किया जारी



संपर्क विभाग के साप्ताहिक समाचार पत्र गिरिराज का कैलेंडर लांच करते सीएम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सूचना एवं जन संपर्क विभाग के साप्ताहिक समाचार पत्र गिरिराज का वार्षिक कैलेंडर-2024 जारी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने में गिरिराज साप्ताहिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने समाज के कमजोर वर्गों के सुधार के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी निर्णय लिए हैं और सरकार की इन पहलों की आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंच सुनिश्चित करने में इस साप्ताहिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क राजीव कुमार, गिरिराज साप्ताहिक के वरिष्ठ संपादक डॉ. राजेश शर्मा, संपादक रीना नेगी और सहायक सम्पादक योगराज शर्मा भी उपस्थित रहे।

# हमीरपुर में स्थापित होगा राष्ट्रीय कैंसर केंद्र, लोगों को मिलेगी सुविधा

## प्रदेश में कृत्रिम मेधा मंत्रालय के गठन पर विचार कर रही सरकार: सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इटेंलिजेंस (कृत्रिम मेधा) का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रदेश सरकार विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए वृहद स्तर पर कार्य कर रही है। इसके लिए आर्टिफिशियल इटेंलिजेंस मंत्रालय का सृजन करने पर भी विचार किया जा रहा है। देशभर में इस तरह की महत्वाकांक्षी पहल पहली बार होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमीरपुर में राष्ट्रीय कैंसर केंद्र स्थापित करने जा रही है। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं चरणबद्ध तरीके से पूर्ण की जा रही हैं। इस केंद्र में मुख्य तौर पर अस्पताल, पालीऐटिव केयर, सेंटर फॉर प्रिवेंटिव ऑन्कोलोजी और सेंटर फॉर मोलीक्यूलर ऑन्कोलोजी विभाग होंगे। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में हाई एंड प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा और विश्व स्तरीय डायग्नोस्टिक लैब स्थापित की जाएगी। इस केंद्र में मोलीक्यूलर ऑन्कोलोजी सहित अनेक नवीन प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर मरीजों को श्रेष्ठतम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में राज्य में कार्यशील कैंसर केयर यूनिट को भी सुदृढ़ किया जाएगा।



स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

### बैठक में इन्होंने भरी हाजिरी

**बैठक** में मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश पेढ़ारकर, डॉ. जीके रथ, डॉ. सीएम त्रिपाठी, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी, मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया, मिशन निदेशक एनएचएम प्रियंका वर्मा, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं गोपाल बेरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जवाली विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास प्राथमिकता: प्रो. चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि जवाली-करडियाल-ढन-फारियां सड़क के उन्नयन (अपग्रडेशन) व सुधारीकरण पर पीएमजीएसवाई-तृतीय चरण में 703 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। यह जानकारी उन्होंने सोमवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत मतलाहड़ पंचायत में प्रदेश सरकार द्वारा 12 फरवरी तक आयोजित किए जाने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान लोगों से रू-ब-रू होते हुए दी।



चंद्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खु के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिसकी देशभर में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के जिस संकल्प के साथ प्रदेशवासियों के बीच आई है अपने उस वादे पर शतप्रतिशत खरा उतरी है। उन्होंने प्रदेश में हुए विकास का श्रेय हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार और पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह को देते हुए कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले पहाड़ी प्रदेश को आगे बढ़ाने व इसके विकास में उनका बहुमूल्य योगदान रहा है।

कृषि मंत्री ने बताया कि जवाली विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए अनेक प्रभावी पग उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सड़कों के सुधारीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रगति पर है, जिस पर करोड़ों रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व हर खेत तक सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कई ट्यूबवेल जनता को समर्पित किए गए हैं।

## शिक्षा उपनिदेशकों के सेवा विस्तार का विरोध

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला सोलन की इकाई के जिला अध्यक्ष चंद्रदेव ठाकुर, महासचिव भगतराम जगोता ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सेवानिवृत्ति के पश्चात शिक्षा उपनिदेशकों के सेवा विस्तार का निर्णय सही नहीं है। उन्होंने कहा की सरकार द्वारा कनिष्ठ पदों पर बैठे हुए अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारियों के ऊपर पदों पर सेवाओं के लिए चुना जा रहा है, जो सरासर प्रधानाचार्यों और पदोन्नति की बाट जोह रहे अधिकारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय को प्रवक्ता संघ और प्रधानाचार्य के हितों पर कुठाराघात बताया है। जिला अध्यक्ष चंद्रदेव ठाकुर ने कहा की सरकार द्वारा जिला ऊना में सेवानिवृत्ति के पश्चात उपनिदेशक को सेवा विस्तार दिया गया, जो सरासर गलत है। हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला सोलन सरकार के निर्णय की घोर निंदा करता है।

# गवास में शांत महायज्ञ, देव धुनों पर झूमे श्रद्धालु

## ऐतिहासिक देव अनुष्ठान में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्त, मंदिर की परिक्रमा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

देवभूमि हिमाचल की प्रसिद्ध संस्कृति के चलते देश भर में अलग पहचान है। प्रदेश के अधिकांश पहाड़ी क्षेत्रों में पौराणिक परंपराएं आज भी कायम हैं। बात की जा रही है शिमला जिले के रोहड़ू के गवास गांव की, जहां देवता गुडारू महाराज के सान्निध्य में 36 साल बाद ऐतिहासिक देव अनुष्ठान शांत महायज्ञ समारोह आयोजित किया जा रहा है।

तीन दिन तक चलने वाले इस ऐतिहासिक महायज्ञ का मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुभारंभ किया था। इस समारोह में 12 से अधिक देवी-देवता और 20 हजार से अधिक देवलु एवं खूंद पहुंचे हैं। परंपरा के मुताबिक इस ऐतिहासिक देव अनुष्ठान के सफल आयोजन से क्षेत्र मे सुख-समृद्धि की कामना की गई। दैविक कार एवं आदेशों के तहत देव आगमन (संगेड़ा) के साथ शांत महायज्ञ विधिवत रूप से शुरू हुआ। आयोजन के दूसरे दिन सोमवार को फेरी व शिखा पूजन की परंपरा पूरी की गई। फेरी रोहटान खूंद की ओर से सुबह नौ बजे मंदिर की परिक्रमा करके की गई। शिखा रस्म दोपहर एक बजे मंदिर के छत पर पारंपरिक ढंग से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने देवधुनों पर झूमते हुए पारंपरिक परंपराओं का निर्वहन किया गया।



रोहड़ू के गवास गांव शांत महायज्ञ के दूसरे दिन पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु।

### समापन समारोह आज

**मंगलवार** को देवताओं और खूंदों की विदाई के साथ यह देव सामारोह संपन्न होगा। इस शांत महायज्ञ समारोह में देवता गुडारू गवास, जिगाह नाली के प्रमुख देवता जाबल नारायण, देवता गुडारू डिस्वाणी, देवता गुडारू थली, देवता गुडारू छुपाड़ी, देवता पवासी भौलाड़, बोठा महासू अस्ताणी, पवासी भटवाड़ी, सेखल रोहटाण खूंद बतौर मेहमान शिरकत कर रहे हैं। परशुराम धगोली, गुम्मा, नंडला, चिउणी व खंशकड़ी परशुराम अपने खूंद एवं कर्मकांड में निपुण ब्राह्मणों की टोली के साथ विशेष रूप से शामिल होकर इस देव अनुष्ठान को विधिवित रूप से संपन्न करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। देवता के साथ सदियों से गौशटण के रूप मे ऐतिहासिक संबध बनाए रखे हुए अढाल गांव से पांचटा परिवार बतौर विशिष्ट मेहमान शिरकत कर रहे हैं।

## 52 संतों को अयोध्या राम मंदिर का निमंत्रण

**घुमारवीं।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री अधिवक्ता तुषार डोगरा ने बताया कि निमंत्रण पत्रों को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता व्यक्तिगत तौर पर जाकर उन्हें दे रहे हैं। अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिमाचल के 52 संतों को निमंत्रण दिया जाएगा। इनमें रामशरण दास महाराज मणिकर्ण कुल्लू, अवध रामदास महाराज ज्यूरी रोड मंडी, योगी सूरज नाथ महाराज किन्नू ऊना, राम मोहन दास रामायणी महाराज लदरूहीं मंडी, सर्वेश्वरनंद सरस्वती महाराज टौणी देवी हमीरपुर, यतेंद्र गिरी महाराज दशनामी जूना अखाड़ा चंबा, आदेश पुरी महाराज पनियाला कांगड़ा, राजेंद्र गिरी महाराज गतोड़ बिलासपुर, केवल गिरी महाराज गेहड़वीं बिलासपुर, विमलानंद सरस्वती महाराज करुणामई आश्रम कांगड़ा, भटिंडा गिरी महाराज अरला कांगड़ा आदि को निमंत्रण दिया जाएगा।

## प्रदेश ब्राह्मण सभा का शपथ ग्रहण समारोह अगले महीने

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह फरवरी महीने में होगा। सभा के प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम ने कहा कि इस अभियान को तेज करने के लिए जल्द ही मध्य जोन के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक की जाएगी। इसमें सभी जिलों के अध्यक्षों व महासचिवों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस बारे में प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन लाल शर्मा ने जो रूपरेखा तैयार की है उसका प्रारूप प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम को सौंपा। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन लाल शर्मा, क्षेत्रीय महासचिव लीला गोपाल शर्मा, मीडिया प्रभारी डॉ. भूपेंद्र गौतम, मातृ शक्ति की ओर से अंजना देवी, मीरा देवी शर्मा, इंदिरा शर्मा एवं भुवनेश्वरी शर्मा भी मौजूद रहीं।

अनंत ज्ञान
करे हर सीमा पार
फ्री
क्लासीफाइड
क्या आप कार या घर बेचना अथवा खरीदना चाहते हैं? जमीन/ प्लॉट/ प्रॉपर्टी बेचना चाहते हैं या व्यवसाय, व्यापार या कारोबार के लिए स्टाफ की जरूरत है ? अनंत ज्ञान अपने पाठकों/ विज्ञापनदाताओं को मुफ्त क्लासीफाइड छपवाने की सुविधा प्रदान कर रहा है। क्लासीफाइड अगले एक महीने तक जिलावार अनंत ज्ञान समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित होंगे। कृपया श्रेणीवार अपने क्लासीफाइड हमें भेजें।
नीलामी | चिकित्सा | बिकाऊ
किराया | ज्योतिष | काउंसलिंग
जमीन/प्लॉट/प्रॉपर्टी | व्यापार
शिक्षा | जॉब | लोन | पोल्ट्री
वाहन | सर्विस | कम्युनिटी
Plot No.8, Phase-II, Ind. Area, Nagrota Bagwan
Distt. Kangra (H.P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com

**सियासत** डिडवीं-टिक्कर में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बोले- उपराष्ट्रपति ने उनके कामों को सराहा, इन्हें और गति देंगे

# जब कोई पीठ थपथपाए, तो काम करने का हौसला बढ़ता है

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सोमवार को डिडवीं टिक्कर में भाजपा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के नेताओं के साथ लंबी बैठक की। इस बैठक में 17 विधानसभा क्षेत्रों के 2022 के प्रत्याशी, संसदीय क्षेत्र के जिला अध्यक्ष, महामंत्री व सभी मोर्चों व प्रकोष्ठों के अध्यक्षों व 17 विधानसभा क्षेत्रों के विस्तारकों के साथ विस्तृत परिचर्चा की।

बैठक के बाद अनुराग ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस द्वारा ईडी अधिकारियों के ऊपर हमले पर कहा कि कभी संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह खड़े करना, कभी अदालतों के निर्णयों पर प्रश्न चिन्ह खड़े करना और कभी स्वतंत्र जांच एजेंसियों के ऊपर पथराव करना, मारपीट करना ये तृणमूल कांग्रेस की आदत सी बन गई है।

भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों के लिए मुख्यमंत्री धरने पर बैठ जाए यह अराजकता नहीं तो और क्या है। इससे बड़ा कुशासन का और क्या उदाहरण हो सकता है कि भ्रष्टाचार जो इनके नेताओं ने किया, जो गरीब जनता के लिए पैसा था वह तृणमूल के लोग भ्रष्टाचार के माध्यम से खा गए। उन्होंने स्वयं के शैक्षणिक कार्यक्रम एक से श्रेष्ठ के भव्य समापन को सार्थक बताते हुए कहा, कि वह आभारी हैं माननीय उपराष्ट्रपति के जिन्होंने अपना कीमती समय निकाल कर छोटे-छोटे बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब पीठ थपथपा कर गए, तो मैं इतना ही कहूंगा कि इससे हौसला बढ़ता है। (अनंत ज्ञान)



डिडवीं टिक्कर में भाजपा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के नेताओं के साथ अनुराग ठाकुर।

## 22 जनवरी ऐतिहासिक दिन, घर-घर जलाएं दीप

**सुजानपुर।** 22 जनवरी ऐतिहासिक दिन है, इस दिन को यादगार दिन बनाने के लिए घर-घर दीप जलाएं। भगवान राम का स्वागत भव्य एवं शानदार तरीके से करें। यह बात केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पंचायत टौणी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित सेक्टर प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 500 वर्ष बाद यह ऐतिहासिक दिन आया है, जब भगवान श्रीराम अयोध्या में बनकर तैयार हो रहे भव्य राम मंदिर में प्रवेश करेंगे। यह पूरे देशवासियों के लिए ऐतिहासिक पल होगा। इसलिए देश के नागरिक और विशेष रूप से प्रदेश की जनता इस दिन को यादगार बनाने में कोई कसर न छोड़े। उन्होंने कहा कि अपनी पंचायत के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना भक्ति संगीत का कार्यक्रम आयोजित करें घर-घर दीप जलाएं। अपने शहर, अपने गांव, अपनी पंचायत को दीपमाला से सुसज्जित करें। सुजानपुर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बनाए गए तमाम सेक्टर में विशेष बैठक केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आयोजित कर रहे हैं। सेक्टर प्रभारियों कि इस बैठक में ग्राम केंद्र अध्यक्ष त्रिदेव सहित पार्टी के पदाधिकारी जो दिशा निर्देश दे रहे हैं, उन पर आने वाले दिनों में काम करेंगे। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, प्रभारी सुमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा, भाजपा के प्रत्याशी रहे कैप्टन रंजीत राणा, जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान, किसान मोर्चा अध्यक्ष अनिल काकू, पवन शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय बहल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सेक्टर प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

# शिमला-सोलन संस्करण का विमोचन



# हिमाचली पत्रकारिता के क्षेत्र में नए सूर्य का उदय है अनंत ज्ञान

## सोलन में भव्य कार्यक्रम में जिला उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने किया शिमला-सोलन संस्करण का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

अनंत ज्ञान समाचार पत्र शिमला–सोलन संस्करण का विधिवत एक भव्य कार्यक्रम में विमोचन किया गया। विमोचन और सम्मान समारोह में जिला उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। मेयर उषा शर्मा, डीएसपी अनिल धौलटा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी अमित रंजन तलवार, डिप्टी एडवोकेट जनरल रोहित शर्मा, पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर, डिप्टी मेयर राजीव गौड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता तरसेम भारती, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कुल राकेश पंत, होटल पैरागॉन के मालिक सुरेंद्र वर्मा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अनंत ज्ञान के जीएम विशाल धीमान ने की। इसके बाद सोलन–सिरमौर के ब्यूरो प्रभारी तेजपाल नेगी और मंडी के ब्यूरो प्रभारी अनिल शर्मा की मौजूदगी में मुख्यातिथि डीसी सोलन मनमोहन शर्मा सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने अनंत ज्ञान समाचार पत्र शिमला–सोलन संस्करण का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शहर की गणमान्य हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से चिट्टा तस्करों की कमर तोड़ने वाली सोलन पुलिस की एसआईटी के सदस्यों को सम्मानित किया। इसमें उपनिरीक्षक ज्ञानचंद, उपनिरीक्षक आशीष, सहायक उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी हरीश कुमार, मुख्य आरक्षी मनोहर लाल, मुख्य आरक्षी पवन कुमार, मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार, मुख्य आरक्षी वीरेंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी शुभम, मानक मुख्य आरक्षी भीम सिंह, मानक मुख्य आरक्षी राजेश कुमार, आरक्षी नवीन कुमार, आरक्षी हेमंत कुमार, आरक्षी पुनीत कुमार, आरक्षी अजय पाल, आरक्षी रोहित कुमार, आरक्षी जगदीश कुमार, आरक्षी दयानंद और महिला आरक्षी रीना शामिल हैं।

इसके अलावा गरीब और दिहाड़ीदार मजदूरों के बच्चों की शिक्षा व पोषण के लिए कार्य करने वाले अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट सोलन के अध्यक्ष डॉ. केडी रेयोत, टीबी उन्मूलन की जागरूकता के लिए कार्य कर रहे जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र व महासचिव विपुल शर्मा, जीनियस ग्लोबल स्कूल की एमडी नीति शर्मा के अलावा शहर के गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह शिक्षा स्वास्थ्य, सामाजिक क्षेत्र में बेहतरीन सेवाओं के लिए डॉ. आरके बंसल, डॉ. अमित डबास, शहर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाले नगर निगम के सफाई निरीक्षक राजेश कुमार, क्लर्क प्रदीप शर्मा को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसी तरह पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए वरिष्ठ पत्रकार बलदेव चौहान और लक्ष्मी दत्त शर्मा सहित सेवानिवृत्ति के बाद भी पढ़ाई को जारी रखकर स्नातकोत्तर की दोहरी डिग्री हासिल करने वाले संत कुमार चौधरी, खादी बोर्ड के पूर्व अधिकारी जसबीर सिंह, इंडस्ट्री विभाग के कार्यकारी अधिकारी ओपी शर्मा, वास्तुकार प्रदीप ममगई, सेवानिवृत्त सीईओ हिमुडा दिनेश कश्यप, साहित्यकार कुल राजीव पंत, न्यूजपेपर एजेंट मंगतराम शर्मा, मोहन दत्त शर्मा, भाजपा एसटी मोर्चा सोलन मंडल के अध्यक्ष राजतिलक नेगी को भी सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम के आरंभ में ईश वंदना करते जाने माने गायक जियालाल ठाकुर व उनके साथी।


प्रदेश डिप्टी डायरेक्टर जनरल रोहित शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता तरसेम भारती व अनंत ज्ञान के जीएम विशाल धीमान के साथ कार्यक्रम का आनंद लेते मुख्यातिथि डीसी मनमोहन शर्मा।

### सोशल मीडिया की चुनौतियों के बावजूद प्रिंट मीडिया की पहल के लिए प्रबंधन की सराहना

**मुख्यातिथि** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर अनंत ज्ञान समाचार पत्र शिमला-सोलन संस्करण के प्रकाशन की बधाई दी। साथ ही सोशल मीडिया की चुनौतियों के बावजूद प्रिंट मीडिया की पहल करने के लिए प्रबंधन की सराहना की। शर्मा ने कहा कि पठन-पाठन के लिए अखबार सबसे बेहतरीन माध्यम है। आज के दौर में भी लोगों को सुबह की चाय के साथ अखबार का इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में अखबार पुल आउट पेपर निकाल कर स्थानीय खबरों को तवज्जो देते हैं पर प्रदेश, देश और विदेश की जरूरी खबरें हाइलाइट नहीं हो पाती। जिससे पाठकों को संपूर्ण खबरों की ओवरऑल जानकारी नहीं मिल पाती है। ऐसे में अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने हर जिला की खबर को प्रदेश भर में भेजने के लिए अलग पन्ने बनाने के साथ देश और दुनिया की खबरों पर भी ध्यान केंद्रित किया है। जो कि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता उच्चतम स्तर को बनाए रखने के लिए आज के दौर में विकासात्मक पत्रकारिता के साथ-साथ तुलनात्मक विश्लेषण भी अति आवश्यक है। इसी तरह नकारात्मक खबरों के बजाय सकारात्मक खबरों पर भी फोकस करने की आवश्यकता है। उन्होंने अनंत ज्ञान टीम को पत्रकारिता के मूल्य पर आधारित ही रिपोर्टिंग करने की प्रेरणा के साथ भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में संगीतकार व लोक गायक जियालाल व टीम ने अतिथियों का मनोरंजन किया जबकि मुकुल देव रक्षपति ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम के आयोजन में अनंत ज्ञान सोलन, शिमला और पांवटा साहिब की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।




दैनिक अनंत ज्ञान के विमोचन एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिला उपायुक्त मनमोहन शर्मा का स्वागत करते अनंत ज्ञान समाचार पत्र के जीएम विशाल धीमान व सोलन–सिरमौर के जिला ब्यूरो चीफ तेजपाल नेगी।


कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते जिला उपायुक्त मनमोहन शर्मा।



दैनिक अनंत ज्ञान के विमोचन एवं सम्मान समारोह में दीप प्रज्वलन करते अन्य अतिथि।



मुख्यातिथि जिला उपायुक्त मनमोहन शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट करते अनंत ज्ञान समाचार पत्र के जीएम विशाल धीमान व ब्यूरो प्रभारी तेजपाल नेगी।



कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे डीएसपी अनिल धौल्टा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।


दैनिक अनंत ज्ञान के विमोचन एवं सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथियों के बीच चाय की चुस्की का आनंद लेते मुख्यातिथि मनमोहन शर्मा।



सोलन नगर निगम की मेयर उषा शर्मा भी कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुईं।



पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुल राकेश पंत भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।


कार्यक्रम में अलग-अलग स्थानों पर बैठे गणमान्य लोगों ने अनंत ज्ञान का अवलोकन किया।


समाचार पत्र का अवलोकन करते अन्य गणमान्य नागरिक।


विमोचन के बाद समाचार पत्र अनंत ज्ञान का अवलोकन करते सोलन के डीसी मनमोहन शर्मा व वरिष्ठ भाजपा नेता तरसेम भारती।


अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य जन।


दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते गणमान्य व्यक्ति।


उद्योग विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओपी शर्मा को भी कार्यक्रम में पहुंचने पर सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम में अलग-अलग स्थानों पर बैठे गणमान्य लोगों ने अनंत ज्ञान का अवलोकन किया।


कार्यक्रम में पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने भी अनंत ज्ञान चाव से पढ़ा।


गणमान्य लोग काफी देर तक अनंत ज्ञान का अवलोकन करते रहे।


सेवा निवृत्ति के बाद पढ़ाई करने का मन बनाते हुए अब डबल एमए कर रहे संतकुमार चौधरी को भी सम्मानित किया गया।


खादी बोर्ड सोलन के सेवा निवृत्त अधिकारी जसवीर सिंह को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

## हर जगह अनंत ज्ञान



धर्मशाला में गौरव अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



नगरोटा बगवां के शिवम अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### सीयू धर्मशाला में प्रतियोगिता आज से

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में नौ जनवरी को 'विकसित भारत 2047' के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर-एक के सेमिनार हाल में सुबह 10:30 से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल होंगे। वहीं, समापन समारोह में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील ठाकुर प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। जिला स्तरीय आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान विजेता रहे प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें पहला पुरस्कार हासिल करने वाले को एक लाख रुपए, दूसरा पुरस्कार हासिल करने वाले को 50 हजार, तृतीय पुरस्कार हासिल करने वाले को 25 हजार और चौथा पुरस्कार हासिल करने वाले को भी 25 हजार रुपए इनाम में मिलेंगे।

### घर-घर जाकर लोगों को दिया निमंत्रण



**शाहपुरकंडी।** 22 जनवरी को भगवान श्री रामजी की अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के चलते वहां से निमंत्रण के रूप में पहुंचे 'पूजित अक्षत कलश' एवं निमंत्रण पत्र देने का सिलसिला जुगियाल खंड के पालक ठाकुर, कर्णदीप सिंह की देखरेख में लगातार जारी है। इसके चलते आज रानी तालाब, कृष्ण एनक्लेव, फंगोता कॉलोनी एवं जुगियाल के साथ लगते गांव त्रहेटी में राम भक्तों की ओर से घर-घर जाकर लोगों को 22 जनवरी का निमंत्रण दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जुगियाल खंड के पालक ठाकुर कर्णदीप सिंह ने बताया कि 22 जनवरी को श्री अयोध्या जी में भगवान राम जी की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार से रणजीत सागर बांध परियोजना की सरकारी कॉलोनी में घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण पत्र देने का कार्य शुरू किया गया है।

### 40 बंदरों को पिंजरे में किया कैद



पिंजरे में काबू किए हुए बंदर।

**शाहपुरकंडी।** शाहपुरकंडी एवं आसपास के गांवों में बढ़ रहे बंदरों के आतंक से राहत दिलाते हुए हिमाचल से विशेष तौर पर आई टीम ने आज करीब 40 बंदरों को विशेष तौर पर बनाए गए पिंजरे में काबू किया गया। इस संबंध में गांव के स्थानीय निवासियों ने बताया कि अब तक यह बंदर कई लोगों को अपना निशाना बना चुके हैं। उन्होंने बताया कि शाहपुरकंडी सहित आसपास के गांव में बंदरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि लोग अपने घरों से बाहर आने जाने से भी डरते हैं। इस संबंध में गांव की सरपंच कमलेश कुमारी एवं समाज सेवक सोहन लाल ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कैबिनेट मंत्री लालचंद एवं वाइल्डलाइफ विभाग से भी बंदरों के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की थी। इसके चलते आज करीब 40 बंदरों को काबू किया गया है।

### नरवाना के लोगों ने जानी बैंकिंग प्रणाली

**कांगड़ा।** केंद्रीय सहकारी बैंक लि शाखा टंग नरवाणा द्वारा नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन ग्राम पंचायत नरवाना में किया गया। इस अवसर पर बैंक के प्रबंधक रविंद्र धीमान ने सरकार और नाबार्ड की सभी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना के द्वारा ग्रामीण योजना क्षेत्रों में सभी लोग अपने तथा अपने परिवार के जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं। एटीएम और नेट बैंकिंग सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर नरवाना पंचायत की प्रधान सरिता देवी भी उपस्थित थीं।

### मिनर्वा कॉलेज इंदौरा में छात्रों को दिए टिप्स

**इंदौरा।** मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉक्टर चमन लाल बंगा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने व्याख्यान में बीएड के विद्यार्थियों को ज्ञान कौशल और सकारात्मक सोच व दृष्टिकोण रखने की सलाह दी, ताकि अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। व्याख्यान के दौरान उन्होंने बीएड के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की कुछ जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भारत सरकार द्वारा कुछ एक शोध कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अपनी संस्कृति की समृद्धि को सुदृढ्ढ बनाए रखने के लिए हमें भरसक प्रयास करने चाहिए। व्याख्यान के दौरान छात्र-छात्राओं ने काफी उत्साह दिखवाया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ प्रशांत कुमार द्वारा उनको स्मृति सिन्हा देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत सभी बी.एड के विद्यार्थी और अध्यापक वर्ग इस व्याख्या इस व्याख्यान में वहां उपस्थित रहे

छह उपाध्यक्ष एवं छह सचिव नियुक्त, शाहपुर के राजेश चौधरी और धर्मशाला के सतीश जोश को महासचिव बनाया

# भाजपा किसान मोर्चा ने पदाधिकारी और मंडल अध्यक्षों की तैनाती की

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिनय भाटिया ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्वसे विचार विमर्श के बाद जिला कांगड़ा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है।

छह उपाध्यक्ष किशोरी लाल शाहपुर, नरेंद्र ठाकुर शाहपुर, पुरुषोत्तम चौधरी नगरोटा बगवां, शिवकुमार धर्मशाला, पुष्कर नाग कांगड़ा और अश्वनी मारकर धर्मशाला नियुक्त किए हैं। दो महासचिव राजेश कुमार चौधरी शाहपुर और सतीश जोश धर्मशाला नियुक्त किए हैं। छह सचिव जोगिंद्र कटोच शाहपुर, केवल कृष्ण नगरोटा, रवि नगरोटा रशपाल कपूर धर्मशाला, योगेश धीमान शाहपुर और सुनील (बूटी) धर्मशाला नियुक्त किए हैं। श्याम शर्मा शाहपुर को कोषाध्यक्ष बनाया है। कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी राजेश राणा धर्मशाला और मीडिया प्रभारी ओंकार ताड़ा तथा रणजीत सिंह कांगड़ा और राजेश कुमार बंटू नगरोटा को दी है।

कर्ण सयाल नगरोटा को प्रवक्ता तथा सह प्रवक्ता तिलक राज कांगड़ा को बनाया है। आईटी प्रभारी सन्नी हरीश धर्मशाला तथा सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य चौधरी शाहपुर एवं सह सोशल मीडिया प्रभारी सुमित सिंह कांगड़ा को बनाया है। इसके अलावा चार मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद नगरोटा, सुजीत कुमार शाहपुर, सिंपल मुल्तर धर्मशाला और संजीव सैनी कांगड़ा को बनाया है। इसके अलावा छबीस व्यक्तियों को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया है जिनमें, नगरोटा बगवां के डॉ. राज कुमार, धूमल कुमार, संजीव कुमार हिमेंदर पाल, सत्यपाल, कपिल कुमार, माया दास शशि कांत, मनोज और सुरेंद्र भरमौरिया शामिल हैं। वहीं, शाहपुर के आलोक पटाकू, बज्र सिंह, इंद्र सिंह, केवल सिंह, गगन, ओम राज और सुरजीत को शामिल किया है।



अभिनय भाटिया, जिलाध्यक्ष।



राजेश कुमार, सह मीडिया प्रभारी।



पुरुषोत्तम चौधरी, उपाध्यक्ष नगरोटा।



सतीश जोश, महासचिव धर्मशाला।



केवल कृष्ण, सचिव।



सुरजीत चंद, मंडल अध्यक्ष शाहपुर।



सिंपल भुल्लर, मंडल अध्यक्ष धर्मशाला।



संजीव, मंडल अध्यक्ष कांगड़ा।

### जगपाल-कश्मीरी को भी कार्यकारिणी में किया शामिल

**धर्मशाला** से विनोद कुमार, सुरेश कुमार, चत्तर सिंह स्वयप चंद, मोहिंद्र भुल्लर और संजीव (मुन्ना ) को शामिल किया है। इसके अलावा कांगड़ा से जगपाल और कश्मीरी सैनी को भी कार्यकारिणी में शामिल किया है।

### सेराथाना की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**नगरोटा।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में खेले जा रहे क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के पहले दौर के सोहलवें दिन का मुकाबला नगरोटा बगवां और धर्मशाला के बीच हुआ। धर्मशाला टीम ने टॉस जीतकर पहले नगरोटा बगवां बल्लेबाजी करने को आमंत्रित किया व बारह ओवर में 104 रन का लक्ष्य पाया। धर्मशाला टीम की पारी 20 रन लक्ष्य से पीछे रह गई। इस तरह नगरोटा बगवां की टीम ने जीत अपने नाम दर्ज कर ली। दूसरा मुकाबला सेराथाना व तंगरोटी के बीच खेला गया। इसमें सेराथाना ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की व तंगरोटी को 134 रन का लक्ष्य दिया। तंगरोटी टीम लक्ष्य से 15 रन पीछे रह गई व सेराथाना टीम विजेता हुई। यह जानकारी मैच टूर्नामेंट संयोजक रिशू कोहली,रजत, विशाल, सुशांत, मुन्नू, ब साथियों ने सांझा की। उन्होंने बताया कि युवाओं को खेलों से जोड़कर बढ़ते समाजिक अपराधों नशों को रोकना है।

# प्रबंधक निदेशक को हटाने पर अड़े बिजली बोर्ड कर्मी

## विद्युत बोर्ड कर्मचारियों का संघर्ष काम आया, सरकार ने जारी किए वेतन व पेंशन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड में बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों, पेंशनरों द्वारा ज्वाइंट फ्रंट के आह्वान पर भोजनावकाश के समय शुरू किया गया धरना-प्रदर्शन विद्युत मंडल नगरोटा बगवां के प्रांगण में पांचवें दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर विद्युत बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कुलदीप खरवाड़ा ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत कर्मचारियों का वेतन व पेंशन एक दिन पहले जारी कर दिया गया है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विद्युत बोर्ड के कार्यवाहक प्रबंधक निदेशक हरिकेश मीणा को तुरंत हटाने और पुरानी पेंशन बहाल करने का आग्रह किया। खरवाड़ा ने कहा कि वर्तमान कार्यवाहक प्रबंध निदेशक के कार्यकाल में विद्युत बोर्ड लिमिटेड आर्थिक तौर पर बदहाली की दिशा में आगे बढ़ा है। इसी बजह से इस महीने कर्मचारियों का वेतन व पेंशन सही समय पर अदा नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि गत वर्ष जो कर्मचारी विद्युत बोर्ड लिमिटेड से सेवानिवृत्त हुए उनके ग्रेच्युटी, लीव-इन-कैशमेंट, संशोधित वेतनमानों की वकाया राशि व मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हो पाया है। आलम यह है कि पिछले आठ महीनों से स्टाफ व पेंशनरों की अदायगियों के लिए कोई ड्राइंग लिमिट जारी नहीं हो पाई और लगभग 200 करोड़ की ड्राइंग लिमिट लंबित पड़ी हैं। खरवाड़ा ने कहा कि बोर्ड प्रबंधन की गलत नीतियों के चलते विद्युत बोर्ड लिमिटेड से जुड़े 50 हजार कर्मचारियों व पेंशनरों के परिवारों का भविष्य अंधकारमय होता नजर आ रहा है।



नगरोटा बगवां में प्रदर्शन करते बिजली बोर्ड के कर्मचारी।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से एक जिम्मेदार प्रबंधक वर्ग नियुक्त करने व जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। खरवाड़ा ने कहा कि जब तक बोर्ड के प्रबंधक निदेशक को नहीं हटाया जाता और पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती तब तक प्रदेश स्तर पर यह संयुक्त आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर विद्युत बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार, नगरोटा बगवां इकाई के अध्यक्ष विक्की, सलाहकार हरभजन सिंह व हंसराज, सचिव कपिल देव, विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम के अध्यक्ष आरके धीमान, सचिव विधि चंद कौशल ने भी उपस्थित कर्मचारियों व पेंशनरों को संबोंधित करते हुए प्रदेश सरकार से अतिशीघ्र प्रबंध निदेशक को हटाने व पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। कपिल देव सचिव विद्युत बोर्ड इंप्लाइज यूनियन ने यह जानकारी दी।

### जारी रहेगा प्रदर्शन

**उन्होंने** कहा कि ने कहा कि जब तक बोर्ड के प्रबंध निदेशक को नहीं हटाया जाता और पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती तब तक प्रदेश स्तर पर यह संयुक्त आंदोलन जारी रहेगा।

### प्रदर्शन करते बिजली बोर्ड के कर्मी



बैजनाथ।



नूरपुर।



इंदौरा।

# देहरियां स्कूल में चारदीवारी व भवन पर खर्च होंगे एक करोड़

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

राजकीय उच्च विद्यालय देहरियां में एक करोड़ की लागत से पांच कमरों का भवन, चारदीवारी व मंच निर्माण किया जाएगा। यह घोषणा विधायक संजय रतन ने देहरियां उच्च विद्यालय में वार्षिक समारोह के दौरान की।

उन्होंने बताया कि प्रदेश मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए अनेकों कदम उठाए जा रहे हैं। बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा हो इसके लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र एक ऐसा विधानसभा क्षेत्र है। इसमें हर क्षेत्र से संबंधित शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। इससे पहले देहरियां उच्च विद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विधायक ज्वालामुखी संजय रतन ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों में सबसे पहले सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के बाद सैनिक वीर गाथा, योगासन की प्रस्तुति, झमाकड़ा, पंजाबी गिद्दा, राजस्थानी गीत, हरियाणवी गीत, कश्मीरी गीत, असम का बिहू नृत्य तथा अंत में संस्कृत नाटी बिंद्राबनो गीत प्रस्तुत की। वहीं, विधायक संजय रतन ने प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया।



देहरियां स्कूल में पहुंचने पर विधायक संजय रतन को सम्मानित करने का दौर।

# मतलाहड़ स्कूल में चंबियाली डांस

## कार्यक्रम के दौरान मंत्री चंद्र कुमार ने स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जवाली**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मतलाहड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने की, जबकि कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह की शरुआत दीपिका, पलक व दिव्यांशी ग्रुप ने बंदेमातरम् से की।

कनिका, प्रगति, शितलव मुस्कान की सरस्वती बंदना के साथ मुख्यातिथि चंद्र कुमार व प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम के दौरान आकृति व समरिता ग्रुप ने चंबियाली डांस से चंबा की संस्कृति की झलक दिखा दी। जबकि रखी एवं सलोनी ग्रुप ने डांडिया नृत्य से गुजरातकी झलक दिखा दी। शिव व रूद्र ने शिव तांडव कर अपने नाम को सार्थक कर दिया। शुभकर्ण व कार्तिक ग्रुप ने योगा में अपना करतब दिखा कर सबको स्वास्थ्य के टिप्स समझाए। जबकि कोमल व अरुशीने सोशल मेडिआपर स्किट प्रस्तुत कर इसके गन व दोष उजागर किए व सोशल मीडिया का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है समझाया। आरुषि ने माए नी मेरिये पर सोलो डांस कर खूब तालियां बटोरी। वहीं, प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने स्कूल की वार्षिक पढ़कर सुनाई। बाद में मुख्यातिथि चंद्र कुमार ने स्कूल के मेधावी बच्चों को पुरस्कार बांट कर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान डांस करती छात्राएं।

# रेहन में जांचा लोगों का स्वास्थ्य, दवाइयां भी बांटी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

रंधावा मल्टीस्पेशयलिटी अस्पताल पठानकोट की ओर से चामुंडा एजुकेशन एवं वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से चामुंडा होटल हिमाचल प्रदेश के रेहन में मैगा मेडिकल चैकअप कैंप का आयोजन चेतन चंबयाल की अध्यक्षता में किया गया।

इस मौके पर रंधावा अस्पताल से माहिर डाक्टरों की टीम की ओर से मरीजों का चैकअप कियागया, जिसमें हर्ट रोग विशेषज्ञ डाक्टर दार, मेडिसिन विशेषज्ञ डाक्टर केजरशाह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर साक्षी, यूरोलॉजी विशेषज्ञ डा. अनुज महाजन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्टर अमित शर्मा की ओर से मरीजों का यहां निशुल्क चैकअप किया। वहीं सेहत को लेकर जरूरी परामर्श देते हुए निशुल्क दवाइयां भी दी गई। रंधावा अस्पताल के प्रबंधक अमित पुंज ने बताया कि मौके पर अस्पताल की ओर से जरूरतमंद मरीजों की निशुल्क ईसीजी तथा ब्लड टेस्ट भी निशुल्क किए गए, जिसका सैकड़ों की संख्या में आसपास के लोगों ने फायदा भी उठाया। अमित पुंज ने सोसायटी के समाज हित प्रयासों की प्रशंसा करते हुए अन्य संस्थाओं को उनका अनुशरण करने की अपील की। इस मौके पर कैंप में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए चेतन चंबयाल को विशेष रूप से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर अनुज महाजन, बिंदू, प्रियंका, अनामिका, पुलकित, डा.जोनी, सतनाम सिंह, विशाल व विशन के अतिरिक्त अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे। बहरहाल, रंधावा मल्टीस्पेशयलिटी अस्पताल पठानकोट की ओर से चामुंडा एजुकेशन एवं वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से चामुंडा होटल हिमाचल प्रदेश के रेहन में मैगा मेडिकल चैकअप कैंप का आयोजन चेतन चंबयाल की अध्यक्षता में किया गया।

**दिक्कत** जवाली में वार्षिकोत्सव में मंत्री की खुशामदीद को पहुंच रहे सरकारी अध्यापक, विभाग मौन

# एनुअल फंक्शन से हो रही स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित

**अनिल छांगू, जवाली**

निचले हिमाचल के स्कूलों में मार्च माह में वार्षिक परीक्षाओं का जोर होता है। इसके चलते पढ़ाई पर जोर होना चाहिए, लेकिन जवाली विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में वार्षिकोत्सव चलने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जवाली विधानसभा क्षेत्र में हर रोज किसी एक स्कूल में वार्षिकोत्सव हो रहा है तथा वहां पर मंत्री की खुशामदीद के लिए आसपास के सरकारी स्कूलों के मुखिया व अध्यापक पहुंच रहे हैं।

सरकारी अध्यापक अपनी बदलियों के डर से मंत्री को खुश करने में लगे हुए हैं। इसके अलावा स्कूलों के फंक्शनों में मंत्री के अलावा उनके साथ आए ठेकेदारों को स्मृति चिन्ह व शॉल-टोपी देकर सम्मानित किया जा रहा है, जिससे सरकारी खजाना लुट रहा है। इस माह वार्षिकोत्सव होने से बच्चों के अभिभावक पढ़ाई को लेकर काफी चिंतित हैं तथा उनका सरकार व शिक्षा विभाग के प्रति रोष दिख रहा है। हर कोई वार्षिकोत्सव को लेकर परेशान है। अभिभावकों सतीश कुमार, संजीव, संजय, प्रदीप, रवि, प्रीतम, हंस राज, हरनेक इत्यादि ने कहा कि जो माह पढ़ाई का होता है उसमें एनुअल फंक्शन होना चिंतनीय है तथा प्रतीत हो रहा है कि सरकर को बच्चों की पढ़ाई का कोई ख्याल नहीं है।

जानबूझ कर बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित किया जा रहा है। अभिभावकों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मांग की है कि स्कूलों के वार्षिकोत्सव दिसंबर माह से पहले होने चाहिएं तथा अभी स्कूलों में होने वाले वार्षिकोत्सव पर रोक लगाई जाए। (अनंत ज्ञान)




एनुअल फंक्शन के लिए मललाहड़ स्कूल के गेट में लगा स्वागत बोर्ड।

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के बोल

**इस** बारे में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि यह मामला मीडिया के माध्यम से ध्यान में आया है। उन्होंने कहा कि इस समय बच्चों की पढ़ाई ही प्राथमिकता है और पढ़ाई पर जोर होना चाहिए न कि वार्षिकोत्सव होने चाहिएं। उन्होंने कहा कि यह सरासर गलत हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिसंबर महीने तक ही स्कूलों में वार्षिकोत्सव मनाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस माह होने वाले वार्षिकोत्सव पर रोक लगाई जाएगी, जिसके बारे में आदेश दिए जाएंगे।



### हिम आईकॉन अपार्ट कार्यक्रम 21 को

**गरली।** हिम जागृति मंच अगामी 21 जनवरी को जिला कांगड़ा स्थित उपमंडल देहरा के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर गरली में हिम आईकॉन अपार्ट का विशाल आयोजन करने जा रहा है। वहीं, इस दौरान जागृति मंच हिमाचल भर की उन 20 नामी हस्तियों को हिम आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित करेगा, जिन्होंने नेक कार्य करके एक नया रुतबा हासिल किया है। जानकारी देते हुए जागृति मंच की चेयरमैन मंजु जसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में देवभूमि के होनहार उभरते हुए चाइल्ड को भी मंच द्वारा अवॉर्ड दिए जाएंगे। मंजु जसवाल ने कहा कि आईकॉन अवॉर्ड 21 जनवरी को केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी बलाहर देहरा में हो रहा है। इसमें मुख्य तौर पर डॉक्टर ज्योतिष्ण जैन के आलावा हिमाचल भर के लोक प्रिय पहाड़ी गायक सुनील राणा, अमूल लाल शर्मा, करनैल राणा, धीरज शर्मा, संजीव दीक्षित, कुमार साहिल, अभिषेक सैनी, राखी गौतम आदि शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 21,750 एमएल अवैध शराब बरामद

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के पुलिस थाना बैजनाथ, गगल, नगरोटा बगवां और लंबागांव के तहत अवैध शराब के मामले सामने आए हैं, जिसमें पुलिस टीम ने जिला भर में छापेमारी कर कुल चार मामलों में करीब 21,750 एमएल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस थाना बैजनाथ के तहत राजकुमार निवासी नौहारा से 5250 एमएल शराब बरामद की गई। पुलिस थाना गगल के तहत अजय कुमार निवासी मैहरना से 4500 एमएल अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत चिपलु राम निवासी मस्सल से 6000 एमएल अवैध शराब बरामद की गई है। इसके अतिरिक्त पुलिस थाना लंबागांव के तहत सुनील कुमार निवासी लॉअर लंबागांव से 6000 एलएल अवैध शराब बरामद की गई है।

### कांगड़ा में नष्ट की 280 पेटी अवैध शराब

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के अंतर्गत आबकारी अधिनियम के तहत पकड़ी गई अवैध शराब की 280 पेटियों को नष्ट किया गया। बताते चलें कि शराब पकड़े जाने के जिन मामलों की कोर्ट में कानूनी प्रक्रिया पूरे हो चुकी थी उनको बनेर नदी के नजदीक जाकर पर्यावरण कानून के तहत नष्ट किया गया। नष्ट की गई शराब में अंग्रेजी व देसी शराब की कुल 280 पेटियां इस दौरान नष्ट की गई। वहीं, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया की इस मौक पर आबकारी विभाग की ओर से निरीक्षक रोहिणी गुप्ता, कांगड़ा थाना प्रभारी संजीव कुमार उपस्थित थे।

### वंशिका कबड्डी अंडर-19 के लिए चयनित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश अंडर-19 कबड्डी टीम में जिला कांगड़ा की वंशिका का चयन हुआ है। वंशिका ने इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और कोच विजय कौशल को दिया है। वंशिका जमा दो कक्षा में पढ़ती हैं और नॉन मेडिकल की छात्रा हैं। वंशिका कबड्डी में ही नहीं पढ़ाई में भी अब्बल हैं। वंशिका ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की अंडर-19 टीम में चयन के बाद सोलन में कैंप में भाग लेंगी और उसके बाद नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

### कवि डॉ. राजीव डोगरा को किया सम्मानित


युवा कवि डॉ. राजीव डोगरा को सम्मानित करने का दौर।

**कांगड़ा।** अपना कांगड़ा के सौजन्य से करवाए गए जश्न-ए-धमाका 2024 कार्यक्रम में युवा कवि डॉ. राजीव डोगरा को आमंत्रित किया गया तथा साथ ही उनके द्वारा साहित्य में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए अपना कांगड़ा की टीम ने उनको सम्मान देकर सम्मानित किया। उनको यह सम्मान संस्था के अध्यक्ष सुमित गुप्ता के कमलों से प्राप्त हुआ। युवा कवि डॉ. राजीव डोगरा ने अपना कांगड़ा के अध्यक्ष सुमित गुप्ता तथा उनकी टीम का तह दिल से धन्यवाद किया। जश्न-ए-धमाका 2024 कार्यक्रम में बच्चों ने डांस, मॉडलिंग, सिंगिंग जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अपना कांगड़ा टीम की तरफ से सम्मानित किया।

### पालमपुर इलेवन वारियर्स ने जीता क्रिकेट मैच

**अनंत ज्ञान।** पालमपुर स्पोर्ट्स कमेटी द्वारा आयोजित पांचवें मीडिया क्रिकेट टी-ट्वेंटी चैलेंजर कप 2024 के अंतर्गत आज शहीद विक्रम बत्रा मैदान में पालमपुर इलेवन वाररियर्स तथा कपूर वाररियर्स और एडवोकेट वाररियर्स तथा प्रेस एक्सप्रेस के मध्य क्रिकेट मैच हुए। इसमें आधारशिला स्कूल देहन्न के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश खेर तथा प्रधानाचार्य संजय खेर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रथम मैच में पालमपुर इलेवन वाररियर्स ने 96 रन से कपूर वाररियर्स टीम को शिकस्त दी। दूसरे मैच में एडवोकेट वाररियर्स ने प्रेस एक्सप्रेस टीम को 46 रन से हराया।

### लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**धर्मशाला।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न माध्यमों से लोगों को मतदान और ईवीएम मशीन के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। धर्मशाला उपमंडल की बात करें तो धर्मशाला उपमंडल के तहत नगर निगम, पंचायत स्तर, बूथ स्तर स्कूल व कॉलेजों स्तर पर लोगों को ईवीम मशीन के इस्तेमाल को लेकर जागरूक किया जा रहा है। उपमंडलाधिकारी धर्मेश रमोत्रा ने बताया कि आगामी लोक सभा चुनावों में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम मशीनों में अपग्रेडेशन हुआ है। इसके विषय में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किए जाने की आवश्यकता है।

### कड़ाके की ठंड में सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशु

**नूरपुर।** विधानसभा नूरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बेसहारा बेजुबान सड़कों पर घूम रहे गोवंश पर चर्चा की मंडल अध्यक्ष ने कहा कि नूरपुर में सड़क के विस्तारीकरण के चलते सड़क के किनारों पर पुराने तथा बड़े-बड़े सभी पेड़ कट चुके हैं। कारण वश सड़कों पर घूम रहे गोवंश को बैठने का भी स्थान नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है तथा पेड़ों के नीचे बैठकर गोवंश रात गुजारते थे मगर पेड़ों के कट जाने से अब सर्दी में ठिठुरने को मजबूर है तथा उनकी हालत इस समय बेहद ही गंभीर है। मंडल अध्यक्ष ने नूरपुर एसडीएम से रिक्वेस्ट करते हुए कहा कि नूरपुर के पशुधन को बचाने का प्रयास करें।

### जल्द खुलेंगी उचित मूल्य की 15 दुकानें

**धर्मशाला।** जिला के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से 15 सहकारी डिपो खोले जाएंगे। इनमें देहरा खंड की नौशेरा पंचायत के वार्ड नंबर-चार, गुगाणा पंचायत के वार्ड नंबर-चार, परागपुर विकास खंड के तहत अमरोह पंचायत के गांव अमरोह, ढ़लियारा के वार्ड नंबर-दो, बस्सी पंचायत के वार्ड नंबर-चार तथा अपर भलवाल पंचायत के वार्ड नंबर-तीन में उचित मूल्य की सहकारी दुकान खोली जाएंगी। साथ ही नूरपुर विकास खंड के तहत उपरली रिट के वार्ड नंबर-सात, कोपड़ा पंचायत के वार्ड नंबर-सात, सदवां पंचायत के वार्ड नंबर-सात, उपरली खन्नी के वार्ड नंबर-पांच, विकास खंड नगरोटा बगवां की चाहड़ी पंचायत के वार्ड नंबर-पांच, फतेहपुर विकास खंड की डूहक पंचायत के वार्ड नंबर-पांच, पालमपुर विकास खंड के तहत नगर निगम के वार्ड नंबर-तीन, रैत विकास खंड की नगर पंचायत के शाहपुर के वार्ड नंबर-सात तथा कांगड़ा विकास खंड की रजियाणा पंचायत के वार्ड नंबर-एक में उचित मूल्य की सहकारी दुकान खोली जाएगी।

## राजकीय उच्च विद्यालय लोअर खैरा के वार्षिक उत्सव में बोले मंत्री यादविंद्र गोमा, लोगों को मिलेगी सुविधा

# बुहला खैरा-परागे दा गलू सड़क पर खर्च होंगे 16 करोड़

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर हलके का संपूर्ण विकास और यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध हैं। गोमा सोमवार को जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के बाहे दा पट्ट में नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम तथा राजकीय उच्च विद्यालय लोअर खैरा के वार्षिक उत्सव में बोले रहे थे।

उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा में विकास को योजनात्मक रूप में आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है, ताकि हर क्षेत्र को विकास से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि जनहित के सभी कार्य पूर्ण करेंगे और लोगों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खैरा क्षेत्र की मुख्य सड़क जो इस क्षेत्र को सुजानपर-हमीरपुर से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि बुहला खैरा से परागे-दा-गलू तक सड़क का विस्तार और सुधार के लिए नाबार्ड के अंतर्गत 16 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार कर सरकार को स्वीकृति के प्रेषित की गई है। उन्होंने कहा कि 16 किलोमीटर लंबी इस सड़क के विस्तारीकरण से हजारों लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कुरु केलण सड़क पर मंद खड्ड में भी पुल निर्माण के लिए तीन करोड़ 18 लाख रुपए तथा कुरुकेलण सड़क के निर्माण दो करोड़ 25 लाख खर्च किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के नए भवन के निर्माण पर पांच करोड़ खर्च हो रहे हैं और लगभग इसका कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से नए भवन में कक्षाओं को आरंभ कर दिया जाएगा। वहीं, मंत्री ने राजकीय उच्च विद्यालय लोअर खैरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत किया। विद्यालय की ओर मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 11 हजार का ड्राफ्ट मंत्री यादविंद्र गोमा को सौंपा गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल, प्रधान ग्राम पंचायत बाहे दा पट्ट विनोद कुमार, उपप्रधान राजिंद्र कटोच, रश्मपाल भगांलिया, विभिन्न पंचायतों के प्रधान और उपप्रधान, अधिशाषी अभियंता विजय वर्मा, सरवन ठाकुर, डीएफओ नितिन पाटिल, तहसीलदार सार्थक शर्मा, मुख्याध्यापक बलविंद्र कटोच, सिकंदर कुमार विभिन्न विभागों के अधिकारी, छात्र, अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**16** किलोमीटर लंबी इस सड़क के विस्तारीकरण से हजारों लोग लाभान्वित होंगे।

### सभी गारंटियां होगी पूरी

**मंत्री** ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरा का नया भवन बनाया जाएगा और इसके लिए अगले बजट में धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी और यहां 20 से 25 बिस्तरों के अस्पताल के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल के लिए एंबुलेंस भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बाहे दा पट्ट मैदान में हाई मास्क लाइट देंने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय की मांगों को भी चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि खैरा जोन गांवों में पेयजल के सुधार के लिए भी नई पाइप लाइन बिछाने के साथ साथ टैंकों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार समाज के हर वर्ग को लाभ देने कार्य रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दस गारंटियों में तीन को धरातल पर लाकर लोगों को लाभ दिया जा रहा है और शेष गारंटियों को भी पूर्ण करने के लिए सरकार गंभीर है।



मंत्री बोले- विकास कार्यों में नहीं आने देंगे कोई कमी

## मैक्स बूपा बीमा कंपनी को हर्जाने के साथ मुकदमा खर्च और कंपनसेशन देने के दिए आदेश

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने एक मामले में एससी शर्मा निवासी सिद्धबाड़ी को राहत प्रदान करते हुए मैक्स बूपा बीमा कंपनी पर हर्जाना अदा करने का फैसला सुनाया है। मैक्स बूपा बीमा कंपनी को अब शिकायतकर्ता एससी शर्मा को नौ प्रतिशन बयाज दर के साथ 5,29,308 रुपए सहित 75,000 कंपनसेशन और 20 हजार रुपए मुकदमा खर्च अदा करने होंगे।

शिकायतकर्ता एससी शर्मा गांव एवं पोस्ट ऑफिस सिद्धबाड़ी, तहसील धर्मशाला ने मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ली हुई थी, जिसका प्रीमियम इनके द्वारा लगातार कुछ सालों से दिए जा रहा था। कॉविड-19 के दौरान शिकायतकर्ता को हॉस्पिटलाइज्ड होना पड़ा, जिसका खर्चा लगभग 5,29,308 रुपए आया। इसके बारे में शिकायतकर्ता ने इंश्योरेंस कंपनी को अवगत करवाया। इंश्योरेंस कंपनी ने क्लेम देने से मना कर दिया और क्लेम न देने का कारण बताया कि शिकायतकर्ता की बचपन से ही एक किडनी नहीं है और इसके बारे में प्रपोजल फॉर्म भरते समय इंश्योरेंस कंपनी को जानकारी नहीं दी गई है। उसके बाद शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला में अधिवक्ता प्रदीप डोगरा द्वारा शिकायत दर्ज करवाई। दोनों पक्षों को सुनते हुए जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा सिंगल किडनी होने के नाते क्लेम को रद्द करना, गलत एवं अमानवीय है एवं डिफिशिएंसी इन सर्विसस का हवाला देते हुए पॉलिसी को भी रिवाइव करने के आदेश दिए, जिसे इंश्योरेंस कंपनी द्वारा रद्द कर दिया गया था। उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने यह भी बताया कि राइट ऑफ पर्सन विद डिसेबिलिटी एक्ट 2016 में सिंगल किडनी, फिजिकल डिसेबिलिटी की श्रेणी में नहीं बताया गया है एवं एकल किडनी वाला व्यक्ति भी एक सामान्य मनुष्य की तरह कार्य कर सकता है। ऐसे व्यक्तियों के साथ उनकी विकलांगता के कारण भेदभाव नहीं किया जा सकता है।

उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला द्वारा शिकायतकर्ता को 5,29,308 रुपए नौ प्रतिशन ब्याज के साथ, एवं कंपनसेशन 75,000 रुपए और 20,000 रुपए मुकदमा खर्च मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा देने के आदेश दिए है।

### कंपनी को ये दिए आदेश

**उपभोक्ता** विवाद निवारण आयोग धर्मशाला द्वारा शिकायतकर्ता को 5,29,308 रुपए नौ प्रतिशन ब्याज के साथ, एवं कंपनसेशन 75,000 रुपए और 20,000 रुपए मुकदमा खर्च मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा देने के आदेश दिए है।

## राजीव गांधी स्टार्टअप योजना चरण दो में युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**


कार्यक्रम के दौरान आरएस बाली का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में युवाओं को सशक्त बनाने व स्वच्छ ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के दृष्टिगत सौर ऊर्जा के दोहन के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के चरण-दो को शुरू करने का निर्णय लिया गया। यह योजना 100 किलोवाट से 500 किलोवाट तक क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं (एसपीपी) को स्थापित करने पर केंद्रित है।

यह योजना राज्य के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने में मील पत्थर साबित होगी। यह योजना 21 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं को उद्यमशीलता के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ कौशल विकास को प्रोत्साहित करेगी। सोमवार को कांगड़ा तथा नगरोटा बगवां में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना के तहत प्रतिभागियों को तीन बीघा भूमि पर 100 किलोवाट क्षमता की परियोजना स्थापित करने के लिए 25 वर्षों तक लगभग 20,000 रुपए मासिक आय और क्रमशः पांच और दस बीघा भूमि में स्थापित की जाने वाली 200 किलोवाट और 500 किलोवाट क्षमता की परियोजनाओं के लिए 40,000 रुपए व एक लाख प्रतिमाह मासिक आय प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना के तहत, वित्तपोषण में राज्य सरकार द्वारा 70 प्रतिशत बैंक ऋण उपलब्ध करवाने में सहायता और राज्य सरकार द्वारा 30 प्रतिशत इक्विटी प्रदान की जाएगी। सौर ऊर्जा डेवलपर को केवल दस प्रतिशत जमानत राशि जमा करवानी होगी। यह जमानत राशि 25 वर्षों के उपरांत डेवलपर को वापस कर दी जाएगी। पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने तथा ग्रामीण स्तर पर सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प है इसके साथ ही लोगों की समस्याओं का घर द्वार पर समाधान भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

### गृह निर्माण को मिलेगी डेढ़ लाख की मदद

**पालमपुर।** मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी योजना के तहत गृह निर्माण के लिए डेढ़ लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। सोमवार को मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने ग्राम पंचायत ननाहर में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ करने तथा ग्राम पंचायत ननाहर में 5.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित आदर्श महिला मंडल भवन का उद्घाटन करने के उपरांत कहा कि लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन कर बेटियों को पैतृक संपत्ति में बेटों के समान अधिकार दिलाया जाएगा। इस के लिए भी सरकार ने निर्णय लिया है। मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने कहा कि लोगों की समस्याओं का घर द्वार पर ही निपटारा सुनिश्चित करने के लिए सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आरंभ किया गया है, ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जा सके।

## विधायक आशीष बुटेल ने कंडवाड़ी स्कूल के होनहारों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

राज्य में 2050 उत्कृष्ट पाठशालाएं स्थापित की जाएंगी, ताकि बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। यह बात मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंडबाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। आशीष बुटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है।

विद्यालय स्तर पर जहां स्थापित किए जाने वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल आदर्श बनकर उभरेंगे वहीं उच्च शिक्षा स्तर पर छात्रों को उनके घर-द्वार के समीप गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल कंडवाड़ी में खोला जाएगा। सीपीएस ने कहा कि राज्य में श्रीनिवास रामानुज योजना के तहत जिला कांगडा में दो हजार मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट


कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सम्मानित करते विधायक आशीष बुटेल।

वितरित किए गए हैं और जिसमे पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के 110 मेधावी विद्यार्थियों है। उन्होंने कहा कि गेहर, सपेडू, रजेहड, ननहार सड़क पर 6.50 करोड़ व रामपुर, रजेहड, कपेहन, सरसाबा, सुंगल सड़क पर 9.50 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों को बैठने के लिए 40 हजार डेस्क उपलब्ध करवाये जाएंगे। उन्होंने कंडवाड़ी स्कूल के ग्राउंड के लिए पांच सोलर लाइट लगाने के भी घोषणा की। सीपीएस ने कहा कि पालमपुर में डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से लाइब्रेरी बनाई जा रही है। जो एचआरटीसी की बस पहले कॉलेज के विद्यार्थियों के चलाई गई थी कॉलेज में छुट्टियां होने के साथ बंद हो जाती थी को अब सुचारू ढंग से चलाया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की साथ ही होनहार छात्रों को सम्मानित भी किया।

## एसडीएम पालमपुर नेत्रा मैयती को भागवत गीता एवं तलवार की भेंट

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

विश्व हिंदू परिषद जिला पालमपुर संपूर्ण जिला टोली एसडीएम कार्यालय पालमपुर कार्यालय में आई नई एसडीएम आईएएस नेत्रा मैयती को भगवा पहनाकर भागवत गीता एवं तलवार भेंट करके उनका देवभूमि हिमाचल के पालमपुर आने पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।

साथ में पालमपुर में हो रही सभी अधार्मिक गतिविधियों की जानकारी प्रेषित की एवं उनके पूर्ण सहयोक के लिए आग्रह किया। इसमें पालमपुर जिला अध्यक्ष विजय ठाकुर, उपाध्यक्ष अशोक मन्हास, जिला मंत्री कर्नल नीरज राणा, दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका तनुजा भारद्वाज, संपर्क प्रमुख मुनीश संगराय, प्रखंड संयोजक अर्षित शर्मा, पूर्व जिला मंत्री पालमपुर विश्व हिंदू परिषद रहे पवन सुत, बजरंगदल प्रांत बलोउपासना प्रमुख रोहित चौहान, महिंद्र सिंह कपूर मंडल किसान मोर्चा, संजय वालिया मंडल कार्यकर्ता एवं विश्व हिंदू परिषद हिमाचल प्रांत सह प्रचार (मीडिया) प्रसार सह प्रमुख मंथन शर्मा उपस्थित रहे। विश्व हिंदू परिषद हिमाचल प्रांत सह प्रचार (मीडिया) प्रसार प्रमुख मंथन शर्मा ने एसडीएम नेत्रा मेयती पालमपुर को समस्त विहिप संगठन गतिविधियों की जानकारी दी। इसके साथ ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अक्षत कलश पथ यात्रा कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी दी। एक से 15 जनवरी तक सभी सामाजिक संगठनों, संस्थाओं, महिला समूह, युवा समूह, मठ-मंदिर के सभी कार्यकर्ता हर घर में जाएंगे। वहीं, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र भगवान श्रीराम का चित्र एवं अयोध्या से पूजित अक्षत प्रसाद के रूप मे देंगे तथा हर गांव हर घर में जाकर निमंत्रण देंगे। 22 जनवरी के दिन गांवों के मंदिरों में पूजा, आरती, भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा और श्रीराम-श्रीराम जय-जय राम का 108 बार सामूहिक पाठ होगा। भुवनेश्वर महादेव मंदिर में 22 जनवरी को लाइव प्रसारण श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रहेगा।

## अब करेरी पंचायत में शराब बेची तो देना होगा दस हजार जुर्माना

**रामेश ठाकुर, शाहपुर**

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर की ग्राम पंचायत करेरी और यूथ क्लब करेरी की एक संयुक्त बैठक पंचायत की प्रधान सुषमा देवी की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर ग्राम पंचायत के अन्य पांच और सदस्य मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि करेरी पंचायत में कोई भी व्यक्ति शराब नहीं बेचेगा और न ही शराब पीएगा।

अगर कोई भी व्यक्ति शराब पीता और बेचता हुआ पाया गया तो उसे जुर्माना देना पड़ेगा। पंचायत में प्रस्ताव पास किया कि जो व्यक्ति शराब बेचता हुआ पाया गया तो उसे 10 हजार रुपए और जो व्यक्ति शराब पीता हुआ पाया गया तो उसे 5000 जुर्माना देना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त कोई व्यक्ति गाली गलौज करता हुआ पकड़ा गया तो उसे भी 5000 जुर्माना देना पड़ेग। पंचायत में उक्त लिया गया निर्णय सभी के लिए मान्य होगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान सुषमा देवी ने बताया कि गांव में पिछले कई समय से कुछ लोग सरेआम शराब बेच रहे हैं, जिसके कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है।

इसके साथ ही युवा पीढ़ी पर भी इसका गलत असर पड़ रहा है। इन्हीं सभी बातों को ध्यान में रखते हुए पंचायत में यह निर्णय लिया है। ग्राम सभा में इसके लिए प्रस्ताव भी पारित किया गया है। खास बात यह है कि यह निर्णय युवा क्लब करेरी के सहयोग और समर्थन से लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

**आस्था** | रिसाव से जूझ रही झील पर अब नया संकट, लोगों की धार्मिक भावनाओं को पहुंची ठेस

# आस्था की झील डल में पहुंची सीवरेज की गंदगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

क्षेत्र की आस्था की प्रतीक प्राचीन डल झील, पहले रिसाव तो अब सीवरेज के पानी की समस्या से जूझ रही है। रविवार को सीवरेज का पानी इस पवित्र झील में आ गया।

जानकारी के अनुसार रिसाव के कारण ये झील पिछले डेढ़ दशक से अपने आस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है तथा हाल ही में राजस्थानी मिट्टी के जुगाड़ से रिसाव फिलहाल रूका हुआ है। जब तक इसका स्थायी हल नहीं हो पाता तब तक झील के आस्तित्व पर खतरा बना रहेगा। आलम ये कि पानी के सूख जाने के कारण अब यहां सैलानी भी कमतर ही रुक रहे हैं। विभाग इसको लेकर पांच करोड़ रुपए की डीपीआर भेज कर फंड का इंतजार कर रहा है। उधर, रविवार को झील में सीवरेज का पानी पहुंच गया। हालांकि अब इसके प्रवाह में कमी आया है।

यहां बताते चलें कि रिसाव के कारण पिछले डेढ़ दशक से झील में रिसाव जारी है तो वहीं इसके स्थायी हल के लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।


आस्था की प्रतीक प्राचीन डल झील में मनमोहक दृश्य (दाएं) वहीं, डल झील पहुंची सीवरेज की गंदगी।

### अभी तक किसी ने बचाव को लेकर हल नहीं निकाला

**मैक्लोडगंज** टैक्सी यूनियन के प्रधान अशोक शर्मा ने बताया कि प्राचीन काल से हमारे बुर्जुगों के समय से यहां पवित्र मणिमहेश के जन्माष्टमी तथा राधाष्टमी के अवसर पर श्रद्धालु स्नान करते हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय से ये परंपरा चलती आई है, लेकिन अब झील के रिसाव के कारण यह उत्सव ही खतरे में आ गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने इसको लेकर कई बार आवाज भी उठाई, लेकिन किसी भी सरकार ने अब तक इस झील को बचाने तथा इसके रिसाव के स्थायी हल के लिए कोई योजना नहीं बनाई। उन्होंने बताया कि लगातार उपेक्षा के कारण झील में अब सीवरेज का पानी पहुंचने से इससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंची है।

### सेदूं गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**पालमपुर।** सुलह विधानसभा के सेदूं गांव में सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में करीब पंद्रह टीमें भाग ले रही है। यह प्रतियोगिता यूथ क्लब सेदूं की ओर से करवाई जा रही है। परमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज खिलाड़ी अपने जीवन में कई ऊंचाइयों को छू रहे है। इससे की आज युवाओं की जीवन में खेलों का बहुत महत्व बढ़ गया है। गांवों में होने वाली ऐसी छोटी प्रतियोगिताएं से कई खिलाड़ी बाहर निकल रहे है। जिससे आज हिमाचल के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने जौहर दिखा रहे है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह नशे की ओर जाने के बजाए खेलों की ओर जाएं, ताकि उनका भविष्य सफल बन सकें।

## चिट्टा तस्करों पर शिकंजा कसने वाली पुलिस टीम को 'अनंत ज्ञान' ने किया सम्मानित

**सोलन।** सोलन जिला पुलिस की विशेष टीम के सभी सदस्यों को शिमला-सोलन संस्करण के विमोचन एवं सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। टीम का नेतृत्व एसआई ज्ञान चंद करते हैं। इस टीम ने देश के कोने कोने से चिट्टे के उन तस्करों को दबोच कर सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया है, जो हिमाचल के युवाओं को नशे के जाल में फंसा कर उनका जीवन बर्बाद कर रहे हैं।




# नौणी पंचायत से 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आरंभ

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शांडिल ने कार्यक्रम की शुरुआत पर सुनीं लोगों की समस्याएं, कई घोषणाएं कीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि जन-जन की समस्याओं का उनके घर-द्वार के समीप समाधान और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को देने के उद्देश्य से आज से 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आरंभ किया गया है।


डॉ. शांडिल सरकार आपके द्वार कार्यक्रम' के तहत लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की नौणी और शमरोड़ पंचायत में 'सरकार आपके द्वार कार्यक्रम' के तहत लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने लोक निर्माण, जल शक्ति, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण विभाग, बिजली बोर्ड, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को इनके उचित निपटारे के निर्देश दिए। डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व ग्राम पंचायत नौणी में आठ लाख रुपए की लागत से निर्मित ग्रामसभा भवन का लोकार्पण भी किया। स्वास्थ्य मंत्री ने नौणी पंचायत के अनुसूचित जाति बहुल गांव रंगाह में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए पांच लाख रुपए तथा पंचायत परिसर नौणी के निर्माण के लिए पांच लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने ग्राम पंचायत शमरोड़ में सामुदायिक केंद्र भवन के निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में तीन लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने स्थानीय मेला मैदान की मरम्मत के लिए 1.50 लाख रुपए तथा महिला मंडल धर्जा को फर्नीचर इत्यादि की खरीद के लिए 25 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर कहा कि लोगों से ही समाज का निर्माण होता है और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा विकास की प्रक्रिया में तेजी लाने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जहां एक ओर आम आदमी की समस्याएं समय पर सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं यह भी सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि नवीन योजनाओं के लाभ समय पर लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिला एवं उपमंडल स्तर पर कार्यरत सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने विभाग से कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लक्षित वर्गों तक पहुंचाएं।

श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा कि प्रदेश और सोलन जिला में पर्यटन क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि हमें पर्यटन क्षेत्र को स्थानीय परंपराओं और संस्कृति से जोड़कर बेरोजगार शिक्षित युवाओं को इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करना होगा। राज्य सरकार यह प्रयास कर रही है कि प्रदेश के अनछुए पर्यटक स्थलों पर अधोसंरचना में सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न स्थानों पर स्थानीय निवासियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए हेलीपोर्ट विकसित कर रही है, वहीं गांव स्तर तक सड़क नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने नौणी पंचायत में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत बेटियों को सम्मानित किया तथा गोद भराई व अन्नप्राशन संस्कार पूर्ण करवाया। नौणी पंचायत के प्रधान मदन हिमाचली ने नौणी में मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्हें क्षेत्र की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। उपप्रधान हरदेव सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

खंड कांग्रेस समिति सोलन के महासचिव देवेंद्र ठाकुर ने शमरोड़ में मुख्यातिथि का स्वागत किया और क्षेत्र की मांगों से उन्हें अवगत करवाया। शमरोड़ पंचायत के उपप्रधान जगमोहन ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर खंड कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, शमरोड़ पंचायत के प्रधान नंदराम बंसल, ओच्छघाट पंचायत की प्रधान पूनम, सन्होल पंचायत की प्रधान कुसुम ठाकुर, बीडीसी सदस्य कली राम, महिला मंडल शमरोड की प्रधान रक्षा मेहता, विभिन्न स्थानीय पंचायतों की प्रतिनिधि, उपमंडलाधिकारी अधिकारी सोलन कविता ठाकुर, जिला पंचायत अधिकारी जोगिन्द्र राणा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन, तहसीलदार सोलन मुल्तान सिंह बनियाल, जिला श्रम अधिकारी पृथ्वी वर्मा, खंड विकास अधिकारी सोलन रजनी गौतम, सीडीपीओ सोलन अनिता गौतम, डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मनीष एवं डॉ. चमन सहित लोक निर्माण, जल शक्ति विभाग एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### ओरोबिंदो स्कूल में काउंसलिंग का आयोजन


ओरोबिंदो पब्लिक स्कूल में सेमिनार के छात्रों को जागरूक किया गया।

**नालागढ़।** श्री ओरोबिंदो पब्लिक स्कूल बद्दी में सोमवार को कुआं टीका एजुकेशन सर्विस की ओर से एजुकेशन फेयर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीईओ कुआं टीका के फाउंडर धीरज शर्मा ने परिचयात्मक सत्र से की। इंटरेक्टिव सत्र में 11वीं व 12वीं के छात्र व अभिभावकों ने हिस्सा लिया। काउंसलिंग के जरिए छात्रों को विभिन्न कोर्सों से अवगत करवाया गया, जिससे छात्रों को 12वीं कक्षा के बाद विषय एवं स्ट्रीम चयन करने में आसानी हो सके। एजुकेशन फेयर में चितकारा यूनिवर्सिटी, यूपीआईएस देहरादून, पर्ल अकादमी, शारदा यूनिवर्सिटी समेत कई यूनिवर्सिटियों ने हिस्सा लिया। स्कूल प्रिंसिपल अनिला नायर ने कहा कि स्कूल समय-समय पर काउंसलिंग करवाता रहता है, ताकि छात्रों को आसानी हो सके।

### एरियर पर लगी रोक को हटाने का मांग


महासंघ इकाई अर्की अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

**अर्की।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ इकाई अर्की की मासिक बैठक अर्की इकाई देवीरूप शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महासचिव केसी शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। जिला प्रधान बाबू राम कौंडल व महासंघ अर्की इकाई के महामंत्री आरआर वर्मा ने रिवाइज्ड लीव इनकैशमेंट एवं अन्य एरियर पर लगी रोक को जल्द हटाने की मांग व साथ ही डीए की तीन किस्तें जोकि 12 फीसदी बनती हैं, उन्हें भी 26 जनवरी से पहले जारी करने एवम जो मेडिकल के बिल पेंडिंग हैं उनका जल्द भुगतान किया करने की मांग की। ताकि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस मौके पर अर्की इकाई के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर भारी संख्या में राज्य पेंशनर्स संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### अर्की में अयोध्या से आए पवित्र अक्षत वितरित


अर्की में अयोध्या से आए पवित्र अक्षत का वितरण करते साधक।

**अर्की।** उपमंडल अर्की में अयोध्या से आए पवित्र अक्षत का वितरण हो रहा है। इसमे बच्चे, बूढ़े और नौजवान सभी बड़ी तन्मयता से इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इसी कड़ी में देवरा पंचायत में भी रामभक्त युवक मोनू शर्मा व संजीव शर्मा लगातार इस राम कार्य मे लगे हुए हैं तथा वह पंचायत के हर घर मे पवित्र अक्षत व निमंत्रण पत्र पहुंचा चुके हैं तथा अनवरत अभी भी बचे हुए घरों में पवित्र अक्षत व निमंत्रण पत्र पहुंचाने में लगे हुए हैं।

## छात्रा पाठशाला में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह


छात्राओं को सम्मानित करते हुए विधायक केएल ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

नालागढ़ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्रा) में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में नालागढ़ के विधायक केएल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और होनहार व मेधावी छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

समारोह में स्कूली छात्राओं की ओर से रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान ने स्कूल की चारदीवारी व टाइल वर्क के लिए 5 लाख रुपए की डिमांड की जिस पर विधायक ने तुरंत सहमति जताते हुए विधायक निधि से राशि मुहैया करवाने को कहा। स्कूल प्रिंसिपल विपन कुमार शर्मा ने कहा कि स्कूल में छात्राओं को बेहतर शिक्षा मुहैया करवाई जा रही है। इस मौके पर एसएमसी प्रधान मनोज कुमार, पार्षद रीना, शालिनी शर्मा, विनोद कुमार, बसंत शर्मा, महेश गौत्तम, नॉमिनेटेड पार्षद कृष्ण संगर, ओंकार गुप्ता, बलजीत कौशिक, रविंद्र संख्यान सुरिंदर सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## दून विस क्षेत्र में एक वर्ष में 100 करोड़ के कार्य शुरू

### विधायक राम कुमार ने भटोली कलां पंचायत में जनसमस्याएं सुनने के दौरान दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

जिला सोलन के सीपीएस व दून विधानसभा के विधायक राम कुमार चौधरी ने भटोलीकलां पंचायत की हरिजन बस्ती में जनसमस्याएं सुनीं।

उन्होंने हरिजन बस्ती के लिए ट्यूबवेल लगाने, पेयजल के लिए टैंक निर्माण, हरिजन बस्ती के लिए पानी निकासी, सीएसआर के माध्यम से 10 स्ट्रीट लाइटें लगाने, हरिजन बस्ती के लिए सिलाई सेंटर खोलने और पंचायत के अन्य विकासात्मक कार्यों के लिए लगभग 40 लाख रुपए की घोषणा की।


दून विधायक राम कुमार चौधरी लोगों को संबोधित करते हुए।

चौधरी ने कहा कि प्रदेश बिजली बोर्ड बद्दी उपमंडल की बिजली सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लगभग 58.50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। राम कुमार ने इस अवसर पर कहा कि सरकार ने छात्रों को उच्च स्तर की शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र में भी राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने के लिए भूमि का चयन किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर करने के लिए राज्य सरकार ने 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना आरंभ की है। इस योजना के तहत युवाओं को ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपए की विकासात्मक कार्य शुरू करवा दिए गए हैं।

इस अवसर पर भटोली कलां पंचायत के उपप्रधान मुख्तार मोहम्मद, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी अच्छर पाल कौशल, समाज सेवी कमल ज्ञानी, तहसीलदार बद्दी राजेश जरयाल, जल शक्ति विभाग बद्दी के अधिशाषी अभियंता राहुल अबरोल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेणुका बांध प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

**रेणुकाजी।** रेणुका बांध जनसंघर्ष समिति के बैनर तले रेणुका बांध क्षेत्र में डूबने वाले विस्थापितों ने बांध प्रबंधन की तानाशाह नीतियों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। समिति के संयोजक योगेंद्र कपिला ने बताया कि 29 सितंबर को विस्थापितों के साथ सिंयु में निदेशक सिविल क्षेत्र के विधायक विनय कुमार के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें विस्थापितों की सभी समस्याओं का एक माह में निपटारा करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन चार माह बाद भी उनकी मांगें जस की तश हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि स्वयं तीन बार मिलने आए, लेकिन वह उन्हें नहीं मिले। इसके चलते उन्हें मजबूरन धरना-प्रदर्शन करना पड़ा। विस्थापितों ने प्रबंधन को एक माह का समय दिया यदि फिर भी उनकी मांगें पूरी न हुईं तो वे आंदोलन तेज करेंगे। इस अवसर पर प्रताप तोमर, संजय चौहान, हरिचंद शर्मा, राजकुमार शर्मा, टीकाराम, राजेश, सुरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों विस्थापित मौजूद थे।

## पेंशनरों की महंगाई किस्त का जल्द हो भुगतान

**अनंत ज्ञान, अर्की**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन के प्रेस सचिव रोशन लाल वर्मा ने जानकारी दी कि इस मास जनवरी की बैठक खंड प्रधान मदन लाल गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिला प्रधान जयंद शर्मा उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किए हुए सर्वप्रथम सरकार से अनुरोध किया कि पेंशनरों की महंगाई की जो किस्त 12 प्रतिशत की काफी लंबे समय से देय है, उसका भुगतान शीघ्र किया जाए और जो 80 प्रतिशत पंजाब स्केल के वेतन का बकाया बच्चा हुआ है, उसे भी शीघ्र भुगतान किया जाए। आठ दिसंबर 2022 की सूचना संशोधन के केस भी शीघ्र विभागों से मंगवा कर उनका निपटारा किया जाए। 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की बकाया राशि को जल्द दिया जाए। पेंशनरों की चिकित्सा बिलों की राशि का भी सरकार बजट का प्रबंध करके राहत प्रदान करें।

बैठक में लीला शंकर शर्मा, लेख राम कौंडल, रोहित शर्मा, सुरेंद्र त्यागी, किशोरी लाल शर्मा, सूरत राम पाल, श्यामचंद गुप्ता, मदन लाल शर्मा, प्रकाश गुप्ता, नरदेव शर्मा, दौलत राम वर्मा, देवेंद्र गुप्ता, लेख राम ठाकुर, चंदु राम कश्यप, रमेश वर्मा, नवनीत गुप्ता, रमेश निरंकारी, रत्न सिंह कंवर, लेख राम शर्मा आदि सदस्यों ने भाग लिया।


अर्की में महंगाई किस्त के भुगतान को लेकर प्रदर्शन करते पेंशनर।

## बोर्ड प्रबंधन की गलत नीतियों के खिलाफ ददाहू में धरना-प्रदर्शन


पेंशनरों की मांग पूरी न होने पर सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते ददाहू के बिजली कर्मी।

**अनंत ज्ञान, रेणुकाजी**

प्रदेश बिजली परिषद उपमंडल ददाहू के समस्त कर्मचारियों ने पांचवें दिन भी भोजन अवकाश के दौरान 33 केवी सब-स्टेशन ददाहू के प्रांगण में बोर्ड प्रबंधन की गलत नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बिजली बोर्ड पेंशनर भी शामिल हुए।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बिजली बोर्ड की आर्थिक बदहाली के कारण पिछले माह की पेंशन व वेतन नहीं मिला, जबकि 2016 के वेतनमानों के मामले अभी तक लंबित पड़े हैं। हिमाचल प्रदेश यूनियन के सचिव कृष्ण ठाकुर ने कहा कि ऐसी हालत पिछले 52 सालों में पहली बार सामने आई है।

बिजली परिषद में अभी तक ओपीएस पर भी कोई निर्णय नहीं लिया है। इसके अतिरिक्त महंगाई भत्ते की किस्तें और पेय फिक्सेशन के मामले भी अभी तक लंबित हैं।

कर्मचारी नेताओं ने बिजली बोर्ड प्रबंधन को आगाह किया कि यदि बोर्ड प्रबंधन व सरकार का रवैया कर्मचारी व पेंशनरों के प्रति न सुधरा तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी।

इस दौरान डीडी शर्मा, नंदलाल शर्मा, राकेश गुप्ता, दयानंद शर्मा, विष्णु कुमार, कृष्ण सिंह, शंभू दत्त, मदन सिंह, अनु, मधु, सीमा, अनिल शर्मा, अजय शर्मा, दिनेश कुमार, पंकज कुमार, मनोज कुमार, प्रीतम, किशन दत्त, अमर सिंह, गीता राम, नीता राम, विशाल सहित कर्मचारी एवं पेंशनर कर्मचारी उपस्थित थे।

**आयोजन** आस्था कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

# आकृति मिस, कार्तिक चुने मिस्टर फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, अर्की**

आस्था कॉलेज ऑफ एजुकेशन (बीएड कॉलेज) कुनिहार में नए छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी व नववर्ष समारोह का आयोजन किया गया। दो चरणों में आयोजित इन कार्यक्रमों में जहां सर्वप्रथम कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी ने नववर्ष 2024 का स्वागत कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।



आस्था कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

कॉलेज प्रवक्ता जयपाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के पहले चरण में बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं की ओर से विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें मृणाल व वैशाली द्वारा युगल नृत्य, तमन्ना एंव ग्रुप द्वारा पंजाबी भांगड़ा, कल्पना व निकिता द्वारा पहाड़ी नृत्य व दीक्षा द्वारा एकल नृत्य ने समां बांध दिया। इस दौरान सभी प्रशिक्षुओं ने रैंप पर अपने जलवे बिखेरे।

प्रतियोगिता में आकृति को मिस और कार्तिक को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। इसके अतिरिक्त चेतना व हर्ष को फर्स्ट रनरअप व रश्मि और निशांत को मिस व मिस्टर परसोना चुना गया। दूसरे चरण में कॉलेज के सभी प्रशिक्षुओं ने मिल-जुलकर नववर्ष 2024 का स्वागत किया और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। इसमें रक्षधा व अंजली द्वारा गड़वाली नृत्य, अंकुश व ग्रुप द्वारा कव्वाली, विश्व, पूनम व सपना द्वारा पंजाबी नृत्य, राधा द्वारा एकल नृत्य, रोहित एवं ग्रुप की पहाड़ी नाटी आकर्षण का केंद्र रही। अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह ने प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य किरन बाला, प्राध्यापक अमिता ठाकुर, शिवानी शर्मा, छाया शर्मा, पूजा ठाकुर, राजन परिहार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## चंयावल में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू


चम्यावल में 40 टीमें प्रतियोगिता की ट्रॉफी पर कब्जा करने के लिए भिड़ेंगी।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की के अंतर्गत चम्यावल पंचायत में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए, उनके साथ हेमराज पाल और अजय सिंह चौहान भी विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि राजेश ठाकुर ने आयोजकों को क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिताओं के जरिए ही ग्रामीण क्षेत्र के युवा आगे चलकर प्रदेश व देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से जहां शारीरिक व मानसिक विकास होता है, वहीं खिलाड़ियों में अनुशासन देखने को मिलता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने आयोजक समिति को अपनी तरफ से 5100 रुपए की राशि भेंट की।

आयोजक समिति के सदस्य नरेंद्र ठाकुर और मनोज ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने व अपनी प्रतिभा दर्शाने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 40 टीमें भाग ले रही है।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच संजौली और बाह्मं के मध्य खेला गया जिसमें बाह्मं के खिलाड़ियों ने निर्धारित 12ओवरों में 120 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संजौली टीम मात्र 45 रन ही बना पाई और बाह्मं की टीम ने इस मैच में 75 रनों के विशाल अंतर से विजय हासिल की।इस दौरान आयोजक समिति के सभी सदस्य और ग्रामीणों ने भाग लिया।

## लापरवाही से वाहन चलाने पर युवक को छह माह की सजा

**सोलन।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, सोलन रमणीक शर्मा की अदालत ने लापरवाही से वाहन चलाकर एक व्यक्ति को घायल कर देने के मामले में आरोपी को अलग-अलग धाराओं के तहत अधिकतम छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

जिला न्यायवादी संजय पंडित ने बताया कि सोलन के सदर थाने में 31 अगस्त 2020 को सरिता नामक महिला में तहरीर देते हुए बताया था कि उसका पति सड़क किनारे अपनी गाड़ी का कुछ काम करा रहा था, तभी आरोपी रिंकू बाइक संख्या एचपी 17एफ 6602 पर सवार होकर तेज गति से गलत दिशा में आया और उसके पति को टक्कर मार दी। मामले की जांच हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह ने की। मामले में कुल 13 गवाह पेश किए गए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी रिंकू को लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में तीन महीने, आईपीसी की 337 के तहत एक महीने और धारा 338 के तहत छह महीने की साधारण कैद की सजा सुनाई है। तीनों सजाएं एक साथ चलेंगी।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


क्लीयू निवासी भुजली सिंह राणा अनंत ज्ञान अखवार पढ़ते हुए।


पंचायत चमीणू निवासी अरविंद कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


साहो में टेलर योगेंद्र सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


साहो गांव में पाठक भानु शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


जालपा मंदिर के पुजारी प्यार चंद अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


साहो निवासी कुलदीप सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नैनीखड्ड में जेसीबी ऑपरेटर रिंकू, मिथुन व विजय दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।

## पंचायतों में एटीएम केंद्रों का अभाव

**चंबा।** जिला मुख्यालय के साथ लगती आसपास की पंचायतों में ग्रामीणों को एटीएम की सुविधा नहीं मिल पा रही है। नोट बदलाव ने भी क्षेत्र ग्रामीणों को और भी मुश्किल में डाल दिया था। हालात यह है कि आपात स्थिति में लोगों को पैसे निकालने के लिए चंबा की ओर रूख करना पड़ रहा है। जिसमें मुख्यालय के बैंकों व एटीएम केंद्रों पर भारी भीड़ होने से कई ग्रामीणों को खाली हाथ ही घर लौटने सहित धन अभाव की परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौजूदा समय में एसबीआई बैंक ही एटीएम बैंक सुविधा विस्तार कर रहा है, लेकिन बैंक की ओर से अभी ग्रामीण क्षेत्र में एटीएम सुविधा पूर्ण रूप से मुहैया नहीं करवाई जा रही है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर एटीएम सुविधा प्रदान की जाए ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

# अब फुटपाथ पर नहीं कटेंगी रातें

## असहाय, निर्धन, लाचार व्यक्तियों के लिए नगर परिषद चंबा ने खोले रेन बसेरा के द्वार

**एमएम डैनियल, चंबा**

अब कड़ाके की ठंड में असहाय, निर्धन, लाचार व्यक्तियों को रातें फुटपाथ पर नहीं गुजारनी होंगी। इसके लिए नगर परिषद चंबा ने ने केवल अपने रेन बसेरा विश्राम गृह के द्वार खोल दिए है बल्कि नप ने सहयोग के तौर इस नेक कार्य में पुलिस विभाग चंबा को भी शामिल किया है, जो कि रात्रि गश्त के दौरान ऐसे पात्र लोगों के लिए आश्रय का सहारा बनते हुए उन्हें नप चंबा के रेन बसेरा तक पहुंचाएंगे। गौर हो कि नगर परिषद चंबा की शेल्टर मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

इसी के तहत पुराना बस स्टैंड स्थित रेन बसेरा का शेल्टर मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारियों में नगर परिषद कार्यवाहक कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार, नप अध्यक्ष नीलम नैय्यर, राष्ट्रीय आजीविका मिशन अधिकारी रुचि महाजन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। जिसमें टीम द्वारा मौके पर ही रेन बसेरा विश्राम गृह में पाई गई कमियों को तत्काल प्रभाव से दूर करने के निर्देश दिए। वहीं यदि किसी पुलिस या अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी को फुटपाथ पर कोई व्यक्ति मिलता है तो उसे रेन बसेरा में पहुंचाने व ठहराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश भी जारी किए। (अनंत ज्ञान)


रेन बसेरा विश्राम गृह पुराना बस अड्डा चंबा का निरीक्षण करते नगर परिषद अध्यक्ष व अधिकारी।

### पात्र लोगों के लिए बेड आरक्षित

नीलम नैय्यर, अध्यक्ष, नप चंबा का कहना है कि रेन बसेरा विश्राम गृह नगर परिषद चंबा में सर्दियों में असहाय व्यक्तियों के लिए नप चंबा व शेल्टर मैनेजमेंट कमेटी ने संयुक्त बैठक कर निशुल्क रात्रि ठहराव योजना को लागू किया है। जिसमें ऐसे पात्र लोगों के लिए बेड आरक्षित किए गए है।

### निशुल्क रात्रि ठहराव योजना लागू की



संदीप कुमार, तहसीलदार, एवं कार्यवाहक कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद चंबा का कहना है कि सर्द ऋतु में सड़कों पर रात काटने पर विवश असहाय, निर्धन, लाचार व्यक्तियों के लिए निशुल्क रात्रि ठहराव की योजना नगर परिषद चंबा द्वारा लागू की गई है। जिसमें नप चंबा के अधीन रेन बसेरा विश्राम गृह पुराना बस अड्डा प्रबंधन कमेटी को दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। वहीं इस योजना में चंबा पुलिस से भी सहयोग की अपील की है।

# महिलाओं-किशोरियों को करें जागरूक

## समिति हॉल में कार्यक्रम के दौरान डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सोमवार को विकास खंड चंबा के समिति हॉल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास के सौजन्य से अपराजिता मैं चंबा की अभियान के तहत महिला पंचायत प्रतिनिधियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मासिक धर्म के प्रति लोगों में फैली भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से अपराजिता मैं चंबा अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़े हुए है, इसलिए महिला और किशोरियों के लिए मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और खुलकर बात करने के लिए महिला पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के प्रति जागरूकता और उसके प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम सभा में भी एजेंडा रखा गया है। उन्होंने कहा कि जिला के कई हिस्सों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों को मासिक धर्म के बारे में तैयार और जागरूक नहीं किया जाता हैं, इसलिए उन्हें घर, स्कूलों में कई कठिनाइयों व चुनौतियों का सामना करना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखकर महिलाओं और किशोरियों को इस दौरान रखी जाने वाली सावधानियां और पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राकेश कुमार ने महिलाओं से संबंधित विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में आयुष विभाग से डॉ. एकता ने मासिक धर्म की प्रक्रिया और इस दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इससे पहले जागोरी संस्था से उमा देवी ने मासिक धर्म के प्रति आसपास के क्षेत्र की महिलाओं को जागरूक करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को प्रेरित किया।


विकास खंड चंबा के समिति हॉल में कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।


कार्यक्रम के दौरान स्टेट बैंक शाखा चंबा के उपप्रबंधक अनिल, खंड विकास कार्यालय से मनजीत कौर, बाल संरक्षण इकाई से माला शर्मा और कपिल शर्मा ने भी महिलाओं के अधिकारों और विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक मनोहर नाथ और जिला समन्वयक पोषण अभियान विकास शर्मा सहित विभिन्न पंचायतों की महिला प्रतिनिधि मौजूद रही।

# चुराह के सन्नी कुमार नई शिक्षा नीति पर करेंगे शोध

- आईसीएसएसआर नई दिल्ली ने नियुक्त किया क्षेत्र अन्वेषक

**अनंत ज्ञान, तीसा**

आईसीएसएसआर नई दिल्ली द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश को आवंटित शॉर्ट टर्म प्रोजेक्ट जोकि नई शिक्षा नीति पर आधारित है इस शोध कार्य में चुराह से संबंध रखने वाले शोधार्थी सन्नी कुमार को बतौर क्षेत्र अन्वेषक नियुक्त किया गया है। सन्नी कुमार को उनके भूतपूर्व शोध अनुभव एवं अन्य संस्थाओं के अनुभवों के आधार पर इस पद पर नियुक्त किया गया है। केंद्रीय विवि हिमाचल प्रदेश के पुस्तकालय एवं सूचना विभाग को यह शॉर्ट टर्म प्रोजेक्ट आईसीएसएसआर नई दिल्ली द्वारा आवंटित किया गया है। इस शोध कार्य में योजना निदेशक डॉ. के शिवराम राव है जो कि वर्तमान समय में असिस्टेंट प्रोफेसर और पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के विभागाध्यक्ष है। इस शोध कार्य का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति शिक्षकों की जागरूकता, धारणा और तैयारी है। शोधार्थी सन्नी कुमार का कहना है कि मैं इस आईसीएसएसआर के इस शॉर्ट टर्म प्रोजेक्ट में नियुक्त होने पर बहुत ही खुश हूं क्योंकि शायद ही वह ही सबसे कम उम्र का शोधार्थी होगा जो की आईसीएसएसआर के प्रोजेक्ट में कार्य करेगा।


चुराह के शोधार्थी सन्नी कुमार।

## भरमौर में ड्राइविंग टेस्ट 24 को

**भरमौर।** ड्राइविंग लाइसेंस ट्रायल व गाड़ियों की पासिंग भरमौर के पट्टी नाल में 24 जनवरी को होगी। यह जानकारी एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने दी। उन्होंने कहा कि सरकारी व प्रशासनिक व्यस्तता के चलते दिसंबर महीने में होने वाली गाड़ियों की पासिंग व ड्राइविंग लाइसेंस के ट्रायल रद्द हो गए थे। इसके लिए अब भरमौर के पट्टी नाला में 24 जनवरी को गाड़ियों की पासिंग और ड्राइविंग लाइसेंस के ट्रायल होंगे।

# आवारा कुत्तों के आतंक से चंबा के लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला मुख्यालय में आवारा कुत्तों की बढ़ती तादाद व आतंक ने लोगों की परेशानी में और भी इजाफा कर डाला है। मुख्यालय में आलम यह है कि शहर की मुख्य सड़कों से लेकर वार्ड की गलियों में आवारा कुत्तों के झुंड़ों के झुड़ घूम रहे है। हालांकि शहर वासियों ने कई बार उक्त समस्या संबंधी विभाग के अधिकारियों के समक्ष गुहार भी लगाई है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को इस दिशा में कोई राहत नहीं मिल रही है। शहर वासियों में रोशन लाल, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, भावना व अंजलि आदि का कहना है कि पिछले कुछ माह से चंबा मुख्यालय में बढ़ रहे अवारा कुत्तों के आतंक से सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। आवारा कुत्ते न जाने कितने लोगों को अपना शिकार बना चुके है। जबकि जिला प्रशासन बैठकों में ही लोगों को इस समस्या में निजात दिलवाने की बात कहता है। जबकि जमीनी हकीकत में इस दिशा में कोई कदम उठते नजर नहीं आ रहे है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठाकर शहर वासियों को आवारा कुत्तों की समस्या से राहत दिलवाई जाए।

## 11 को नहीं होगी वाहनों की पासिंग

**चंबा।** पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकारी चंबा ने जानकारी दी है कि 11 जनवरी को आयोजित होने वाली वाहनों की पासिंग और 12 जनवरी को आयोजित होने वाला आरएलए चंबा का ड्राइविंग टेस्ट कुछ प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है।

## बाथरी फीडर में कल पावर कट



**डलहौजी।** उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत 10 जनवरी को 132/33/11केवी सब स्टेशन बाथरी के अंतर्गत 11 केवी बाथरी लोकल फीडर की एचटी एवं एलटी लाइन की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव के चलते पावर कट लगेगा। इसके चलते सुबह नौ बजे से शाम के साढ़े पांच बजे अथवा कार्य समाप्ति तक समस्त बाथरी बाजार, देवी देहरा, गोली, बोंखरीमोड, शेरपुर, चकरा, सुकडाई बांई, उगराल, एलननाली, तलाई, पदरोटू, कोठा, ओसल, चौहड़ा, गढीयार एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप बाधित रहेगी। यह शटडाउन पूर्णता मौसम पर निर्भर रहेगा। यह जानकारी उपमंडल डलहौजी के सहायक अभियंता इंद्रजीत सिंह ने दी। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की है।

# 12 तक कर लें मतदाता सूची की जांच

## जिला निर्वाचन अधिकारी का जिला के मतदाताओं से आह्वान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला चंबा के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा एक-चुराह (अजा), दो-भरमौर (अजजा), तीन-चंबा, चार-डलहौजी तथा पांच- भटियात में प्रयुक्त होने वाली फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण पहली जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि के आधार पर 27 अक्तूबर से नौ दिसंबर 2023 तक करवाया गया था। उन्होंने बताया कि पांच जनवरी 2024 को इस मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो चुका है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब जिला चंबा के कुल मतदाताओं की संख्या चार लाख एक हजार 168 हो गई है। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या दो लाख तीन हजार 403 व महिला मतदाताओं की संख्या एक लाख 97 हजार 765 है। अपूर्व देवगन ने बताया कि अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची सभी मतदान केंद्रों पर 12 जनवरी 2024 तक निशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ( एडीएम/एसडीएम) सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कार्यालयों में तथा मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास फोटोयुक्त मतदाता सूची उपलब्ध रहेगी। इस अवधि के दौरान समस्त युवाओं विशेषतय: 18 वर्ष आयु वर्ग के व उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में नाम पंजीकृत होने की पुष्टि कर लें और यदि नाम छूट गया हो तो उसके लिए फार्म-छह भरकर पासपोर्ट साईज फोटो व जन्म तिथि प्रमाण पत्र सहित संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एडीएम,/ एसडीएम), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कार्यालयों में अथवा अपने केंद्र के बूथ लेवल अधिकारियों के पास जमा करवाएं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान मतदाता सूची में कोई भी व्यक्ति अपना नाम दर्ज होने की पुष्टि विभागीय इंटरनेट वेबसाइट http://ceohimachal.nic.in में हिमाचल प्रदेश की मतदाता सूचियां शीर्षक पर कर सकता है।


जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन।

# कैला पंचायत में डिस्पेंसरी खोलने की उठाई मांग

- ग्रामीणों ने सुविधा के लिए सरकार से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विकास खंड चंबा की ग्राम पंचायत कैला में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। आलम यह है कि पंचायत में एक भी स्वास्थ्य संस्थान नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को मामूली इलाज करवाने के लिए भी दूर स्थित अस्पताल का रुख करना पड़ता है।

पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने कई बार इस संबंध में मांग भी उठाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। गांव में यदि कोई बीमार हो जाता है तो समस्या गंभीर हो जाती है। लोगों को कई किलोमीटर का पैदल सफर तय कर चंबा या जडेरा पहुंचना पड़ता है। ऐसे में मरीज अस्पताल तक पहुंचने तक और अधिक बीमार हो जाते हैं। छोटी से छोटी बीमारी के लिए दवाई लाने के लिए भी गांव के लोगों को चंबा या जडेरा स्थित पीएचसी पर ही निर्भर रहना पड़ता है। यही नहीं बच्चों को टीका लगवाने के लिए भी अभिभावकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की अधिक आबादी होने के बाद भी यहां पर अभी तक डिस्पेंसरी न खुलने से स्वास्थ्य विभाग व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। मरीजों को उचित समय पर उपचार नहीं मिल पाता है। वहीं दूर स्थित कई बार डॉक्टर न मिलने के कारण भी समस्या विकराल हो जाती है।

लोगों का कहना है कि यहां पर एक डिस्पेंसरी खोल दी जाती है तो लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए कई किलोमीटर पैदल सफर नहीं करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने सरकार व स्वास्थ्य विभाग से मांग उठाई है कि कैला पंचायत में डिस्पेंसरी खोली जाए।

# आंदोलन की आग में तपने को तैयार हो रहा विस क्षेत्र भरमौर

## अपने हकों के लिए एकजुट होने लगे हैं लोग, आंदोलन की तैयारी

**ओपी शर्मा, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अलग-अलग क्षेत्र इन दिनों अपने हक व अधिकारों को लेकर बड़े आंदोलन करने की तैयारी में दिख रहे हैं। होली-उतराला सड़क को लेकर बाकायदा संघर्ष समिति का गठन हो गया है। यह समिति घर-घर जाकर इस सड़क सुविधा के लिए लोगों का जनमत जुटाने का प्रयास कर रही है।

इसके लिए बाकायदा होली-उतराला की कहानी लोगों की जुबानी थीम भी तैयार किया गया है तो वहीं पर भरमौर के गैर जनजातीय क्षेत्र में 24 पंचायतों को जनजातीय क्षेत्र का दर्जा देने की मांग भी एकाएक जोर पकड़ने लगी है। इस मांग के लिए भी गैर जनजातीय क्षेत्र की 24 पंचायतों के लोग धीरे-धीरे एकजुट होना शुरू हो गए हैं। होली-उतराला के बाद दुरकुंड से धर्मशाला टनल बनाने का मुद्दा भी गैर जनजातीय क्षेत्र में गरमाने लगा है। जिसके लिए सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा सुझाव लिए जा रहे हैं। जिसके लिए सोशल मीडिया पर भी बाकायदा गैर जनजाति क्षेत्र संघर्ष समिति का गठन किया गया है। भरमौर के तीसरे क्षेत्र खणी पंचायत व आसपास की पंचायतों में एकलव्य स्कूल को शिफ्ट करने को लेकर एकलव्य संघर्ष मोर्चा कमेटी का गठन भी हो गया है। यह कमेटी यहां से स्कूल शिफ्ट करने का विरोध कर रही है। एकलव्य संघर्ष मोर्चा यहां से स्कूल को दूसरी जगह शिफ्ट करने का विरोध कर रहा है और यहां पर स्कूल न बनने की सूरत में बड़े आंदोलन वह न्यायालय तक जाने की एलान समिति कर चुकी है। बहरहाल 2024 के पहले महीने के पहले सप्ताह में विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अलग-अलग क्षेत्र अपने हकों को लेकर आगे आ रहे हैं।

ठीक तीन महीने बाद लोकसभा चुनाव का बिगुल भी बज जाएगा। लिहाजा यहां पहली बार ऐसा हो रहा है कि भरमौर के अलग-अलग क्षेत्रों में एक साथ आंदोलन की आग धीरे-धीरे धधक रही है। चुनावी मौसम होने के कारण आने वाले समय में यहां पर नेताओं के आने-जाने का सिलसिला भी जारी हो जाएगा। लिहाजा ऐसे माहौल में यहां पर नेताओं को इन समस्याओं को लेकर जवाब भी जनता को देना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

**घोषणा** सिहुंता स्कूल के सालाना समारोह में बोले विधानसभा अध्यक्ष

# 25 करोड़ से बनेगा सिहुंता कॉलेज का भवन

- भटियात में खुलेंगे दो उप विकास खंड कार्यालय
- समारोह के दौरान छात्रों को इनाम बांटे

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

राजकीय आदर्श विद्यालय सिहुंता के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के साथ आंनदोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने परिसर में बॉक्सिंग रिंग का लोकार्पण भी किया।

खास बात यह है कि जिला में किसी भी राजकीय शिक्षण संस्थान में स्थापित होने वाला यह पहला बॉक्सिंग रिंग है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए शिक्षण संस्थानों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहती है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि 25 करोड़ से राजकीय महाविद्यालय सिहुंता का एक भव्य भवन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण मल निकासी (सीवरेज) योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इनमें ककीरा तथा सिहुंता भी शामिल हैं। उन्होंने राजकीय आदर्श विद्यालय सिहुंता में अतिरिक्त भवन निर्माण करने का आश्वासन भी दिया।

उन्होंने सिहुंता मैदान का आवश्यक सुधार करने तथा पार्किंग निर्माण को लेकर भी आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भटियात प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा विकास खंड है। लोगों की सुविधा के लिए विधानसभा क्षेत्र में दो उप विकास खंड कार्यालय भी खोले जाने प्रस्तावित हैं। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल की सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 36 हजार की धनराशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रधानाचार्य पवन कुमार ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक, थाना प्रभारी रमन कुमार, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, स्कूल के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


राजकीय आदर्श विद्यालय सिहुंता के वार्षिक समारोह में छात्रों को सम्मानित करते मुख्यातिथि विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह।

### बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की प्रबंधन और प्रदेश सरकार को दो टूक

# आभार रैली का करेंगे बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



सुंदरनगर में धरना-प्रदर्शन करते बिजली बोर्ड के कर्मचारी और पेंशनर

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड एंप्लाइज यूनियन ने मंडी में 13 जनवरी को प्रदेश सरकार के लिए आयोजित होने जा रही पेंशन आभार रैली का बहिष्कार करने का मन बना लिया है। यूनियन ने प्रदेश सरकार को बोर्ड में ओपीएस बहाली जल्द से जल्द बहाल करने की मांग की है। इसको लेकर सोमवार को हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड एंप्लाइज यूनियन सुंदरनगर ने भोजन अवकाश के दौरान मुख्य अभियंता जनरेशन के कार्यालय के बाहर प्रबंधन और प्रदेश सरकार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व यूनिट प्रधान कनव राणा ने किया। इसके साथ प्रदर्शन में बिजली बोर्ड के पेंशनरों ने भी भाग लिया। यूनियन सुंदरनगर के सचिव रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड के कर्मचारी काफी लंबे समय से बोर्ड में स्थायी निदेशक की मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों ने बोर्ड की वित्तीय स्थिति के लिए प्रबंधन की गलत नीतियों व फैसलों को जिम्मेदार बताया है। साथ ही यूनियन पुरानी पेंशन बहाली को लेकर काफी समय से प्रदेश सरकार और बोर्ड मैनेजमेंट के समक्ष अपनी बात करती आ रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड प्रबंधन की नाकामियों की वजह से बोर्ड में आज दिन तक पुरानी पेंशन बहाली की नोटिफिकेशन तक नहीं हो पाई। रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि अगर बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती हैं तो बोर्ड के तमाम कर्मचारी 13 जनवरी को मंडी में हो रही पेंशन आभार रैली का बहिष्कार करेंगे।

इस विरोध प्रदर्शन में यूनियन के पूर्व उपमहामंत्री जगमेल सिंह ठाकुर, राज्य संगठन सचिव संदीप जम्वाल, यूनिट सचिव रमेश शर्मा, डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष ई.रेवती रमन शर्मा और पेंशनर के सचिव सोहन सिंह चौहान ने भाग लिया।

## ओपीएस बहाली के लिए प्रदर्शन

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड एंप्लाइज यूनियन का धरना प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों की माने तो मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद प्रबंधन वर्ग द्वारा कर्मचारियों के वेतन और पेंशन की अदायगी तो कर दी परंतु पुरानी पेंशन बहाली पर स्थिति जस की तस है। बिजली बोर्ड ज्वाइंट फ्रंट ने चेतावनी दी है कि जब तक पुरानी पेंशन बहाली नहीं होती है और प्रबंध निदेशक को नहीं हटाया जाता तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर प्रबंधन वर्ग हमारी मांगों को नहीं मानता है तो हम बड़े आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने प्रदेश में ब्लैकआउट करने की धमकी भी दी। धरने के आठवें दिन सेवानिवृत्त कर्मचारी हिमाचल प्रदेश पेंशनर फॉर्म के जनरल सेक्रेटरी चंद्र सिंह मंडयाल, फाइनेंस सेक्रेटरी जितेंद्र वालिया, सेक्रेटरी जिला मंडी डीडी राणा एवं प्रधान राजेश बहल तथा पेंशनर भी उपस्थित रहे।

# निगम के मुख्य द्वार से फल-सब्जी विक्रेताओं को नहीं हटाया जाएगा

### नगर निगम प्रवेश द्वार विवाद पर निरीक्षण के दौरान बोले महापौर वीरेंद्र भट्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


नगर निगम के महापौर मुख्य द्वार पर निरीक्षण के दौरान व्यापार यूनियन के प्रधान से बातचीत करते हुए।

नगर निगम के प्रवेश द्वार को लेकर छिड़े विवाद के बीच सोमवार को महापौर वीरेंद्र भट्ट ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो भी फल-सब्जी विक्रेता नगर निगम के मुख्य द्वार के समीप अपना ठेला लगाते हैं उनको दूसरे स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए उच्च स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा।

बता दें की नगर निगम द्वारा मुख्य द्वार पर गेट का निर्माण किया जा रहा हैं जिसको लेकर निगम के जनरल हाउस से प्रस्ताव भी पारित हो गया हैं। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर यह कार्य ठेकेदार को सौंप दिया गया है। वीरेंद्र भट्ट ने कहा कि जब रविवार को ठेकेदार द्वारा यहां पर कार्य करना शुरू किया गया तो कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर आपत्ति जताई, उन्होंने कहा कि लोग किस बात की आपत्ति जता रहे हैं इसकी उन्हें जानकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो यहां पर 40 वर्षों से फल सब्जी का व्यापार कर रहे हैं उनको नहीं उजाड़ा जाएगा बल्कि नगर निगम का प्रवेश द्वार पुराने

**डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा को दिया जाएगा उच्च स्थान**

स्थान से निकाला जाएगा ताकि दूसरी तरफ जहां ये सब्जी विक्रेता व्यापार करते हैं वहां सेफ जोन बन सके ताकि वर्तमान में जब भी निगम की गाड़ी निकलती हैं तो इनको अपना सामान समेटना पड़ता हैं, पर दूसरी तरफ से प्रवेश द्वार बनने पर यह लोग सुरक्षित होकर अपना व्यापार कर सकते हैं। इसी स्थान पर कुछ लोग भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि यह स्थान प्रतिमा के लिए उपयुक्त नहीं हैं, अगर प्रतिमा लगानी हैं तो उच्च स्थान उपलब्ध किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### थोना स्कूल ने मनाया सालाना समारोह


वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि के साथ स्कूल के होनहार।

**सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र में 1936 में स्थापित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थोना का सालाना पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें प्रदेश कांग्रेस के महासचिव पवन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और स्कूल के मेधावियों को पुरस्कार बांटे। स्थानीय पंचायत प्रधान व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने भी अपने विचार रखे। मुख्यातिथि पवन ठाकुर ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने, एवं माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने का गुरु मंत्र दिया। इस अवसर पर स्थानीय प्रधान, उपप्रधान, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्य राम, अश्वनी गुलेरिया, विद्यासागर, पंचायत समिति सदस्य अंजना कुमारी, डॉ. विनय, गोविंद ,रामेश्वर ,कश्मीर, नग्नू राम, बुद्धि सिंह, मस्त राम, इंद्रदेव, शर्मा लेखराज, एवं सुभाष शर्मा, अमृत लाल आदि शामिल रहे।

### आज यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**मंडी।** 132 केवी कांगू बिजणी लाइन की जरूरी मरम्मत और रखरखाव का कार्य किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू हुक्म चंद ने दी। उन्होंने बताया कि रख रखाव के चलते नौ जनवरी को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक विद्युत अनुभाग साईगलू, गोखड़ा, बीर, कोटली, भरगांव तथा कड़कोह के तहत आने वाले कसाण, सदयाणा, साई, पपराहल, धडयाना, बग्गी, गोखड़ा, बटाहर, सेहली, लोट, तल्याहड़, रंधाड़ा, पधियूं, तांदी, पतरोण, बीर लाग, सदोह, तरनोह, धन्यारा, बरयारा, कोटली, समराहण, ढंढाल, सुरारी, भरगांव, अलग, कोट, कून, डवाहण, लागधार, सताहन व खलाणू में बिजली बंद रहेगी। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### साइंस सेंटर पालमपुर का भ्रमण किया


भ्रमण के दौरान जानकारी हासिल करते झंगी स्कूल के छात्र।

**धर्मपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंगी के बच्चे आजकल शैक्षणिक भ्रमण पर निकले हैं। पाठशाला के प्रधानाचार्य बीएस भंडारी ने बताया कि इस प्रकार के टूर करने पर बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चे इस टूर में शामिल हैं। शिक्षक सुनीता के नेतृत्व में यह दल साइंस सेंटर पालमपुर पहुंचा। इसमें प्री वोकेशनल एक्स पोजर फिल्ड टूर में बच्चों ने जानकारी हासिल की। जिस का बच्चों ने भरपूर लाभ उठाया।

### रोगों की स्क्रीनिंग को पोर्टल पर दर्ज करें

**मंडी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी के सभागार में डॉ. नरेंद्र कुमार भारद्वाज मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. दिनेश ठाकुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारियों, जिला के 11 स्वास्थ्य खंडों के बीएमओ, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि आयुष्मान भारत अभियान के अंतर्गत मधुमेह व उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग बढ़ाई जाए साथ ही विभाग में चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स व सीएचओ के जितने भी पद रिक्त हैं उनकी सूची बनाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाए। गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग को पोर्टल पर दर्ज करें व कोविड टेस्ट हुए हैं तो उन्हें आइडीएसपी पोर्टल पर दर्ज किया जाए।

### डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग

**मंडी।** नगर निगम द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ बनाए जा रहे गेट के निर्माण के विरोध में कांग्रेसी पार्षदों के बाद अब कांग्रेस पार्टी और रविदास पंचायत कमेटी व अन्य संस्थाएं भी कूद गई हैं। उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक प्रधान योगेश पटियाल, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष करमचंद भाटिया, जिला महासचिव प्रदीप शर्मा, शहरी प्रधान भगवान ठाकुर, अनिल सेन,पार्षद राजेंद्र मोहन, योगराज, हरीश कुमार, विनय गुरु रविदास सभा के प्रधान भालचंद, सचिव गोपाल आदि ने कहा है कि गेट निर्माण के साथ पानी की निकासी हेतु जो पाइप डाली जा रही है उसका सारा पानी अनुसूचित जाति बहुल बस्ती में जाएगा। इसके अलावा इन्होंने इस निर्माण को फिजूलखर्ची बताते हुए हनुमान घाट व दुगली घाट में स्थाई शौचालय के निर्माण पर खर्च करने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि इस निर्माण स्थल पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किया जाना प्रस्तावित है जो की एक बहुत ही नेक काम होगा।

### बस्सी स्कूल में छात्रों को इनाम बांटे

**गोहर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी ने सोमवार को वार्षिक समारोह मनाया। समारोह में हिमाचल कांग्रेस कमेटी के सचिव जगदीश रेड्डी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रधानाचार्य गोपाल दास ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर उपस्थित अभिभावकों व स्थानीय लोगों के सामने रखी। मुख्य अतिथि ने छठी कक्षा की वाणी ,दीप्ति, कामेश, सातवीं कक्षा की फरिश्ता, विजय कुमार, मनीष कुमार, आठवीं कक्षा की विनती, प्रीति, पायल नौवीं कक्षा की मोनिका, कुसुम, निशा, दसवीं कक्षा की खुशबू ,सतीश, ज्ञाना, चिराग, जमा एक कक्षा से हेमलता, चंद्रेश और भानुप्रिया व दस जमा दो की सोनिया, निखिल देव और खुशबू को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसएससी कमेटी अभिभावक पंचायत सदस्यों द्वारा 18500 का नकद पुरस्कार बच्चों को दिया गया।

# मोटे अनाज और हल्दी के क्लस्टर बनाने के लिए बनाई योजना

### एफपीओ धर्मपुर ने सज्याओपिपलु में आयोजित की बैठक

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा द्वारा गठित एफ पीओ के प्रबंधक मंडल की बैठक सज्याओपिपलु में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुरेश पठानिया ने की और मार्गदर्शक संस्था की ओर से डॉ. हरदयाल सिंह गुलेरिया बैठक में विशेष तौर पर उपस्थित हुए।

बैठक में सहकारी सभा के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गत दिसंबर माह में इस सभा का विस्तार करने के लिए टिहरा, संधोल, धर्मपुर और मंडप तहसीलों में पांच सौ सदस्य बनाए गए हैं और मार्च माह तक सभी ग्राम पंचायतों में समिति के एक हजार सदस्य भर्ती किए जाएंगे। उसके बाद नए प्रबंधक मंडल का गठन किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया

**महिला समूहों को 19 से दिया जाएगा प्रशिक्षण**

कि आगामी फसल सीजन में हल्दी और कोदरे की पैदावर बढ़ाने के लिए 50 क्लस्टर चयनित करके उनमें ये फसलें बीजी जाएंगी। क्योंकि पिछले कुछ समय से मोटे अनाज की खपत बढ़ी है लेकिन मांग के अनुसार पैदावार नहीं है जिसे बढ़ाने के लिए ये किसान उत्पादक सहकारी सभा किसानों का मार्गदर्शन करेगी और मांग के अनुसार बीज उपलब्ध करवाएगी।

वर्तमान सर्दी के मौसम में कोदरे के लड्डू,चाय और आटे की मांग में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इन उत्पादों को तैयार करने में सकोह-सिद्धपुर, चस्वाल और घरवासडा के महिला समूहों ने अहम भूमिका निभाई है और उससे आमदनी बढ़ाने का काम किया है। इस कार्य को और ज्यादा बढ़ाने के लिए आजीविका मिशन, आत्मा परियोजना, शिव परियोजना तथा पैक्स के तहत गठित समूहों को भी इस एफपीओ के साथ जोड़ा जाएगा तथा स्थानीय स्तर पर उत्पाद तैयार कर रहे समूहों को भी जोड़ा जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि महिला समूहों को अचार व मोटे अनाज के उत्पाद बनाने बारे 19 जनवरी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में सुरेश पठानिया, रूप चंद गुलेरिया, भूपेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, सूरत सकलानी, सतपाल चौहान, मान सिंह, रजनी सकलानी, कौशल्या देवी, हिमा देवी, प्रकाशो देवी तथा अभिषेक कुमार इत्यादि ने भाग लिया।

## मदन व हरीश की ताजपोशी से खुश

**मंडी।** हाल ही में प्रदेश के पांचों नगर निगमों के कर्मचारियों द्वारा हिमाचल प्रदेश अर्बन लोकल बॉडीज कर्मचारी फेडरेशन के चुनावों में पालमपुर में भाग लिया। इन चुनावों में नगर निगम मंडी के मदन ठाकुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं हरीश कुमार को सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई। इसके लिए नगर निगम मंडी के कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त की है। मदन ठाकुर ने बताया कि संघ के चुनावों के उपरांत स्थानीय निकायों के विभिन्न मांगों का एक ज्ञापन महासंघ के अध्यक्ष आसाराम की अध्यक्षता में मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल को दिया एवं समस्त मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मांग पत्र में शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था 17 अप्रैल 2023 की अधिसूचना के अनुसार शीघ्र लागू करने, स्थानीय निकायों में खाली पड़े पदों को शीघ्र भरने, 1 जनवरी 2016 के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के लाभ देने की मांग की है।

## अजय राणा के प्रयासों से मंडी के पड्डल मैदान को मिली नई पिच


अजय राणा और उनके सहयोगी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला का पड्डल मैदान कई ऐतिहासिक पलों का गवाह रहा है परंतु पिछले कुछ वर्षों से पड्डल में क्रिकेट खेल पर ग्रहण जैसा लग गया था। मैदान के नवीनीकरण के नाम पर क्रिकेट पिच को लगभग खत्म ही कर दिया था परंतु अब एचपीसीए जिला अध्यक्ष अजय राणा ने ऐतिहासिक पड्डल मैदान में पुनः क्रिकेट को बढ़ावा देने और क्रिकेट खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाने का बीड़ा उठाते हुए नई पिच का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया है। अजय राणा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि लगभग 15 वर्षों के बाद पिच निर्माण के लिए मिट्टी के पांच ट्रक भिवानी हरियाणा से मंगवा दिए गए हैं और जिलाधीश मंडी के सहयोग से शीघ्र ही मैदान को क्रिकेट के लिए तैयार किया जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल के सहयोग से मंडी के क्रिकेट के आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। पिच क्यूरेटर राजकुमार की देखरेख में एक बेहतरीन पिच बनाई जा रही है और शीघ्र ही यहां क्रिकेट मैच शुरू किए जाएंगे।

## 100 प्रतिशत दिव्यांग होने के पश्चात भी नहीं मिली नौकरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


कसान पंचायत के दिव्यांग हीरा सिंह।

जन्म से ही 100 प्रतिशत दिव्यांग होने के बाद भी कोटली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कसान पंचायत के हीरा सिंह को 50 साल की उम्र होने पर भी सरकार द्वारा कोई भी नौकरी नहीं दी गई है। सोमवार को अपने गांव के सदस्य भाग चंद के साथ मीडिया के समक्ष उन्होंने अपनी समस्या को रखा। हीरा सिंह ने बताया कि सिर पर माता-पिता का साया भी नहीं है और उनकी चार बेटियां है, कमाई का कोई साधन नहीं, घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि पहले भी नेताओं और मंत्रियों के समक्ष अपनी समस्या को रख चुके है, लेकिन किसी भी सरकार ने सुनवाई नहीं की। उन्होंने बताया की कई बार नौकरी के लिए साक्षात्कार भी दे चुके है लेकिन वहां से भी निराशा ही हाथ लगी। उन्होंने सुक्खू सरकार से मदद की गुहार लगाते हुए नौकरी की मांग की है जिससे वे अपने बच्चों का पालन पोषण और उनकी पढ़ाई का खर्च चला सके। वहीं उनके साथ आए भाग चंद ने बताया कि हीरा सिंह अनुसूचित जाति और गरीब परिवार से संबंध रखता है। हीरा सिंह की आधी जमीन बंजर है। पांच साल पहले उनकी पत्नी गुजर गई है। उन्होंने दूसरी शादी की है, लेकिन उनकी दूसरी पत्नी भी दिव्यांग है। 100 प्रतिशत दिव्यांग होने के पश्चात और विभिन्न सरकारी विभागों में साक्षात्कार देने के बाद भी हीरा सिंह नौकरी से वंचित है। उन्होंने कहा कि सरकार को हीरा सिंह और उनके परिवार की ओर ध्यान देना चाहिए।

## जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता कल

**मंडी।** जिला भाषा अधिकारी मंडी प्रोमिला गुलेरिया ने बताया कि भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी द्वारा संस्कृति सदन मंडी में 10 जनवरी को जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। लोकनृत्य प्रतियोगिता में उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में जिला के 15 सांस्कृतिक दल भाग लेंगे। प्रतियोगिता में लुड्डी, नागरीय नृत्य, सिराजी नाटी, सुकेती नाटी, चरकटी नृत्य आदि लोकनृत्य व वाद्य यंत्रों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 10 दिसंबर तक आवेदन मांगे गए थे। जिला के 15 सांस्कृतिक दलों ने इस जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि दलों में प्रतिभागियों की संख्या 20 से 22 निर्धारित की गई है।

# न एंबुलेंस पहुंचती, न ही गैस की जीप

### भ्राडी-रोषो वाया कौंहण रंघोड संपर्क सड़क छह माह से बंद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**


भारी बरसात में लैंड स्लाइडिंग होने से टूटी संपर्क सड़क।

उपमंडल धर्मपुर के अंतर्गत आने वाली भ्राडी-रोषो वाया कौंहन रंघोड संपर्क सड़क छह महीने पूर्व हुई भारी बरसात में लैंड स्लाइडिंग होने से टूट चुकी है। जिससे कौहण रंघोड गांव के करीब एक दर्जन परिवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस गांव के लिए न तो एंबुलेंस जा पाती है न ही गैस की जीप। यदि कोई बीमार हो जाए तो मरीज को पीठ पर या पालकी में उठाकर मुख्य सड़क मार्ग तक ले जाना पड़ता है। स्थानीय पंचायत पिपली भ्राडी के गांव कौहण के पार्षद मधुसूदन, ओम चंद, रूप लाल, कलां देवी, सुनीता देवी, धर्मपाल, पिंगला देवी, रजनी देवी, केहर सिंह, रिता देवी आदि ने बताया कि छह माह पूर्व जुलाई अगस्त में आई आपदा के चलते यह सड़क पुरी तरह टूट चुकी है। यहां से जीप-कार जाना तो दूर की बात है पैदल चलना भी जोखिम भरा रहता है। कुछ दिन पहले गांव के रूप लाल बीमार हुए तो उन्हें कुर्सी पर उठाकर मेन सड़क तक लाना पड़ा। उन्होंने बताया कि पहले इस गांव को कहीं से भी सड़क नहीं थी और तीनों ओर खड्ड थी जिसकी वजह से इस गांव को काला पानी के नाम से जाना जाता था, लेकिन कुछ सालों से गांव को सड़क से जोड़ दिया गया और लोगों की दिनचर्या में सुधार आ गया था। अब सड़क बंद होने से गांव के लोग पहले की तरह काले पानी की सजा काटने पर मजबूर हो गए है। गांव वासियों ने लोक निर्माण विभाग व प्रशासन और सरकार से आग्रह किया है कि शीघ्र इस सड़क को बहाल करें ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके अन्यथा धरना-प्रदर्शन करने पर विवश होना पड़ेगा। लोक निर्माण विभाग के सहायक अधिशाषी अभियंता ई.नरेंद्र राणा ने बताया कि जेसीबी मशीन स्पॉट पर भेज दी है। जल्दी इस सड़क को लोगों की सुविधा के लिए खोल दिया जाएगा।

## जीनियस स्कूल में होनहार नवाजे

**नेरचौक।** अभिलाषी शिक्षण समूह द्वारा संचालित जीनियस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नेरचौक में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश से सेवानिवृत्त वाइस चांसलर प्रोफेसर हरिंदर कुमार चौधरी बतौर मुख्य अतिथि पधारे। स्कूल प्रधानाचार्य रणजीत सिंह द्वारा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई। स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि प्रोफेसर हरिंदर कुमार चौधरी ने इस दौरान स्कूल के होनहारों को इनाम बांटे। इस अवसर पर अभिलाषी शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण अभिलाषी, प्रबंध निदेशक डॉ. ललित कुमार अभिलाषी, डॉ. नर्वदा अभिलाषी, डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, डॉ. नीलम, पाठशाला प्रबंधक प्रियंका अभिलाषी, प्रधानाचार्य रणजीत सिंह ठाकुर ने अभिभावकों व बच्चों को उनके उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

**समस्या** | सरकाघाट बस अड्डे पर लोगों को हो रही है दिक्कत

# खुले में बह रही सीवरेज की गंदगी

**रितेश चौहान, सरकाघाट**


सरकाघाट बस स्टैंड पर खुले में बहता सीवरेज का गंदा पानी। इससे लोगों को रोज यहां दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उपमंडल मुख्यालय सरकाघाट के बस अड्डे में सीवरेज की गंदगी खुले में बह रही है। इस कारण यहां पर रोजाना आने वाले हजारों यात्रियों और अन्य लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे ठीक करने के लिए कोई भी प्रशासनिक या विभागीय अधिकारी कदम नहीं उठा रहे हैं। गंदे पानी को लेकर दो विभाग आपस में झुलसे हुए हैं।

नगर परिषद सरकाघाट के अधिकारी इसे बस अड्डे वालों का अधिकार क्षेत्र बताते हैं तो दूसरी ओर एचआरटीसी के अधिकारी नगर परिषद का कार्य क्षेत्र बता रहे हैं। दो विभागों की आपसी लड़ाई का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार व विभाग से तुरंत इस समस्या का समाधान करने की अपील की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या का समाधान समय से नहीं किया गया तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों का घेराव करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। कश्मीर सिंह,अध्यक्ष नगर परिषद सरकाघाट का कहना है कि परिवहन निगम के अधिकारी इस कार्य को करने के लिए नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट नहीं दे रहे हैं। यदि परिवहन विभाग यह प्रमाण पत्र देता है तो नगर परिषद चेंबर बनाकर इस समस्या का हल करने के लिए तैयार है। मेहर चंद, क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी सरकाघाट का कहना है कि यह पानी नगर परिषद का है और यह नगर परिषद को ही ठीक करना होगा। यह पानी लोगों के घरों से आता है। नगर परिषद लोगों से टैक्स लेती है और नगर परिषद बताए कि उन्होंने कब नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया है। (अनंत ज्ञान)

## बारिश न होने पर भगवान शिव की शरण में पहुंचे लोग

**जोगिंद्रनगर।** बारिश न होने की वजह से जोगिंद्रनगर उपमंडल की तहसील के लड़भडोल में शिव भक्तों ने प्राचीन शिव मंदिर नागेश्वर महादेव कुंड में गड़वे (पानी) डालें। मान्यता है कि प्राचीन समय में जब सूखा पड़ता था, तो लोग मंदिर के साथ लगती खड्ड से पानी लाते और नागेश्वर महादेव मंदिर के शिवलिंग का जलाभिषेक करते थे। जैसे ही शिवलिंग पर चढ़ाया जा रहा जल वापस खड्ड में पहुंचता है तो बारिश होने लगती है। इस बारे में एक सप्ताह पहले लोगों को सूचना दी गई थी कि सोमवार के दिन लोग गड़वा डालेंगे। इस मौके पर सभी लोग अपने घर से बर्तन लेकर आए और लोगों ने गड़वा डाला, ताकि बारिश हो जाए। यह मंदिर तहसील मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। मान्यता है कि गढ़वे डालने से अवश्य ही भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और बारिश होती है फसलों को बचाने के उद्देश्य से आज गढ़वे डाले गए।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


सहायक आयुक्त कुल्लू शशिपाल नेगी को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करते हुए जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के प्रभारी कमलेश वर्मा।


प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं गाहर पंचायत के प्रधान रोहित वत्स धामी को अनंत ज्ञान भेंट करते हुए कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ. नागराज पवार को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करते हुए कुल्लू और लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा। उन्होंने अनंत ज्ञान परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


जिला कार्यक्रम अधिकारी कुल्लू डॉक्टर उषा शर्मा को अनंत ज्ञान की प्रति भेंट करते हुए जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू डॉक्टर नरेश चंद को अनंत ज्ञान की प्रति भेंट करते हुए जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


जिला स्वास्थ्य अधिकारी कुल्लू डॉक्टर दोरजे अंगरूप को अनंत ज्ञान की प्रति भेंट करते हुए कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संतुष्ट शर्मा को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करते हुए जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में डॉक्टर हीरा लाल व डॉक्टर भारत भूषण भारद्वाज अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# घाटी की परिक्रमा करके एक-दूसरे से अलग हुए राजा घेपन व देवी बोटी

## 83 दिनों बाद अपने देवालय लौटे राजा घेपन व देवी बोटी, माहौल भक्तिमय

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

आखिर तीन साल बाद लाहौल घाटी की परिक्रमा पूरी कर 83 दिन बाद राजा घेपन व देवी बोटी एक दूसरे से अलग होकर अपने अपने देवालय लौट गए। तीन साल बाद लाहौल घाटी की परिक्रमा में निकले लाहौल घाटी के अधिष्ठाता देव राजा घेपन 83 दिन बाद सोमवार को अपने देवालय लौट आए हैं।

सोमवार को राजा घेपन के गांव सिसु पहुंचते ही देव वाद्य यंत्रों और राजा घेपन के जयकारों से गूंज उठा। सैंकड़ों कारकूनों और देवलुओं की उपस्थिति में सिस्सू गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। उधर, अपने भाई से मिलने कुल्लू से जगदम्बनी ऋषि भी सोमवार को सिस्सू पहुंचे। मलाणा के देव जगदम्बनी ऋषि (जमलू देव) को राजा घेपन का


लाहौल घाटी के अधिष्ठाता देव राजा घेपन के साथ लोग।

भाई माना जाता है। राजा घेपन की घाटी परिक्रमा संपन्न होते ही लाहौल घाटी में बर्फबारी की उम्मीद जगी है। मान्यता है कि जब तक राजा घेपन परिक्रमा के लिए अपने देवालय से बाहर रहते हैं लाहौल में तब तक बर्फबारी नहीं होती है। सोमवार को देवलुओं ने देव विधि अनुसार सभी देव कार्य संपन्न किए। पटन घाटी सहित चंद्रा घाटी के दौरे के दौरान देवता ने गांव-गांव की परिक्रमा की ओर ग्रामीणों को सुख व समृद्धि का आशीर्वाद दिया। बीते 21 अक्तूबर 2023 को राजा घेपन तीन साल बाद विधिपूर्वक अपने देवालय सिस्सू से घाटी परिक्रमा पर निकले थे। उस दिन तिनन और खंगसर गांव के समीप गुंचलिंग में देवी-देवताओं का भव्य देव मिलन हुआ था। लाहौल घाटी के ग्रामीण दोरजे सोनम, टशी, राकेश और सोमदेव ने बताया कि राजा घेपन की परिक्रमा के दौरान घाटी में रौनक छाई रही। उन्होंने बताया कि घाटी के आराध्यदेव परिक्रमा पूरी कर आज विधि-विधान से देवालय में विराजमान हो गए। अब तीन साल बाद ही देवता लाहुल घाटी की परिक्रमा पर निकलेंगे। सोमवार को कुल्लू जिला के मुख्य देवता जमलू ऋषि का बारह ऋषि देवघर का फेरा पूरा हुआ। इसके पश्चात देवता जमलू का अपने भाई राजा घेपन से लाहौल के सिस्सू में भव्य मिलन हुआ। (अनंत ज्ञान)

## सड़कों के निर्माण को लेकर एपीएमसी अध्यक्ष ने की बैठक

**बंजार।** लोक निर्माण विश्राम गृह बंजार में सोमवार को एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मिंया द्वारा लोक निर्माण विभाग एवं वन विभाग अधिकारी के साथ बैठक की गई। बैठक में बंजार विधानसभा क्षेत्र में नई सड़क निर्माण को लेकर आमजन से भी विस्तृत रूप से चर्चा व आम जन पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से भी उनसे सुझाव मांगे गए। विस्तृत रूप से चर्चा के व आम जन द्वारा आठ सड़कों के कागजात पूर्ण रूप से जमा करवाए गए। आठ सड़कों में रोपी से जाहरा गरुली, नगलाड़ी से दाड़ी, नाराह से सुम, घलीगचा से कांडी सड़क, कड़ाहिल ओतन से खलियारा सहित आठ सड़के जिनके कागजात पूर्ण निकले। इसके अलावा चेहनी वार्ड सहित पलाहच वार्ड के पंचायत कोटला से श्रीकोट तक की लगभग 61 सड़कों की औपचारिकता को पूर्ण करने के बाद बजट में डालने बारे सुझाव दिए गए। एपीएमसी राम सिंह मियां ने कहा की नई 61 सड़कों के बारे में विचार-विमर्श किया गया है जिन्हें बजट में डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक अति-महत्वपूर्ण थी। विभाग अधिकारियों सहित सड़कों की छंटनी करने के बाद इन सड़कों को प्लानिंग बीएसपी मुख्यमंत्री सड़क योजना के में डालने के लिए का कागजों को सरकार को सौंपा जाएगा, ताकि बजट का प्रावधान कर बंजार क्षेत्र के लोगो को सड़कों की सुविधा मिल सके। राम सिंह मियां कहा की मुख्यमंत्री से एक बार प्रार्थना करने बंजार में पहली बार महिलाओं की सुविधा के लिए महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रही है।

## ठप पड़े विकास कार्यों को लेकर बंजार भाजपा का हल्ला बोल


भाजपा कार्यकर्ता बंजार में रोष रैली निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार भाजपा मंडल की संगठनात्मक बैठक का बंजार के अंबेडकर भवन में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने की। बंजार भाजपा मंडल के अंतर्गत नवगठित मोर्चों सहित इस पहली संयुक्त बैठक का आज आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बंजार विधायक ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की व आगामी रणनीति साझा की।

विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि बैठक में कार्यकर्ताओं का बड़ी तादाद में आना इस बात को दर्शाता है कि भाजपा कार्यकर्ता आगामी चुनावों के लिए तैयार है तथा भाजपा को लगातार केंद्रीय धुरी पर बनाए रखने हेतु उत्साहित है। बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ठप पड़े विकास कार्यों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंजार नगर में रोष रैली भी निकाली व सरकार से ठप पड़े कार्यों को आगे बढ़ाने की मांग की।

## विवादों में घिरा विंटर कार्निवाल मनाली

- लोक गायिका गुड्डी ठाकुर ने कमेटी पर लगाया भेदभाव का आरोप
- वाद्ययंत्र वादन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने भी निर्णायक मंडल पर लगाए धांधली के आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**


राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल मनाली विवादों में घिर गया है। एक ओर जहां विंटर क्वीन प्रतियोगिता पर विवाद चल रहा है वहीं, दूसरी ओर वाद्ययंत्र वादन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने भी निर्णायक मंडल पर धांधली के आरोप लगाए हैं। इसके अलावा लोक गायिका गुड्डी ठाकुर ने भी कार्निवाल कमेटी पर भेदभाव का आरोप लगाया है। वाद्ययंत्र वादन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने निर्णायक मंडल पर आरोप लगाते हुए कहा है की निर्णायक मंडल ने विजेता प्रतिभागी चुनने में धांधली की है।

पांच दिवसीय शरदोत्सव में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक गतिविधियों पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें वाद्ययंत्र वादन प्रतियोगिता का भी आयोजन हर वर्ष की भांति किया गया। दनोगी पंचायत से संबंधित सांस्कृतिक दल सिंहमल गाहर के सदस्यों ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। प्रतियोगिता में वाद्ययंत्र वादन को निर्णायक मंडल के सामने तीन विभिन्न थीमों पर आधारित वादन करते हुए अपनी अपनी प्रस्तुति देनी थी।

सांस्कृतिक दल सिंहमल गाहर के सदस्य बहादर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थीम के अंतर्गत ढ़ीला गढ़िया, ढीला बाठणा ओर कोरथा को बिलकुल सही से वादन किया था किंतु जब निर्णायक मंडल ने अपना निर्णय दिया तो समझ आया कि निर्णायक मंडल ने निर्णय वाद्ययंत्र वादन के हिसाब से नही किया। इस प्रतियोगिता में तीन सांस्कृतिक दलों ने वाद्ययंत्र वादन प्रतियोगिता में भाग लिया था।

वहीं, लोक कलाकर गुड्डी का आरोप है कि उन्होंने कार्निवाल में अपनी प्रस्तुति देने के लिए एप्लिकेशन दी थी। इसके बाद वह एसडीएम मनाली से भी इस संबंध में मिली और उनकी ओर से उन्हें आश्वासन भी दिया गया लेकिन उसके बाबजूद भी उन्हें कार्यक्रम प्रस्तुत करने का मौका नहीं दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप राजनीति से प्रेरित होकर उन्हें कार्यक्रम के लिए नहीं बुलाया गया। इसके अलावा विंटर क्वीन प्रतियोगिता में भी धांधली के आरोप लगे हैं। लिहाजा, पांच दिवसीय विंटर कार्निवाल में इस बार धांधली और भेदभाव होने के आरोप लगे हैं।

## छठे दिन भी बिजली बोर्ड कर्मियों का धरना



बिजली बोर्ड कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

**कुल्लू।** बिजली बोर्ड के कर्मचारी बोर्ड में स्थाई एमडी लगाने की मांग पर अड़ गए हैं। जिसको लेकर सोमवार को भी विद्युत कार्यालय के बाहर कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड ज्वाइंट फ्रंट, जिला कुल्लू के पदाधिकारी और पेंशनर फॉर्म के केएल हंगल, राम लाल शरहेली व नोता राम एवं कुल्लू यूनिट की समस्त कार्यकारिणी की उपस्थिति में अधीक्षण अभियंता, परिचालन वृत्त कुल्लू के प्रांगण में बोर्ड के कर्मचारियों ने ज़ोर शोर के साथ शांतिपूर्ण धरना दिया गया। इस मौके पर कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार एवं मैनेजमेंट बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर कर रही है। कर्मचारियों की सरकार से मुख्य मांग है कि बिजली बोर्ड में स्थाई एमडी लगाया जाए। बोर्ड में ओपी एस को तुरंत बहाल किया जाए। बोर्ड कर्मचारियों व पेंशनर्स के लंबित संशोधित वेतन की बकाया राशि व महंगाई भते का बकाया भी तुरंत अदा किया जाए। आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाई जाए। कुल्लू में सोमवार को इस मीटिंग की अध्यक्षता संगठन मंत्री रमेश चंद गुलेपा की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें उन्होंने कहा कि जब तक पेंशनर व वर्तमान कर्मचारियों हा वेतन एक समय नहीं दिया गया तो धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी कटराईं का कबड्डी में शानदार प्रदर्शन


इनाक्षी और ऋषिका प्रधानाचार्या चंद्रिका मल्होत्रा के साथ।

**पतलीकूहल।** डीएवी कटराईं के फोटो सहित ने राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन गाजियाबाद यूपी में चार और पांच जनवरी को हुआ। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 गर्ल्स कबड्डी टीम विजेता रही। डीएवी पब्लिक स्कूल कटराईं की दो इनाक्षी और ऋषिका इस टीम का हिस्सा रहीं और अपने शानदार प्रदर्शन से संस्थान को गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्या चंद्रिका मल्होत्रा ने स्टूडेंट्स को बड़े गर्व और सम्मान से सराहा और प्रशंसा की।

### रामशिला में नाले में गिरी कार, एक घायल

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के रामशिला में एक कार अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई है। हादसे में एक व्यक्ति प्रीतम निवासी घराकड़ घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में लाया गया है। जानकारी के अनुसार हादसा सोमवार सुबह तड़के हुआ। एक कार अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। इसी जगह पर करीब तीन सप्ताह पहले भी एक गाड़ी गिरी थी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पैरापिट नहीं होने के चलते यहां पर हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से पैराफिट लगाने मांग की है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ मनीष ने बताया कि वाहन में सवार व्यक्ति अस्पताल में उपचाराधीन है।

### पार्वती-तीन पावर स्टेशन के बांध से छोड़ा जाएगा पानी

**सैंज।** पार्वती-तीन पावर स्टेशन के सियूंड स्थित बांध में एकत्रित पानी को बांध के मरम्मत कार्य करने के लिए 10 जनवरी को सुबह 9.30 बजे से लेकर शाम 9.30 बजे तक जलाशय को खाली किया जाएगा। उसके बाद भी नदी में पानी बहता रहेगा, इसलिए पावर स्टेशन के प्रबंधन की ओर से सूचित किया गया है कि सियूंड बांध से लेकर लारजी तक सैंज नदी के किनारे रहने वाले निवासी इस अवधि के दौरान सैंज नदी के किनारे पर न जाएं तथा पशुओं को भी न ले जाएं, जिससे किसी तरह का जान व माल का नुकसान न हो। इस दौरान पार्वती-तीन पावर स्टेशन विद्युत गृह में उत्पादन भी पूरी तरह बंद रहेगा। इस संबंध में परियोजना प्रबंधन ने अवगत कराया की इस कार्य को सफलतापूर्वक करने हेतु नियमों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा तथा सायरन और प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को भी सूचित किया जाएगा। इसके अलावा यह भी सूचित किया जा रहा है कि जलाशय को खाली करने के बाद सेंज नदी का पानी डाइवरसन टनल द्वारा फ्री फ्लो स्थिति में 24 मार्च 2024 तक रखा जाएगा।

### प्रवासी थाने में करवाएं अपना पंजीकरण : गर्ग

**कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने कहा है कि कुल्लू जिला में आने वाले प्रवासियों का नजदीकी थाने में पंजीकरण करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला में बढ़ती पर्यटन व व्यापारिक गतिविधियों के चलते जिले में पर्यटकों, व्यपारियों, फेरी वालों तथा बाहर के राज्यों के कामगारों का जिले में आगमन बढ़ रहा है। जिले में आने वाले प्रवासियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने एक आदेश जारी किया है जिसके अनुसार जिले में काम व अन्य विभिन्न कार्य के लिए आने वाले सभी प्रवासी कामगारों को नजदीकी थाने में अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। आदेशानुसार सभी लोगों को अपने यहां कार्यरत प्रवासी कामगारों, का पंजीकरण नजदीकी पुलिस स्टेशन में सुनिश्च करने को कहा गया है। इसके साथ ही जिले के सभी मकान मालिकों को भी अपने किरायेदारों की जानकारी नजदीकी पुलिस स्टेशन में सुनिश्चित करनी होगी। आदेशानुसार सभी होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे संचालकों को भी अपने यहां ठहरे हुए आगंतुकों का पहचान पत्र जैसे दस्तावेजों के साथ पुष्टि कर उन का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है।

### प्रयास फाउंडेशन ने वृद्ध आश्रम का किया दौरा

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की समाजसेवी प्रयास फाउंडेशन की ओर से हर बार की तरह इस बार भी जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े भेंट किए गए। संस्था की ओर से वृद्ध आश्रम, विशेष महिला केंद्र क्लाथ और राधा एनजीओ खकनाल में वृद्धों और विशेष महिलाओं को सर्दी से बचने के लिए गर्म स्वेटर दिए गए। संस्था के संचालक सुरेश गोयल ने बताया कि प्रयास फाउंडेशन भुंतर जरूरतमंद लोगों, स्टूडेंट्स, बीमारों की भलाई के लिए प्रयासरत है। वहीं, इस दिशा में कार्य कर रही संस्थाओं को भी समय-समय और सहयोग देने में पीछे नहीं रहती है। इसी कड़ी में संस्था ने क्लाथ (मनाली) में आदर्श वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित सहारा वृद्ध आश्रम और आदर्श विशेष महिला पुनर्वास केंद्र जा दौरा कर जहां इन वृद्धजनों और विशेष महिलाओं का हालचाल जाना। वहीं, इन दोनों केंद्रों में रह रहे 21 वृद्धों और 40 विशेष महिलाओं को सर्दी से बचने के लिए गर्म ऊनी स्वेटर तथा आगामी लोहड़ी के लिए मिठाई, गचक, रेबड़ी, खिचड़ी के लिए देसी घी, चावल, दाल आदि भेंट किए। इसके अलावा राधा एनजीओ खकनाल को पांच गर्म कोरियन कंबल, 24 थालियां, खाद्य सामग्री, मसाले, दालें, साबुन आदि भेंट कर आगामी लोहड़ी के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भेंट कीं। इस मौके पर प्रयास संस्था के मुख्य सलाहकार, अश्वनी सोहल, संचालक सुरेश गोयल, सहसंचालक जीवन प्रकाश सदस्य वीना रानी, सुशील शर्मा, नोता राम अजय अबरोल, दमयंती राजपूत उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष में उदारता से करें अंशदान

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत, निराश्रित और अनाथ बच्चों को सामाजिक सुरक्षा दी जाती है। इसके अलावा, शादी और मकान बनाने के लिए धनराशि भी मुहैया कराई जाती है। इस योजना के तहत, उच्च, व्यावसायिक और कौशल शिक्षा हासिल करने वाले बच्चों की शिक्षा का खर्च भी प्रदेश सरकार वहन करती है। इस योजना के तहत, 27 साल की उम्र तक बच्चों के खाने, आश्रय, भोजन, कपड़ों आदि का खर्च भी सरकार उठाती है। इस योजना के तहत, विवाह अनुदान, कोचिंग अनुदान, उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास, और स्वरोजगार उद्यम जैसे कई लाभ शामिल हैं। उपायुक्त कुल्लू ने कहा अनाथ व निराश्रित बच्चों को सहायता के लिए जिला स्तर पर मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष की स्थापना की गई है, जिसका बैंक खाता आईसीआईसीआई बैंक कुल्लू में खोला गया हैं, जिसका खाता संख्या 073601001681 आईएफएससी कोड आईसीआईसी 0000736 है।

# हॉली डे रिजॉर्ट एंड स्पा ने बढ़ाया महिलाओं का हौसला

## अपनी ओर से भेंट की 21 हजार की राशि, परिणाम से खुश नहीं महिलाएं


हॉली डे रिजॉर्ट एंड स्पा के एमडी रोशन ठाकुर छियाल महिला मंडल को 21 हजार का चेक देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

हॉली डे रिजॉर्ट एंड स्पा ने फैशन शो में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छियाल महिला मंडल का हौसला बढ़ाया। परिणाम से असंतुष्ट महिलाओं का हॉली डे रिजॉर्ट एंड स्पा के एमडी रोशन ठाकुर ने अपनी ओर से 21 हजार का चैक भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया। महिलाओं ने होंसला बढ़ाने के लिए रोशन ठाकुर का आभार जताया और कार्निवाल कमेटी से निर्णायक मंडल के निर्णय के प्रति असहमति जताई। उन्होनें कमेटी से आग्रह किया कि प्रतियोगिताओं के लिए अनुभवी व विशेषज्ञों को जज का कार्यभार दिया जाए, ताकि मेहनत करने वालों को उनकी मेहनत का फल मिले। रोशन ठाकुर ने बताया कि छियाल महिला मंडल ने पारंपरिक वेशभूषा में फैशन शो में बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि महिलाओं की मेहनत को देखते हुए उन्हें 21 हजार की राशि देकर उनका होंसला बढ़ाया।

### फैशन शो के परिणाम से संतुष्ट नहीं चचोगा महिला मंडल

**महावीर** महिला मंडल चचोगा महिला मंडल की सदस्य फैशन शो के परिणाम से संतुष्ट नहीं है। महिला मंडल की सदस्यों का कहना है कि वह निर्णायक मंडल के निर्णय से वह खुश नहीं है। महिला मंडल ने परिणाम से नाराजगी जताते हुए कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम से जांच की मांग की है। महिला मंडल की प्रधान उमावती ने बताया कि उन्होंने इस प्रतियोगिता के लिए बहुत मेहनत की थी। उन्होंने बताया कि जब महिला मंडल ने अपनी प्रस्तुति दी तो मनु रंगशाला की दर्शक दीर्घा ने उनका होंसला बढ़ाया और भरपूर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पिछले साल वह इस प्रतियोगिता की विजेता रही है। इस साल पहले की अपेक्षा कड़ी मेहनत की थी, लेकिन इस बार मेहनत का उन्हें फल नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि निर्णायक मंडल ऐसे ही निर्णय देते रहे तो महिलाओं की इस प्रतियोगिया में रुचि ही नहीं रहेगी। प्रधान ने कहा कि इस साल जो हो गया उसका उन्हें खेद है, लेकिन प्रशासन से आग्रह है कि आगे से ऐसा न हो। महिलाओं को उनकी मेहनत का फल मिले। इस दौरान महिला मंडल की सदस्य निर्मला, रेशमा, खुमा, हेम लता, ललिता, लता, पिंकी, हेमलता, शांता, आशा व लीला देवी ने कहा कि उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले कड़ी मेहनत की थी लेकिन हमें निर्णयक मण्डल से निराशा हाथ लगी है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि फैशन शो के परिणाम की निष्पक्ष जांच की जाए।

**मस्ती** बर्फ के दीदार को कोकसर पहुंचे पर्यटक, बर्फबारी के लिए आनंद

# रोहतांग व लाहौल की पहाड़ियों बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

रोहतांग दर्रा सहित लाहौल-स्पीति की सभी ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। काफी लंबे अरसे के बाद यहां ड्राई स्पेल टूट गया है। ऐसे में रोहतांग पास सहित बारालाचा व शिंकुला दर्रा में बर्फवारी का क्रम शुरु हो गया है। ऐसे में अब लाहौल के निचले इलाकों व मनाली में भी बर्फबारी की उम्मीद बढ़ गई है, जबकि निचले क्षेत्रों में दिनभर बादल छाए रहे। उधर, सोमवार को सुबह से बर्फ के दीदार को पर्यटक लाहुल के कोकसर पहुंचे।

गौरतलब है कि बाहरी राज्यों से हर रोज मनाली आने वाले पर्यटक वाहनों की आमद एक हजार से कम नहीं हुई है। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार रविवार को भी लगभग 1100 वाहन मनाली पहुंचे हैं। पर्यटन कारोबारी दिनेश व मनोज और सुरेश ने बताया कि सोमवार को बर्फ के फाहे गिरने की उम्मीद लिए हजारों पर्यटक कोकसर पहुंचे।


कोकसर में पर्यटक बर्फबारी के बीच मस्ती करते हुए।

उन्होंने बताया कि बर्फबारी तो नहीं हुआ लेकिन बादल छा जाने से हिमपात की उम्मीद बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों ने कोकसर में बर्फ की खेलों का आनंद लिया। दूसरी ओर माल रोड में भी पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। पर्यटकों ने माल रोड में देर रात तक घूमने का आनंद लिया। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा के अनुसार अटल टनल पर्यटकों के लिए बहाल है।

### बर्फबारी में भी सड़कें खुली रखने के होंगे प्रयास

**मनाली।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि बरसात से मनाली के पर्यटन कारोबार को भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश सरकार ने पर्यटन को पटरी में लाने के हर संभव प्रयास किए हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने को हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। बर्फबारी के दौरान सड़कों को लगातार बहाल रखा जाएगा। पर्यटक मनाली के हर क्षेत्र में घूमने का आनंद उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हिमपात के दौरान सड़कों को बहाल रखने की तैयारी कर ली है। उन्होंने देश भर के पर्यटकों से आग्रह किया कि वह हिमपात का आनंद लेने मनाली आएं। विधायक ने कहा कि सभी संपर्क मार्गों की हालत सुधारी जा रही है। मनाली के पर्यटन स्थलों को विकसित करने की दिशा में भी काम चल रहा है। विधायक ने अपने निवास कटराई में बरौड, गधेरनी, पारशा और मढी के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।

# पेंशनर्स बोले, 3400 से ज्यादा मामले अभी भी लंबित, समस्याओं का नहीं हो रहा निपटारा

## महालेखाकार कार्यालय से बार-बार संपर्क करने पर भी मिल रही निराशा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिम-आंचल पेंशनर्स संघ की जिला इकाई की बैठक में उनसे जुड़े हुए कई तरह के मामलों पर चर्चा हुई। बैठक में कहा गया की 3400 से ज्यादा मामले पेंशनर्स की समस्याओं से घिरे हुए हैं, इनका निपटारा नहीं हो रहा है। महालेखाकार कार्यालय से भी बार-बार संपर्क करने पर उन्हें केवल निराशा मिल रही है।

पेंशनर्स अब इस तरह की व्यवस्था से बेहद नाराज और खफा है उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि उनकी समस्याओं का हाल शीघ्र किया जाए, क्योंकि ओल्ड ऐज में ऐसी समस्याओं का हल यदि शीघ्र न निकल पाए तो बहुत पीड़ा होती है। जिलाध्यक्ष के गौतम की मौजूदगी में हुई इस बैठक में बताया गया कि पहली जनवरी 2016 के बाद जो लोग सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हीं से ताल्लुक रखने वाले पेंशनर्स के 3400 मामले पेंडिंग हैं। एक जनवरी 2016 से पहले जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं उनका निपटारा तो हो रहा है, लेकिन उसके बाद का निपटारा नहीं हो रहा। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा, सुजानपुर के प्रधान पृथ्वीराज शर्मा, पूर्व प्रधान श्रवेद प्रकाश पाठक, नादौन प्रधान जगदीश चंद शर्मा, बिझड़ी खंड प्रधान श्नरेंद्र वन्याल, राज कुमार पटियाल, हमीरपुर खंड प्रधान देवराज पटियाल, उपप्रधान संतोष वन्याल, सुजानपुर पूर्व प्रधान वेद प्रकाश पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष, लेखराम कौशल व मदन लाल, महासचिव शंभू राम जसवाल भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)



बैठक में मौजूद संगठन के सदस्य।

### पेंशनर्स को नहीं मिलीं महंगाई भत्ते की चार किस्तें

**बैठक** में इस बात पर भी दुख जताया गया कि अतिरिक्त महंगाई भत्ते की चार किस्तें भी देय हो चुकी हैं, लेकिन वह भी पेंशनर्स को नहीं मिल पा रहीं। इसके अलावा लीव एनकैशमेंट ग्रेच्युटी कॉम्यूटेशन, पेंशन संशोधन का बकाया राशि आदि ऐसे आर्थिक लाभ बेवजह ही रोक रखे हैं सरकार, जिस कारण सरकार के प्रति पेंशनर का दिन-प्रतिदिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू आज से नादौन दौरे पर



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंगलवार और बुधवार को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र के दो दिन के प्रवास पर रहेंगे। अचानक ही बने उनके इस कार्यक्रम में वे कई उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। प्रवास कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री नौ जनवरी को हेलिकॉप्टर से करीब 11:50 बजे अमतर ग्राउंड पहुंचेंगे और तुरंत मनसाई के लिए रवाना हो जाएंगे। मनसाई में जनसमस्याओं की सुनवाई के बाद वे सदोह में भी आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे। उसके पश्चात दोपहर करीब सवा एक बजे वह धनेटा में डिग्री कालेज के नए ब्लॉक, वीडब्ल्यूएससी भवन और उठाऊ पेयजल योजना जनसूह की आधारशिला रखेंगे। उसके बाद वहां पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। रात को मुख्यमंत्री सेरा के विश्राम गृह में रुकेंगे।

10 जनवरी को सुक्खू सुबह करीब 11 बजे नादौन में नादौन शहर के लिए 24 घंटे पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए उठाऊ पेयजल योजना का शिलान्यास करने के बाद गगाल में जलशक्ति विभाग के विश्राम गृह और जलाड़ी भड़ियारा में मॉडल करियर एवं स्किलिंग सेंटर की आधारशिला भी रखेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री बलडूहक में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसी दिन दोपहर बाद वह नादौन के मिनी सचिवालय में भी क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निवारण करेंगे। डीसी हेमराज बैरवा ने सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को मुख्यमंत्री के दौरे के लिए आवश्यक प्रबंध अतिशीघ्र पूरे करने तथा नौ एवं 10 जनवरी को मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# नादौन के अग्निशमन केंद्र का भवन लोकार्पण के लिए तैयार

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

नादौन में अग्निशमन केंद्र खोलने की लोगों की दशकों से चली आ रही मांग को सकारात्मक रूप मिलेगा। जिस भवन में अग्निशमन केंद्र नादौन अपना कार्य करना शुरू करेगा वह भवन पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो चुका हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार इस भवन के तैयार होने की रिपोर्ट भी विभाग के उच्चाधिकारियों को सौंप दी गई हैं। अब केवल इस भवन का विधिवत लोकार्पण करने का इंतजार हैं, ताकि अग्निशमन केंद्र नादौन अपना सुचारु रूप से कार्य करना शुरू कर दे।

गौर हो कि नादौन उपमंडल में आए दिन आगजनी की घटनाएं घटित होती रहती हैं, जिससे नादौन उपमंडल के लोगों की प्रतिवर्ष लाखों की संपत्ति आग जननी की भेंट चढ़ जाती है। विडंबना की बात यह होती थी कि जब तक हमीरपुर से अग्निशमन विभाग की गाड़ी आग पर काबू पाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचती थी तो उस समय तक सब कुछ जलकर राख हो चुका होता था। नादौन में अग्निशमन केंद्र खुलने से न केवल नादौन विधानसभा क्षेत्र को ही लाभ मिलेगा, बल्कि इससे जसवां, परागपुर एवं ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री सुक्खू इस मांग को अधिमान देते हुए एक वर्ष के कार्यकाल के अंदर ही इस केंद्र के लिए भवन भी मुहैया करवा दिया गया।

अग्निशमन विभाग के अधिकारी सुशील कुमार बताया कि भवन पूर्ण रूप से तैयार है और इसकी रिपोर्ट भी विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

### विधिवत लोकार्पण होते ही अपना कार्य सुचारु रूप से करेगा शुरू




नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र नादौन।

# समीरपुर टीम बनी वॉलीबाल विजेता



विजेता वॉलीबाल टीम सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के तहत ग्राम पंचायत बजड़ौह में अंडर-17 वर्ग एकदिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परमार युवक मंडल बजड़ौह के संयोजक जितेंद्र नगवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया।


प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच समीरपुर और बजड़ौह की टीम के बीच में खेला गया, जिसमें समीरपुर की टीम ने बजड़ौह की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल कोट और अमरोह की टीम में खेला गया, जिसमें अमरोह की टीम विजेता रही। फाइनल मैच में समीरपुर की टीम ने अमरोह को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा किया। विजेता टीम को 5100 रुपए और तथा उपविजेता टीम को 3100 रुपए और देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता परमार युवक मंडल बजड़ौह के सदस्यों ने करवाई।

# स्टूडेंट्स को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**हमीरपुर।** आम लोगों, विशेषकर युवाओं एवं स्टूडेंट्स को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने तथा नशा विरोधी अभियान को एक जन आंदोलन का रूप देने के लिए जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय हमीरपुर द्वारा आरंभ किए गए विशेष अभियान के तहत सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जौड़ेअंब और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमलैहड़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के दौरान स्टूडेंट्स को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी प्रदान की गई तथा नटराज कला मंच के सांस्कृतिक दल के लोक कलाकारों ने गीत-संगीत और लघु नाटक के माध्यम से भी स्टूडेंट्स को जागरूक किया। जौड़ेअंब स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य सुनील कुमार, अन्य शिक्षक, स्थानीय पंचायत प्रधान रजनी कुमारी, उपप्रधान रमन कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय के संदीप कुमार और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# एकाग्रता सबसे बड़ा हथियार : राणा



स्टूडेंट्स व शिक्षकों के साथ विधायक राजेंद्र राणा।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊहल व राजकीय उच्च पाठशाला कनेरड़ के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोहों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह में पहुंचने पर मुख्यातिथि का ऊहल विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील चौहान व कनेरड़ स्कूल के मुख्याध्यापक संदीप डढवाल एवं स्टाफ सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक राणा ने दोनों स्कूलों के स्टूडेंट्स व स्टाफ को इन आयोजनों के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं तथा वर्ष भर बच्चे इस दिन का इंतजार करते हैं। उन्होंने बच्चों को सत्य, ईमानदारी के रास्ते पर चलने का आह्वान करते हुए कि एकाग्रता सबसे बड़ा हथियार होता है। उन्होंने बच्चों से यह भी आह्वान किया कि जीवन में अनुशासन बनाए रखें, जो कि सफलता की कुंजी है।

इस मौके पर मुख्यातिथि ने अपनी ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। दोनों स्कूलों के मुखियाओं व स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### करियाने की दुकान से पकड़ी देसी शराब

**भरेड़ी।** भोरंज के तहत टाउन भराड़ी में करियाना की दुकान से भोरंज पुलिस ने 11 बोतल देसी शराब पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुभाष चंद पुत्र विधि चंद गांव रथवानी जो भराड़ी में चाय व करियाना की दुकान करता है। पुलिस ने शक के आधार पर जब दुकान के अंदर गए तो उन्हें 11 बोतलें देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. आकृति शर्मा ने की है।

### देशराज कतना ने स्कूल को दिए 18 हजार रुपए



प्राचार्य को धनराशि प्रदान करते दरकोटी गांव के देशराज कतना।

**टौणी देवी।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ मध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में चल रहे विकास कार्य को लेकर प्रतिदिन दानी सजज्न सामने आ रहे हैं। दरकोटी गांव के सेवानिवृत्ति सूबेदार मेजर देशराज कतना ने 18 हजार रुपए का योगदान दिया। उन्होंने बताया कि उनके पोते आर्यन और पोती नैंसी अक्सर स्कूल में चल रहे कार्य के बारे में बताते रहते हैं व पत्नी कमला देवी की प्रेरणा से उन्होंने भी अपना सहयोग देने का मन बनाया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा, एसएमसी प्रधान रमन मलकानिया व अध्यापकगण ने उनका आभार व्यक्त किया।

### मोदी ने विश्व में हिंदुस्तान की साख को बढ़ाया

**टौणीदेवी।** महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में हिंदुस्तान की साख को बढ़ाया और जी-20 जैसा कार्यक्रम देश में करवाकर पूरे विश्व का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी की दौड़ने वाली वह गाड़ी है जो हर गांव में जाकर करोड़ों लोगों तक मोदी सरकार की नीतियों को पहुंचा रही है। साथ ही ग्रामीणों के स्वास्थ्य को चेक करने के लिए यहां स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जा रहा है। चौहान ने कहा कि इसके साथ ही सरकार की योजनाओं से वंचित रह गए लोगों के फॉर्म भी मौके पर भरे जा रहे हैं, ताकि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को दिए जा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मान सम्मान में लोकसभा और राज्यसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जिसका नाम ही नारी बंधन अधिनियम रखा। वही देश की जनता का सदियों पुराना सपना प्रधानमंत्री की वजह से साकार हो रहा है जिसके तहत 22 जनवरी को देश में भव्य और राम मंदिर बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि देश के लिए यह भी गर्व की बात है की तीन तलाक और धारा 370 का अध्याय सदा के लिए मोदी सरकार की दृढ़ निश्चयता के कारण समाप्त हुआ है। चौहान ने कहा कि यह विकास व जनकल्याण कारी योजनाओं के चलते ही देश की जनता 2024 में भी देश का नेतृत्व मोदी को सौंपने को तैयार हैं।



### क्विज प्रतियोगिता में अनन्या शर्मा ग्रुप फर्स्ट



स्टूडेंट्स को सम्मानित करते प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह, साथ हैं अन्य अध्यापक।

**धनेटा।** राजकीय उत्कृष्ठ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत कक्षा छठी से आठवीं तक के 18 स्टूडेंट्स ने मैथ्स और साइंस क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें छह ग्रुप बनाए गए थे, जिनमें प्रथम स्थान पर अनन्या शर्मा ग्रुप प्रथम, रुचि ग्रुप द्वितीय तथा नवीन ग्रुप तीसरे स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह और कुमारी ममता व अन्य अध्यापकों ने मेधावी स्टूडेंट्स को अंग्रेजी की डिक्शनरी, सामान्य ज्ञान की पुस्तकें, कापियां और पैन वितरित किए।

### मेंटली रिटायर्ड बच्चे का रेस्क्यू कर परिजनों को सौंपा




मेंटली रिटायर्ड बच्चा परिजनों के साथ।

**नादौन।** नादौन बस स्टैंड पर सोमवार को एक मेंटली रिटायर्ड बच्चा परेशान हो रहा था। वह ढंग से बोल भी नहीं पा रहा था। इसकी खबर चाइल्ड हेल्पलाइन हमीरपुर को मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन के दो जवान सौरभ मेहरा व नितेश शर्मा नादौन पहुंचे और इस बच्चे का रेस्क्यू किया। खबर मिलते ही बस स्टैंड पर काफी लोग इकट्ठा हो गए। चाइल्ड हेल्पलाइन के जवानों ने बच्चे बारे पुलिस को सूचित किया। उसके बाद बच्चे को डीसी हमीरपुर के पास ले गए। डीसी ने चाइल्ड हेल्पलाइन के जवानों को निर्देश दिए की बच्चे के माता-पिता का पता लगाकर बच्चे को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया जाए। चाइल्ड हेल्पलाइन के जवानों ने बच्चे के माता-पिता का पता किया तो पता चला कि बच्चा हमीरपुर के प्रताप प्रताप नगर में रह रहे एक प्रवासी परिवार का है। बच्चा सोमवार को स्वयं ही हमीरपुर में एक निजी बस में बैठ गया नादौन बस स्टैंड पर उतर गया। बच्चे के माता-पिता भी बच्चे के अचानक गायब हो जाने से परेशान हो रहे थे। डीसी के आदेश पर चाइल्ड हेल्पलाइन के जवानों ने देर शाम बच्चे को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया है।

# सिविल हॉस्पिटल में कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला के सुजानपुर में सोमवार को डॉ. राजकुमार की अध्यक्षता में मेंटल न्यूरोलॉजिकल सबस्टान्स डिसऑर्डर के तहत डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने सिविल अस्पताल सुजानपुर के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया।

डोगरा ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही बहुत जरूरी हैं। अगर कोई व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ है, लेकिन उसका मानसिक स्वास्थ्य खराब है। तो उसे अपने जीवन में कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य से एक व्यक्ति को अपनी क्षमताओं का पता चलता है, उसके भीतर आत्मविश्वास आता कि वे जीवन में तनाव से सामना कर सकता है और अपने काम या कार्यों से अपने समुदाय के विकास में योगदान दे सकता है।

वहीं डॉ. डोगरा ने बताया कि मानसिक विकार व्यक्ति के स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार, फैसले, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, सुरक्षित यौन व्यवहार आदि को प्रभावित करता है और शारीरिक रोगों के खतरे को बढ़ाता है। मानसिक अस्वस्थता के कारण ही व्यक्ति को बेरोजगार, बिखरे हुए परिवार, गरीबी, नशीले पदार्थों का सेवन और संबंधित अपराध का सहभागी बनना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य सही रहेगा तो उसका जीवन भी सही रहेगा। इसलिए हम आपको अपने इस खंड में मानसिक विकारों से जुड़ें हर पहलू के बारे में विस्तार से बताएंगे, आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करेगा।



प्रशिक्षण के दौरान बैठे कार्यकर्ता और डॉक्टर।

# वायु सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 17 से

**हमीरपुर।** भारतीय वायु सेना में महिला एवं पुरुष अग्निवीरों की भर्ती के लिए 17 जनवरी से छह फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। एयरमैन सेलेक्शन सेंटर अंबाला के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए पात्र महिला एवं पुरुष उम्मीदवार वेब पोर्टल agnipathvayu.cdac.in पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। यह पंजीकरण 17 जनवरी सुबह 11 बजे से लेकर 6 फरवरी रात 11 बजे तक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दो जनवरी 2004 से लेकर दो जुलाई 2007 तक जन्में महिला एवं पुरुष उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन करने वाले युवाओं की ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आरंभ होगी। विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि गणित, फीजिक्स और अंग्रेजी विषय सहित कुल 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास उम्मीदवार इसके लिए पात्र होंगे। 50 प्रतिशत अंकों के साथ वोकेशनल कोर्स करने वाले युवा भी अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए पात्र होंगे। विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि भर्ती से संबंधित सभी जानकारियां वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# सरकार सत्ता सुख के लिए नहीं व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

स्कूलों में हो रहे वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि व अन्य अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह व अन्य उपहार देने के लिए भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने रोक लगा दी है और इसके लिए समस्त स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए गए हैं ताकि शिक्षण संस्थानों पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ न पड़े।



विधायक सुरेश कुमार।

विधायक सुरेश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सत्ता सुख के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई है। इसके लिए भोरंज विधानसभा क्षेत्र से बदलाव की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में वार्षिक पारितोषित वितरण समारोहों में हजारों रुपए अध्यापकों, बच्चों व अभिभावकों की जेब से खर्च हो रहे हैं और मुख्यातिथियों तथा अतिथियों को सम्मानित करने की होड़ लगी हुई है, जो कि फिजूल खर्चे को बढ़ावा देना है। उन्होंने स्कूल मुखियाओं को निर्देश देते हुए कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में वार्षिक पारितोषित वितरण समारोहों में मुख्यातिथि व अतिथियों को मोमेंटों व अन्य उपहारों से सम्मानित करने की वर्षों पुरानी परंपरा को बंद किया जाए। इसके स्थान पर स्कूल मुखिया हार या पुष्प गुच्छ का प्रयोग करें। स्कूलों में क्लस्टर सिस्टम को शुरू करने में भोरंज विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों ने पहल करके सराहनीय कार्य किया है। इससे छोटे बच्चों को अनुभवी अध्यापकों की शिक्षा का लाभ मिलेगा तथा स्कूलों में बच्चों को संख्या में भी बढ़ोतरी होगी।

### शिक्षाविदों ने की सराहना

**सेवानिवृत्त** उपशिक्षा निदेशक सुरेश ठाकुर, ज्ञान चंद शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रतन चंद रांगड़ा, नंद लाल शर्मा व प्रदेष प्रशिक्षित कला स्नातक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, पूर्व प्रेस सचिव पवन रांगड़ा, सेवानिवृत्त एडीपीओ बंशी राम सुमन, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एलआर शर्मा ने विधायक सुरेश कुमार के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह सराहनीय कदम है। इससे स्कूलों में धन का सुदपयोग होगा।

# सुजानपुर में पूर्व सैनिकों ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान में 15 जनवरी को सुबह 10.30 बजे 76वें सेना दिवस के आयोजन को अमली जामा पहनाने के लिए पूर्व सैनिकों की एक बैठक हुई, जिसमें इस आयोजन को भारतीय सेना की गौरवपूर्ण परंपराओं के अनुरूप भव्य रूप से मनाने के लिए हर पहलू पर चर्चा हुई। सुजानपुर में सेना दिवस का आयोजन सर्व कल्याणकारी संस्था द्वारा भूतपूर्व सैनिक लीग के साथ मिलकर इस बार 15 जनवरी को कर रही है।



पूर्व सैनिक बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में।

# आईटीबीपी जवान की आंध्र प्रदेश में मौत

**नादौन।** नादौन उपमंडल की जलाड़ी पंचायत के गांव जजोली के आईटीबीपी जवान दीपेश परमार की दुर्घटना के कारण मौत हो गई है। खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक व्याप्त है। दीपेश परमार के पार्थिव शरीर को आंध्र प्रदेश के तेजू से फ्लाइट द्वारा चंडीगढ़ भेजा गया है। उसके बाद उनके पार्थिव शरीर को आईटीबीपी के जवानों द्वारा उनके घर गांव जजौली में लाया जाएगा, जहां पूरे सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय दीपेश परमार बीते रोज आईटीबीपी के बड़े वाहन की मरम्मत कर रहा था, वाहन एमटीएस के गैराज में खड़ा था कि अचानक वाहन बैक हो गया जिससे दीपेश चपेट में आ गया। खबर मिलते ही उसे जोनल अस्पताल तेजू में उपचार के लिए ले जाया गया लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**पहल** आम लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम शुरू

# विधायक लखनपाल ने दैण व सौर में सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा आठ से 12 फरवरी तक आरंभ किए गए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत सोमवार को बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने ग्राम पंचायत दैण और ग्राम पंचायत सौर में लोगों की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घर-द्वार पर ही करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक और सराहनीय पहल करते हुए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आरंभ किया है। लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए करोड़ों रुपए की नए परियोजनाओं का खाका तैयार किया गया है।

आगामी बजट में इन परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान भी कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की विभिन्न संपर्क सड़कों के कार्य आरंभ करने के लिए जमीन संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी गोबिंदसागर झील से एक बड़ी उठाऊ पेयजल योजना का कार्य आरंभ किया जा रहा है। इंद्रदत्त लखनपाल ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे आम लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रधान सुशीला, उपप्रधान संजय, बीडीसी सदस्य विनोद धीमान, प्रधान सुरेंद्र कुमार, उपप्रधान सुरजीत सिंह, अन्य पंचायत जनप्रतिनिधि, कांग्रेस के पदाधिकारी, नायब तहसीलदार अत्तर सिंह, बीडीओ रमेश कुमार, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विनोद कंवर आदि उपस्थित रहे।



दैण गांव में पहुंचने पर लोगों के साथ विधायक इंद्रदत लखनपाल।

### आम नागरिकों को न काटने पड़ें दफ्तर के चक्कर

**उन्होंने** कहा कि आम नागरिक को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने की नौबत नहीं आनी चाहिए। उक्त दोनों कार्यक्रमों में विधायक ने कई जनसमस्याएं सुनीं और इनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया, जबकि अन्य जनसमस्याओं के अतिशीघ्र समाधान के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

### बिलासपुर शहर में बढ़ी चोरियों के बाद जागा पुलिस प्रशासन, रात्रि गश्त का बनाया प्लान

# गश्त को लेकर व्हाट्सऐप ग्रुप बनाने के आदेश, हर पल का दिया जाए अपडेट

शुभम राही, बिलासपुर

- थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी रात्रि गश्त पर रखेंगे नजर वीडियो भी शेयर करने के आदेश
- पुलिस प्रशासन ने प्लान किया तैयार, जिले भर के थानों और चौकियों में किए आदेश जारी
- प्रभारी इन गश्तों पर पूरी नजर रखेंगे और इसकी सारी फीडबैक पुलिस अधिकारियों के पास देंगे

बिलासपुर शहर में बढ़ रही चोरियों के बाद पुलिस प्रशासन जागा है। शहर के विभिन्न स्थानों पर काफी समय से चोरियों की वारदात सामने आ रही है, जिसमें चोर कभी लोगों के घरों, तो कभी निजी दफ्तरों में जाकर चोरियों को अनजाम दे रहे हैं।

यह चोरियों बिलासपुर शहर में ही हो रही हैं। इससे कहीं न कहीं बिलासपुर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। चोरियों के मामले बढ़ने के बाद पुलिस प्रशासन बिलासपुर ने अब एक मास्टर प्लान भी तैयार किया है, जिसमें रात्रि के समय पुलिस की गश्त अधिक बढ़ाना और हर गश्त का अपडेट अधिकारियों की ओर से मांगा जा रहा है। सोमवार को इसी संदर्भ में पुलिस प्रशासन ने रात्रि गश्त में तैनात पुलिस व होमगार्ड जवानों को एक व्हाट्सऐप ग्रुप नाने के आदेश जारी किए हैं।

इस ग्रुप के माध्यम से पुलिस व होमगार्ड जवान अपनी लोकेशन सहित लाइव फोटो और वीडियो ग्रुप में शेयर किया करें। इसके बाद रात्रि गश्त पर नजर रखने के लिए थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी की ड्यूटी लगाई जाएगी। यह प्रभारी इन गश्तों पर पूरी नजर रखेंगे और इसका सारी फीडबैक पुलिस अधिकारियों के पास देंगे।

### इन क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं आ रही सामने



इसी के साथ शहर के चंगर सेक्टर, डियारा सेक्टर, मेन मार्केट व अन्य स्थानों पर भी चोरियों की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे न केवल लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया है, बल्कि शहर की छवि भी खराब हो रही है। पुलिस प्रशासन को इन मामलों में लगाम लगाने के लिए सख्ती के कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में चोरों की मनमानी पर शिकंजा कसा जा सके। एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाओं में पुलिस की ओर से पकड़े गए लोगों की संलिप्तता पाई जा रही है। पुलिस अब इस जांच में जुटी हुई है कि आखिर इन लोगों की ओर से बिलासपुर में किन-किन जगह पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।

### प्लान किया तैयार

**बिलासपुर** एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस ने रात्रि गश्त को लेकर प्लान तैयार किया है। सोमवार को रात्रि गश्त को लेकर कुछ नए आदेश भी जारी किए गए हैं। चोरी के मामले में संलिप्त युवकों को बिलासपुर पुलिस पकड़ रही है।

यह आदेश बिलासपुर जिलाभर में सोमवार को जारी किए गए हैं।

बिलासपुर शहर में कुछ दिन पहले ही शराब के ठेके को लूटकर सेल्समैन के साथ मारपीट भी की गई, जिसमें पुलिस प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर चोरों को गिरफ्तार किया। (अनंत ज्ञान)

# जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए अधिकारी करें सक्रिय प्रयास: धर्माणी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



राजेश धर्माणी हंबोट गांव में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आधिकारी सक्रिय प्रयास करें, ताकि इनका अधिक से अधिक जानकारी व लाभ लोगों को मिल सके। कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं विकास खंड के हंबोट गांव में जनकल्याणकारी योजनाओं की आम जनता को जानकारी प्रदान करने के लिए आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आधिकारी निरंतर प्रयास करें, ताकि इनकी अधिक से अधिक जानकारी व लाभ लोगों को मिल सके। घुमारवीं विकास खंड में मनरेगा के तहत 4500 कार्यों को पूरक शेल्वस के रूप शामिल कर आपदा प्रभावित परिवारों को पुनर निर्माण के लिए सहायता प्रदान की गई। प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर बेरोजगार, स्वरोजगार अपनाएं, ताकि युवा अपनी आर्थिक को सुदृढ़ करने के साथ-साथ समाज को लाभ प्रदान करें।

प्रदेश में प्रति व्यक्ति उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। ई-टैक्सी योजना, सोलर पावर प्रोजेक्ट यूनिट लगाने की योजना सरकार ने लगाई है। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप योजना व अन्य योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लोग अपने परिवार के आर्थिक स्तर को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आगे आएं। उन्होंने हंबोट में कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ग्रामीणों को मोटा अनाज उगाने की भी अपील की गई।

# केंद्र ने विकास का रुख, बजट का मुख गांवों की ओर मोड़ा

अनंत ज्ञान, झंडूता

- पानी की तीन स्कीमें बनाने के साथ, सड़कों का नेटवर्क भी मजबूत किया

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने विकास का रुख और बजट का मुख गांवों की ओर मोड़ा है। इसी का नतीजा है कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पिछले छह वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। इस क्षेत्र में बागछाल व नंदनगरांव समेत नौ पुल और पानी की तीन बड़ी स्कीमें बनाने के साथ ही सड़कों का नेटवर्क भी मजबूत किया गया है।

यह सब केंद्र में भाजपा की सरकार होने से ही संभव हो पाया है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का भी अहम योगदान रहा है। विकसित भारत संकल्प पदयात्रा के तहत सोमवार को दूसरे दिन मलरांव में बालकृष्ण, कड़ोह में प्रेमचंद और जंगल ठठल चैंता में कृष्ण चंद के घर पर आयोजित कार्यक्रमों में जीतराम कटवाल ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। उन्होंने भाजपा की स्थापना के समय से पार्टी से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ताओं भाग सिंह, जल्लूराम राणा और पौनूराम राणा को सम्मानित किया।

देवतुल्य जनता का अपार स्नेह और आशीर्वाद उन्हें नई ऊर्जा और ताकत देता है। यह ऊर्जा उन्हें क्षेत्र का विकास करवाने और लोगों की समस्याओं का समाधान करके उन्हें सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रेरित करती है।

झंडूता को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना उनका सपना ही नहीं, बल्कि संकल्प है। इसे पूरा करने में वह कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। पिछड़ा कहे जाने वाले कोटधार क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के बाद उनका लक्ष्य इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना है। इसके लिए 200 करोड़ रुपए की योजना पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। इससे इस क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदल जाएगी।

# कर्मचारियों का ओपीएस की बहाली व अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर




ओपीएस की बहाली व अन्य मांगों को लेकर बिजली बोर्ड के कर्मी प्रदर्शन करते हुए।

वेतन की मांग पूरी होने के बाद बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने ओपीएस की बहाली, आउटसोर्स कमचारियों के हित में स्थायी नीति बनाने तथा बोर्ड में स्थायी प्रबंध निदेशक की नियुक्ति, जैसी मांगों को लेकर अपना आंदोलन जारी रखा है।

सोमवार को छठे दिन बिलासपुर में एचपीएसईबीएल इंप्लॉयज और इंजीनियर्स की ज्वाइंट फ्रंट कमेटी के बैनर तले लंच टाइम के दौरान प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। एचपीएसईबीएल इंप्लॉयज यूनियन की बिलासपुर यूनिट के अध्यक्ष यशवंत चौहान की अगुआई में प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि बिजली बोर्ड में अव्यवस्था का बोलबाला हो गया है। बोर्ड के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि कर्मचारियों को वेतन के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा। कई दिनों के संघर्ष के बाद कर्मचारियों और पेंशनर्स को उनका हक मिल पाया है, लेकिन बाकी मांगें अभी अधूरी हैं। बिजली बोर्ड में ओपीएस की बहाली, आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाने के लिए स्थायी नीति बनाने तथा बोर्ड में प्रबंध निदेशक का पद स्थायी तौर पर भरने की मांग को लेकर लड़ाई जारी है।

यशवंत ने कहा कि इन मांगों को लेकर बड़े आंदोलन का सहारा लिया जाएगा। इसके तहत 11 को प्रदेश भर से बिजली बोर्ड कर्मचारी शिमला कूच करेंगे। कर्मचारी भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। प्रदर्शन में इंजीनियर प्रकाश चंद चंदेल, रविंद्र चौधरी, विनोद गुप्ता, जितेंद्र व देवेंद्र, एसओ राजकुमार, जेई संजीव, संदीप, विकास, अंकुश, अक्षित, अंकित चंदेल, निशांत धीमान, सतीश, पूर्णमल व राकेश, यूनियन की बिलासपुर यूनिट के सचिव जोगेंद्र सिंह डोगरा तथा बृजेश कौशल, विंकेश, रेणु सेन, सुधा, मोनिका, छोटाराम, निशा, विद्या, मीरा, जयपाल धीमान, सुरेंद्र, सुखराम व रेखा आदि ने भाग लिया।

# रानी कोटला के दो छात्र गणतंत्र दिवस की परेड में लेंगे भाग

**श्री नयना देवी जी।** राज्य स्तरीय मेगा कैंप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाना कला में 29 दिसंबर से दो जनवरी तक चला, जिसमें 832 एनएसएस वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। कैंप में से 50 लड़के और 50 लड़कियां राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड शिमला के लिए चयनित हुईं, जिसमें रानीकोटला स्कूल के दो एनएसएस वॉलिंटियर्स नीरज और स्नेहा भी राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित हुए हैं।

यह रानीकोटला पाठशाला और स्थानीय ग्राम वासियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। पाठशाला पहुंचने पर प्रधानाचार्य रूमा हांडा ने मेडल पहनाकर बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि कार्यक्रम अधिकारी सरोज गौतम के कुशल नेतृत्व में मेहनत रंग लाई और बच्चों ने ऊंचाइयों को छुआ है। साथ ही पाठशाला का नाम रोशन किया है, जिस पर हम सबको गर्व है। उन्होंने इतनी कड़ाके की ठंड में भी पांच दिन मेगा कैंप में अपनी ड्यूटी दी, जिसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत व सरोज गौतम ने कार्य किया।

# जामली से भगत राम व सायर डोभा से राजेंद्र कुमार महामंत्री

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी

- श्री नयना देवी जी अपर मंडल किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित
- हंबार से कर्म सिंह, मैहथी से देश राज, गलौड से धर्मपाल कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

बीजेपी श्री नयनादेवी जी मंडल अप्पर किसान मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने अप्पर मंडल किसान मोर्चा कार्यकारिणी की सोमवार को घोषणा की है। उन्होंने कोठी हरडी छकोह से हरि राम शर्मा, सैकली से प्रेम लाल ठाकुर, दयोथ से राजेंद्र पाल, करोट से रामपाल, आसामझारी से हरि राम व चंदपुर सिकरोहा से जगदीश ठाकुर को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

उन्होंने जामली से भगत राम ठाकुर व सायर डोभा से राजेंद्र कुमार को महामंत्री नियुक्त किया। जुखाला से जगदीश ठाकुर प्रधान, चिल्ला से वेद प्रकाश, गुरौड सोलधा से कमल लाल, दिगथली से हेत राम, नालग जुखाला से कृष्ण लाल व स्योहला से भगवान दास सचिव का दायित्व निभाएंगे। सोहराब्यूंस से जगदीश को कोषाध्यक्ष, निहारखन बासला से छोटा राम को प्रवक्ता, कचैली से आदेश राज को कार्यालय सचिव, न्याइ सारली कोठीपुरा से रविंद्र को मीडिया प्रभारी, कचैली से प्यारे लाल को सोशल मीडिया प्रभारी तथा कोहल काटल घ्याल से हेमंत कुमार को आईटी प्रमुख का जिम्मा सौंपा है। इसके अतिरिक्त ध्याल से जोगिंद्र सिंह, ओडी बाडनू से रतन लाल, मंझोत स्योहला से मनोहर लाल, डुंगलू नम्होल से कमल लाल, जामली से धनी राम, छडोल से छोटू राम, डडोग जुखाला से राजेष कुमार, बाडनू से दिला राम, छकोह से रामरत्न, हंबार दयोथ से कर्म सिंह, मैहथी से देश राज, गलौड से धर्मपाल, सौटी छडोल से विनोद को कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया है।

# बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उनसे आर्थिक समर्थन जुटाया जाएगा

### स्कूली बच्चों की मदद के लिए विद्या भारती आगे आई, समर्पण अभियान किया शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



विद्या भारती के समर्पण अभियान के तहत सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में मौजूद कार्यकर्ता।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के उपलक्ष में आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान स्कूली बच्चों की मदद के लिए विद्या भारती आगे आई है। विद्या भारती के समर्पण अभियान के तहत सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय रौड़ा में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि एसवीएम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क करके उनसे आर्थिक समर्थन जुटाया जाएगा, ताकि पात्र गरीब प्रतिभाशाली बच्चों की मदद की जा सके। एसवीएम रौड़ा की स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विद्या भारती के उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री विजय नड्डा, हिमाचल शिक्षा समिति के संगठन मंत्री ज्ञान और महामंत्री सुरेश कपिल ने विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक में कहा कि कई बच्चे प्रतिभावान होने के बावजूद आर्थिक तंगी की वजह से उच्च शिक्षा हासिल करने से वंचित रह जाते हैं।

ऐसे बच्चों की आर्थिक मदद के लिए विद्या भारती ने समर्पण अभियान शुरू किया है। इसके तहत एसवीएम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क किया जाएगा।

उन्हें इस अभियान के उद्देश्य की जानकारी देकर उनसे आर्थिक समर्थन जुटाया जाएगा। इस आर्थिक सहयोग से प्रतिभावान गरीब बच्चों की मदद की जाएगी, ताकि पैसे की कमी उनके उज्वल भविष्य की राह में आड़े न आ सके।

# घर, जमीन, फलदार पेड़ आदि के मुआवजे के बारे में जानकारी दी

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी

- शिमला-मटौर फोरलेन विस्थापित एवं प्रभावित संघर्ष समिति ने की बैठक

शिमला-मटौर फोरलेन विस्थापित एवं प्रभावित संघर्ष समिति नौणी-नंहोल की बैठक दगसेच में इंटक के राज्य कार्यकारी प्रधान अधिवक्ता भगत सिंह वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में संघर्ष समिति के प्रधान बाबूराम सिसोदिया, कुलवीर भड़ोल, कमलेश, कालाराम ठाकुर, नानक चंद, नंदलाल, कृष्ण लाल, राजेंद्र ठाकुर, जीवन ठाकुर, चुनी लाल ठाकुर सहित अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में विभिन्न मसलों पर चर्चा हुई।

इस दौरान संशोधित भूमि अधिग्रहण एक्ट-2013 को लागू करने व फेक्टर नंबर-दो के तहत चार गुना मुआवजा देने, अधिग्रहण से बची जमीन को चिन्हित करने, आबादी देह रकबे का मुआवजा देने, अधिकृत जमीन का मुआवजा राशि जमा होने के बाद मकान बनाने के लिए कम से कम एक वर्ष का समय देने, पुस्तैनी रास्ते, जल स्रोत को सहजने, घर, जमीन, फलदार पेड़ अन्य पेड़ आदि के मुआवजे आदि के बारे में प्रभावितों को जानकारी दी जाए कि किस चीज का कितना मुआवजा किस हिसाब से दिया है, जिन क्षेत्रों में गांव, जंगल, जमीन में फोरलेन की बजह से ऊंचाई ज्यादा हो उनके रास्तों की समस्या का समाधान करने, फोरलेन के विस्थापितों को फोरलेन के पास निर्माण कार्य में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की एनओसी में छूट देने की मांग की, जिसके तहत फोरलेन में दोनों तरफ 100 मीटर के क्षेत्र में एनओसी की जरूरत होती है।

बैठक में तय किया गया कि इन सभी मांगों के बारे में जल्द ही प्रशासन से बात की जाएगी। समस्या का समाधान न होने पर विचार किया जाएगा।

## केक काट कर मनाया विधायक का जन्मदिन



सोमवार को बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल के जन्मदिवस के अवसर पर युवा मोर्चा सदर मंडल के कार्यकर्ता केक काट कर धूमधाम से विधायक का जन्मदिन मनाते हुए।

**परेशानी** एक साल पहले हटाए गए साइन बोर्ड को दोबारा नहीं लगा पाया लोनिवि, लोगों को हो रही दिक्कत

# सही शब्द लिखकर दोबारा लगाने की नहीं उठाई जहमत

बलवंत कमल, दधोल






विभाग की ओर से कसोहल शब्द को कसौल, भदरोग शब्द को वदरोग और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरसिंधी को मोरसीधी लिखा गया है।

सदर विस क्षेत्र की मोरसिंघी पंचायत में एक साल पहले लोनिवि की ओर से हटाए गए ओवरहैड साइन बोर्डों को आज तक दोबारा नहीं लगाया गया है।

स्थानीय लोगों की ओर से दी गई शिकायत के बाद इनको हटाया गया था, लेकिन उसके बाद इनको सही हिंदी लिखकर दोबारा लगाने की जहमत लोनिवि ने नहीं उठाई है। आपको बता दें कि विभाग की ओर से कसोहल शब्द को कसौल, भदरोग शब्द को वदरोग लिखा गया था, जिसके चलते स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया था और इसको तुरंत प्रभाव से हटाया गया था। परंतु एक साल बीत जाने के बाद भी आज दिन तक विभाग ने इनको सही ढंग से लिखकर दोबारा नहीं लगाया है, जिससे यहां पर वाहनों चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरसीधी भी गलत लिखा गया था, सही शब्द राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरसिंधी व ऐरो भी अंकित होना चाहिए था, लेकिन स्कूल को जाने वाले मार्ग तक भी बोर्ड को दोबारा नहीं लगाया गया।

उधर, इस संदर्भ में जब लोनिवि मंडल कुठेड़ा के सहायक अभियंता सीता राम ठाकुर से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर बोर्ड लगा दिए गए हैं, अगर लोगों की मांग है तो उक्त स्थानों पर जल्द ही बोर्ड लगा दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# कर्मचारियों को सेवा विस्तार दिए जाना तर्कसंगत नहीं: यशपाल

अनंत ज्ञान, दधोल

हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ ने कर्मचारियों को सेवा विस्तार दिए जाने के निर्णय पर खेद व्यक्त किया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल रणौत और प्रदेश महासचिव राजीव चंदेल ने कहा कि सरकार पहले भी कुछ चहेते कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद सेवा विस्तार का लाभ देती थी पर वर्तमान सरकार ने किसी भी कर्मचारी अधिकारी को सेवा विस्तार न देने का बादा किया था, लेकिन अब वर्तमान सरकार भी कुछ कर्मचारियों को सेवा विस्तार दे रही है, जो कि सरासर गलत निर्णय है क्योंकि इससे पदोन्नति चैनल प्रभावित होता है। वर्षों से पदोन्नति की राह देख रहे कर्मचारियों के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशकों को दोबारा सेवा विस्तार दिए जाने के निर्णय का विरोध किया है। 2016 के बाद प्रधानाचार्य की पदोन्नति प्लेसमेंट के आधार पर ही की जाती रही है।

संघ निकट भविष्य में प्रधानाचार्य की नियमित पदोन्नति सूची जारी करने की मांग करता है। एक टीजीटी लगभग 30 वर्ष के सेवा काल के बाद प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नत होता है। इस प्रकार से वह अपने सेवाकाल के अंतिम पड़ाव में बिना किसी वित्तीय लाभ के दूरदराज क्षेत्र में सेवाएं देने को मजबूर हैं।

### शिक्षा उपनिदेशकों के 30 पद चल रहे रिक्त

इस समय में प्रदेश में शिक्षा उपनिदेशकों के 30 पद रिक्त चल रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि इन पदों को आरएंडपी नियमों के आधार पर कोटे के अनुसार भरा जाए। वर्तमान में हेडमास्टर कैडर के शिक्षा उपनिदेशकों के 24 पद रिक्त चल रहे हैं। संघ के नेताओं ने सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक को दोबारा सेवा विस्तार देने पर आपत्ति जताई है। संघ के नेताओं प्रदेशाध्यक्ष यशपाल रणौत, महासचिव राजीव चंदेल, उपप्रधान उत्तम राणा, वित सचिव रवि दास, उपप्रधान भंडारी, बिलासपुर के प्रधान लेख राम, उपप्रधान राकेश ठाकुर, वित्त सचिव रमेश गौतम, कुल्लू के प्रधान कुंदन शर्मा, चंबा के प्रधान मनोज शर्मा, ऊना के प्रधान विवेक दत्ता, मंडी के प्रधान दर्शन शर्मा, हमीरपुर के प्रधान अजय नंदा, शिमला के प्रधान राकेश ने संयुक्त बयान के अनुसार शिक्षा उपनिदेशक के पदों पर उच्च न्यायालय के एक निर्णय अनुसार वरिष्ठतम प्रधानाचार्य को कार्यभार देना चाहिए न कि सेवा विस्तार।

# हिमाचल एक्सप्रेस में लगेंगे एलएचबी कोच, अब 16 के बजाय होंगे 18 कोच

## पेसेंजर्स को नहीं लगेंगे हिचकोले ◗ दिल्ली का सफर होगा आरामदायक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करने वाले पेसेंजर्स के लिए अच्छी खबर है। उत्तरी रेलवे इस ट्रेन के पुराने आईसीएफ कोच हटाकर एलएचबी कोच लगाने जा रहा है, जिससे पेसेंजर्स का सफर सुरक्षित और आरामदायक हो जाएगा, साथ ही एलएचबी कोच से हिमाचल एक्सप्रेस नए लुक में नजर आएगी।

ट्रेन में कुल 18 एलएचबी कोच होंगे, क्योंकि इसमें एक एसी और एक जरनल का कोच बढ़ जाएगा। इससे ट्रेन में लगभग 144 सीटें और बढ़ जाएंगी। एक कोच में लगभग 72 सीटें होती हैं। अभी हिमाचल एक्सप्रेस में 16 आईसीएफ कोच लगे हैं। एलएचबी कोच से ट्रेन में सीट की कैपेसिटी भी बढ़ जाएगी, इससे वेटिंग भी कम हो जाएगी, जिससे पेसेंजर्स की टिकट आसानी से कंफर्म हो सकेगी।

बताते चलें कि इस ट्रेन में मौजूदा समय में 16 आईसीएफ कोच लगे हैं, लेकिन आईसीएफ कोच का सस्पेंशन एलएचबी कोच से बेहतर नहीं होता है। इसमें यात्रा के दौरान बहुत तेज आवाज आती है और पेसेंजर्स को जोर के झटके भी लगते हैं। वहीं, एलएचबी कोच की खासियत यह है कि इसमें सफर काफी आरामदायक होता है। इसके रेक में हाइड्रोलिक सस्पेंशन होता है, जिससे यात्रा के दौरान शोर भी कम होता है, साथ ही पेसेंजर्स को झटके भी महसूस नहीं होते हैं।



### जनशताब्दी एक्सप्रेस में एलएचबी कोच

**करीब** डेढ़ साल पहले रेलवे ने जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के पुराने कोच की जगह एलएचबी कोच लगाए थे। यह ट्रेन प्रतिदिन दौलतपुर चौक से नई दिल्ली के बीच अप/डाउन करती है। इसके अलावा अंब-अंदौरा से चलने वाली हजूर साहिब नांदेड वीकली एक्सप्रेस में भी एलएचबी कोच लगे हैं।

### कब हुई थी शुरू

11 जनवरी, 1991 को हिमाचल एक्सप्रेस ऊना से दिल्ली के बीच शुरू हुई थी। यह ऊना से चलने वाली सबसे पुरानी रेल सेवा है, जिसे 32 साल हो चुके हैं। 15 जनवरी, 2019 को हिमाचल एक्सप्रेस को पेसेंजर्स की सुविधा के लिए दौलतपुर चौक तक एक्सटेंड कर दिया गया। अब यह ट्रेन शुक्रवार से आईसीएफ रेक की बजाय एलएचबी कोच से नए लुक में नजर आएगी।

### ऐसा है शेड्यूल

**हिमाचल** एक्सप्रेस (14554) दौलतपुर चौक से प्रतिदिन रात को 9.20 बजे रवाना होती है और दूसरे दिन सुबह पांच बजे दिल्ली पहुंचती है। दौलतपुर चौक से ट्रेन 399 किलोमीटर की दूरी सात घंटे 40 मिनट में पूरी करती है। इसके दिल्ली तक 20 हॉल्ट हैं। वहीं ट्रेन (14553) दिल्ली से प्रतिदिन रात को 10.50 बजे चलती है और दूसरे दिन सुबह 7.05 बजे दौलतपुर चौक स्टेशन पर पहुंचती है। दिल्ली से 399 किलोमीटर का सफर आठ घंटे 15 मिनट में तय करती है। इसके दिल्ली से दौलतपुर चौक तक कुल 22 हॉल्ट हैं।

### पेसेंजर्स को होगी सुविधा

ऊना रेलवे स्टेशन के एसएस रोदाश सिंह ने माना कि इस ट्रेन में आईसीएफ की जगह एलएचबी कोच लगाए जा रहे हैं। यह ट्रेन 12 जनवरी से एलएचबी कोच के साथ चलेगी। उन्होंने कहा कि एलएचबी कोच से पेसेंजर्स का सफर पहले से बहुत ज्यादा आरामदायक हो जाएगा।


## चिंतपूर्णी के ट्रैफिक प्लान में आंशिक बदलाव : डीसी

**ऊना।** चिंतपूर्णी के प्रतिबंधित ट्रैफिक प्लान में आंशिक बदलाव किया गया है। अब गैस सप्लाई वाहन, स्कूल बसें, बैंक/एटीएम कैश वैन और स्थानीय लोगों को, जिनके घर प्रतिबंधित एरिया में आते हैं। उनके वाहनों सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक आने अनुमति रहेगी। इसके लिए उन्हें एसडीएम अंब से अनुमति लेनी पड़ेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला दंडाधिकारी राघव शर्मा ने बताया कि चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार किया था। इसके तहत कुछ क्षेत्रों को वाहन प्रतिबंधित ट्रैफिक एरिया अधिसूचित किया था। राघव शर्मा ने बताया कि अधिसूचित किए गए प्रतिबंधित ट्रैफिक प्लान में आंशिक बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि गैस सप्लाई वाहन, स्कूल बसें, बैंक/एटीएम कैश वैन और स्थानीय लोगों के निजी वाहन जो कि प्रतिबंधित वाहन यातायात क्षेत्र के भीतर आते हैं। साथ ही जिनके निवास तक मार्ग प्रतिबंधित वाहन क्षेत्र से होकर जाता है। इन लोगों के वाहनों को सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक प्रतिबंधित ट्रैफिक क्षेत्र में जाने की अनुमति होगी। बशर्ते उन्हें एसडीएम अंब से लिखित में अनुमति लेनी होगी।

## भाषा अध्यापक का भरा जाएगा एक पद 10 तक करें आवेदन

**ऊना।** डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंटरी एजुकेशन ऊना द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों के अनारक्षित श्रेणी में से एक पद बैच आधार पर भरा जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि उक्त बैच व श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी, जिन्होंने अपना नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं करवाया है। ऐसे अभ्यर्थी 10 जनवरी से पहले अपना नाम रोजगार कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://eemis.hp.nic.in में दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के टेलीफोन नंबर 01975-226063 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सरनोटी चंबोआ खैरियां में फिर से तेंदुए की दहशत



**बंगाणा।** जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की डीहर पंचायत के गांव खैरियां सरनोटी चंबोआ सहित अन्य गांवों में तेंदुआ परेशान करने लगा है। स्थानीय लोगों में पूर्व बीडीसी सदस्य अशोक शर्मा, बार्ड सदस्य सुरेश कुमार, लक्की शर्मा, बंटी शर्मा, श्वेता शर्मा, मनीशा शर्मा, ममता शर्मा का कहना है कि पिछले तीन चार दिन से रात के समय तेंदुआ घरों के आसपास घूम रहा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से उक्त स्थान पर पिंजरा लगाने की मांग की है। वहीं पर वन विभाग रामगढ़ धार रेंज अधिकारी अश्वनी शर्मा का कहना है कि मामला उनके ध्यान में आया है। जल्द ही वन विभाग के कर्मचारियों को उक्त स्थान पर भेजा जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों को तेंदुए की गतिविधियों से आगवत करवाया जा सके। स्थानीय ग्रामीणों से भी अनुरोध किया है कि इस बारे में स्थानीय वन विभाग के कर्मचारियों से संपर्क करें।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर।



बंगाणा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए सुनील राणा।



अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए पत्रकार जोगिंदर देव और विपन साजन।

# विधायक भुट्टो ने कसा भाजपा पर तंज

## बोले- धैर्य रखें अभी एक वर्ष पूरा हुआ; चार वर्ष की अवधि बाकी, संयम बनाए रखे विपक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र में हम अपने एक वर्ष के कार्यकाल के रिपोर्ट कार्ड ही क्या, बल्कि पूरी फिल्म और किताब प्रकाशित करके दिखाएंगे। विपक्ष थोड़ा धैर्य रखें। अभी एक वर्ष का समय बीता है। अभी चार वर्ष का कार्यकाल के अरसा बहुत लंबा है। पूर्व मंत्री धैर्य बनाकर रखे और जनता के जनादेश का स्वागत करें। यह शब्द कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सीसे स्कूल तयूड़ी व डंगोली में वार्षिक पारितोषिक विरतण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके कहे। भुट्टो ने कहा कि कांग्रेस ने जो चुनावों में वादा किया था। उसे पूरा भी कर रही है। पहली कैबिनट बैठक में ओपीएस फार्मूला लागू करके सरकारी कर्मचारियों को राहत दी है। उन्होंने कहा कि अब तो ओपीएस कर्मचारियों को मिलना भी शुरू हो गई है। 1500 रुपए प्रति माह पर विधायक भुट्टो ने तंज कसते हुए कहा कि जब यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा ओपीएस लागू कर दी है, तो महिलाओं को डंके की चोट पर 1500 रुपए प्रति माह भी मिलेंगे। अगर विपक्ष को 15 सौ रुपए की ज्यादा जल्दी है। तो दस वर्ष पूर्व 2014 में जो लोकसभा चुनावों में हर व्यक्ति के खाते में 25 लाख देने का वादा किया था। उसमें से 15 सौ काटकर बाकी जनता के खाते में डाले। भुटटो ने स्कूल प्रिंसीपल व स्टाफ को बेहतर सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों पर बधाई दी और प्रथम दूसरे तीसरे स्थान पर आने बाले स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए नशे से दूर ओर पढ़ाई के साथ खेलों में रुचि बढाने और माता-पिता और गुरुजनों का मान सम्मान करने की नसीहत भी दी। स्कूल पहुंचने पर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का स्वागत किया गया। एनसीसी टुकड़ी ने मार्च पास्ट की सलामी दी। स्कूल स्टाफ द्वारा मुख्यातिथी को समानित किया।



कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का वार्षिक पारितोषिक विरतण समारोह में स्वागत करता स्कूल का स्टाफ।

### भूमि का प्रबंध करें मैरिज पैलेस बनाना मेरी जिम्मेदारी

**विधायक** भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में एक वर्ष में छह मैरिज पैलेस का शिलान्यास हो चुका है, जिसमें से पांच मैरिज पैलेस का कार्य जोरों पर चला हुआ है। पंचायत डंगोली में आप हमें भूमि चयनित करवाएं। एक माह के भीतर मैरिज पैलेस का कार्य शुरू करवाना मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनता को वेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। जो गरीब परिवार होटल में लाखों खर्च करके शादियां कर रहे हैं। हमारे द्वारा बनाए मैरिज पैलेस में केवल मात्र पर्ची कटाकर आराम से हर परिवर अपने घर के सदस्य की शादी कर सकता है। बिना किसी राजनीति द्वेष भाव से कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर गरीब परिवार की मदद भी की है और पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से विकास को गति भी प्रदान की है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी के माध्यम से अश्विनी वैष्णव व अनुराग ठाकुर को भेजा मांगपत्र



**ऊना।** चंडीगढ़ और नंगल डैम तक आने वाली ट्रेनों को अंब-अंदौरा तक बढ़ाए जाने की मांग उठने लगी है। इस संबंध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक अरुण कौशल ने डीसी के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को मांगपत्र भेजा है। इसमें चंडीगढ़ से लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस, नंगल डैम से कोलकाता गुरमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, चंडीगढ़ से मुदरई सुपरफास्ट और संगम एक्सप्रेस को अंब-अंदौरा तक एक्सटेंड करने की मांग शामिल है। इसके अलावा अंब-अंदौरा से हजूर साहिब नांदेड वीकली एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन चलाने और तीन रेलवे स्टेशनों पर कोच डिसप्ले की साइन बोर्ड लगाने की मांग की है। अरुण कौशल ने कहा कि ऊना, अंब-अंदौरा और दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोच के डिसप्ले बोर्ड स्थापित किए जाएं, क्योंकि डिसप्ले बोर्ड न होने से यात्रियों को बड़ी परेशान होती है। उन्होंने कहा कि चुरूडू टकारला और दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन में सेकेंड प्लेटफार्म का निर्माण किया जाएगा।

### अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए 17 से करें ऑनलाइन आवेदन, 17 मार्च को होगी परीक्षा

**ऊना।** अग्निपथ योजना के तहत एयरमैन चयन केंद्र अंबाला द्वारा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, जम्मू एंड कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के अविवाहित पुरुषों व महिलाओं के लिए अग्निवीर वायु भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कमांडिंग ऑफिसर अंबाला कैंट विंग कमांडर एवीजी रेड्डी ने बताया कि अग्निवीर वायु भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 17 जनवरी से छह फरवरी तक भारतीय वायु सेना की बेवसाइट https://agnipathvayu.cdac.in जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर वायु भर्ती के लिए अभ्यर्थी का जन्म दो जनवरी, 2004 से दो जुलाई, 2007 के मध्य होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अग्निवीर वायु भर्ती के लिए पंजीकरण और परीक्षा शुल्क 550 रुपए रहेगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीर वायु भर्ती के ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च को आयोजित होगी। रेड्डी ने कहा कि अभ्यर्थी योग्यता से संबंधित जानकारी के लिए भारतीय वायु सेना की बेवसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

### लोअर अरनियाला के पास गहरे गड्ढे में गिरी स्कूटी सवार महिला, बाल-बाल बची

**ऊना।** लोअर अरनियाला के पास स्कूटी सवार महिला गैस पाइप लाइन के लिए खुदाई किए लगभग 12 फुट गहरे गड्डे में जा गिरी। घटना में महिला की जान बच गई, लेकिन महिला को चोटें आई हैं। घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला ऊना की तरफ से अपनी स्कूटी पर आ रही थी। इस दौरान लोअर अरनियाला के नजदीक स्कूटी के आगे कुत्ता आ गया, जिसे बचाते समय महिला स्कूटी सहित गहरे गड्डे में गिर गई, जिसमें पानी भी भरा हुआ था। दीपक शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों ने सीढ़ी डालकर महिला को गहरे गड्डे से बाहर निकाला। इसके बाद स्कूटी को जेसीबी से बाहर निकाला गया। उधर, सुभाष चंद ने बताया कि इस जगह गैस पाइप लाइन के लिए गड्डा खोदे हुए 15-20 दिन हो चुके हैं। गड्डे से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस बारे प्रशासन को भी अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

# अंदरोली में दस करोड़ की घोषणा नई या फिर पेंडिंग राशि स्वीकृत : वीरेंद्र कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**राज्य** भाजपा के उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय मैंने 40 करोड़ का एक एस्टिमेट कुटलैहड़ विस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए केंद्र सरकार को भेजा था। उसमें कुटलैहड़ के बाबा गगरीब नाथ मंदिर के अंदरोली को गोवा की तर्ज पर विकसित करने के लिए 14,56 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई थी। दो करोड़ की धनराशि अंदरोली में पर्यटकों के लिए बढ़िया कैफे के निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ था। डेढ़ वर्ष में अंदरोली में करीब 3,54 करोड़ से अंदरोली विकसित और खर्च हुआ है। राज्य में सरकार बदलने के बाद कार्य ठंडे बस्ते में पड़ गया। अब जो सुक्खू सरकार में पर्यटन निगम बोर्ड के चेयरमैन रघुवीर सिंह बाली रविवार को दस करोड़ की घोषणा अंदरोली में करके गए हैं। अगर यह पहले की स्वीकृति से अलग है, तो हम उसका स्वागत करते हैं। अगर यह बची हुई धनराशि से दस करोड़ की घोषणा हुई है, तो हम इस घोषणा की निंदा करते हैं।

कंवर ने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन होने के बाद कुटलैहड़ के अंदरोली में यह दूसरा बड़ा उत्सव है। हमें इस बात की खुशी है कि कुटलैहड़ व अंदरोली में स्टेट और नेशनल के कार्यक्रम हो रहे हैं। पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है, लेकिन जब हम कुटलैहड़ के अंदरोली को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का प्रयास कर रहे थे, तो इन्हीं पार्टी नेताओं ने विरोध किया था। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश सचिव सुरम सिंह, कुटलैहड़ भाजपा मंडल महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा मौजूद थे।



बंगाणा में मीडिया से बात करते राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर।

# स्कूलों ने अपनाया नशा मुक्त ऊना अभियान का संकल्प



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबेहड़ा के स्टूडेंट्स नशे से दूर रहने का संदेश देते।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**नशा** मुक्त ऊना अभियान के सफर को आगे बढ़ाते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबेहड़ा में आयोजित हुए कार्यक्रम में बच्चों ने नाटक के माध्यम से सबको नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

जैसे-जैसे नशा मुक्त ऊना अभियान का सफर आगे बढ़ रहा है स्कूलों में बच्चों ने नशा मुक्त ऊना अभियान द्वारा चलाए रहे अभियान को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लिया है कोई भी कार्यक्रम स्कूल में होता है सबसे पहले नशे खिलाफ अपनी आवाज उठाकर स्थानीय लोगों को सभी स्कूल के बच्चों को जागृत करने करने का बेड़ा उठा लिया है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू प्रधान अंजू बाला, उपप्रधान सतीश, प्रिंसीपल दलवीर सिंह व सभी अध्यापक नशा मुक्त ऊना अभियान के प्रोग्राम ऑफिसर सतपाल रणावत स्थानीय लोगों के साथ आशा कार्यकर्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी पंचायत के मेंबर उपस्थित रहे।

**आगाज** | उपायुक्त ने किया बैंबू वाटिका का शुभारंभ, प्रोजेक्ट में बैंबू इंडिया और स्वां वुमन फेडरेशन की रहेगी भागीदारी

# घंडावल बैंबू विलेज में पौधरोपण, 30 प्रजातियों के लगाए बांस

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**उपायुक्त** राघव शर्मा ने सोमवार को ऊना के घंडावल में स्थापित की जा रही बैंबू गांव परियोजना में बनने वाली बैंबू ऑक्सीजन पार्क में पौधरोपण कर बैंबू वाटिका का शुभारंभ किया। वाटिका में बांस की लगभग 30 प्रजातियों को रोपित किया गया और आगामी समय में यह वाटिका पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी।

इस अवसर पर जानकारी देते हुए राघव शर्मा ने बताया कि बैंबू गांव परियोजना, केंद्र सरकार की राष्ट्रीय बैंबू मिशन कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा घंडावल गांव में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में बांस के विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाए जाएंगे, जिनमें से मुख्यत: बांस के टूथ ब्रश, शेविंग रेजर, ब्रश, पेन इत्यादि होंगे, जिनको बनाने के लिए उपकरण उपलब्ध करवा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में बैंबू इंडिया और स्वां वुमन फेडरेशन की भागीदारी रहेगी। उन्होंने बताया कि फेडरेशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा उत्पाद तैयार किए जाएंगे तथा निर्मित किए गए उत्पाद बैंबू इंडिया द्वारा क्रय किए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि बैंबू से निर्मित उत्पादों के लिए विक्रय केंद्र और कैफे भी बनाने के लिए प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक उत्पादों की जगह बांस से निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देना है।

इस मौके पर उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान, उद्योग विभाग के प्रबंधक अखिल शर्मा, बैंबू इंडिया के प्रबंध निदेशक योगेश शिंदे, स्वां वुमन फेडरेशन के मुख्य सलाहकार राजेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।



ऊना जिले के घंडावल में बने बैंबू विलेज में बांस की विभिन्न प्रजातियों का पौधरोपण किया, जिसका शुभारंभ डीसी राघव शर्मा ने किया।

मनुष्य का हमेशा डर के माध्यम से शोषण किया जाता रहा है। -ओशो



## ओएनजीसी का कमाल, एनर्जी में आत्मनिर्भर बनेगा अब देश

**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी बेसिन में अपनी बहु-विलंबित गहरी समुद्री परियोजना से तेल उत्पादन शुरू कर देश को एनर्जी में आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। ओएनजीसी की इस उपलब्धि से सारा देश गदगद है। ओएनजीसी को यह सफलता यूं ही नहीं मिली, बल्कि उसे इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ी है। ओएनजीसी काफी सालों से कृष्णा नदी के बेसिन में तेल निकालने के प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। कृष्णा गोदावरी बेसिन के जिस प्रोजेक्ट से तेल निकाला जा रहा है, वह बंगाल की खाड़ी के डेल्टा का हिस्सा है और आंध्र प्रदेश की जल सीमा से 35 किलोमीटर दूर है। वैसे तो तेल का उत्पादन नवंबर 2021 तक शुरू होना था, लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना के कारण इसमें देरी हुई। भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है।

कच्चे तेल के मामले में अब भारत को दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों और ईंधन की बढ़ती मांग के चलते कच्चे तेल की जरूरत कभी कम नहीं हुई, बल्कि बढ़ती ही रही है। पहले देश का घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन ज्यादा असरदार नहीं रहा है, लिहाजा इसका इंपोर्ट काफी ज्यादा ऊपर चला जाता है। ऑयल मिनिस्ट्री की मानें तो चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के बीच भारत ने अपनी जरूरत का 87.8 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात किया है। वहीं, इस दौरान घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन जरूरत का 12.2 प्रतिशत ही है। ऐसे में नए कच्चे तेल के कुओं से उत्पादन शुरू होने से घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ने से मुश्किलें काफी हद तक कम हो जाएंगी। पेट्रोलियम मंत्रालय की पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि देश की कच्चे तेल की जरूरत के लिए आयात पर निर्भरता वित्त वर्ष 2022-23 में 87.3 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले साल यानी वित्त वर्ष 2021-22 में ये 85.5 फीसदी पर रही थी।

ओएनजीसी ग्रीन एनर्जी की दिशा में आगे बढ़ रही है। कंपनी ने साल 2030 तक ग्रीन एनर्जी की क्षमता को बढ़ाकर 10 गीगावॉट तक करने का लक्ष्य रखा है। ओएनजीसी का काम तेल और प्राकृतिक गैस की तलाश करना है। ओएनजीसी ने भारत में सात तेल और गैस उत्पादनशील बेसिनों में से छह की खोज की है। साल 1955 में प्राकृतिक संसाधन और वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्रालय के अधीन देश में तेल और प्राकृतिक गैस संसाधनों को विकसित करने के लिए एक तेल और प्राकृतिक गैस निदेशालय की स्थापना की गई। केशव देव मालवीय ने भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के तहत तेल और गैस विभाग के तौर पर ओएनजीसी की नींव रखी थी। साल 1956 में सरकार ने औद्योगिक नीति को अपनाया। केंद्र सरकार ने 14 अगस्त 1956 को निदेशालय को आयोग का दर्जा दे दिया। इसकी शुरुआत आठ लोगों की टीम से की गई थी। फरवरी 1994 में ओएनजीसी को सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम बनाया गया और इसका नाम तेल और प्राकृतिक गैस निगम में बदल दिया गया। इस तरह से

# पहाड़ों की रगों में नशे की डोज

**नशा समाज में फैली एक बीमारी है, चाहे वो तंबाकू, शराब, बीड़ी, सिगरेट, खैनी और गुटखा हो या आज प्रचलित सिंथेटिक ड्रग्स इंजेक्शन या चिट्टा क्यों न हो। हर दूसरे-तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश में चिट्टे के ओवरडोज से युवाओं के मरने की खबरें सामने आती हैं। आखिर यह सामाजिक बुराई क्या है? क्यों समाज का आगे आना आवश्यक नहीं है? जब परिवार में किसी के माध्यम से यह बुराई पनप रही है, तो उसी समय इसको पकड़ना मुश्किल क्यों है? क्यों हिमाचल डूब रहा है? क्यों नैतिक मूल्यों को तिलांजलि दी जा रही है? दोषी सब होने चाहिएं। सरकार, समाज और परिवार भी। क्या हमारे शैक्षिक ढांचे के नैतिक मूल्यों में गिरावट तो नहीं आ गई? पहले यह सोचकर बुरा करने से बुरा होगा। अभी चीजों का भय था। आज भय मौत का भी नहीं है। मौत युवाओं के मध्य बहुत ही महंगे नशे में सस्ती हो चुकी है।**

**महंगे नशों के लिए बुजुर्गों या मां-बाप की हत्या को भी हमारे समाज ने देख लिया है। हमने देखा है कि नशे की लत में शिमला के टूटीकंडी का युवक जो चिट्टे या ड्रग इंजेक्शन के ओवरडोज के कारण लावारिस हालत में खनेरी अस्पताल रामपुर में पड़ा था, जिसकी सुध इतने दिन तक उसके घरवालों ने भी नहीं ली। जब उसकी मृत्यु हुई, तब उसका शव लेने उसके परिवार के सदस्य आए।**



लेखक
सिकंदर बंसल
रामपुर, बुशहर



'**कहते हैं** किसी को आदत लगने में वक्त नहीं लगता, मगर आदत को खत्म करने में जिंदगी गुजर जाती है।' हमारा समाज अनेक इकाइयों से बनी एक स्थापित मूल्यों पर आधारित एक व्यवस्था है, जिसमें प्रत्येक संस्था या इकाई का महत्वपूर्ण योगदान होता है। परिवार भी समाज की एक महत्वपूर्ण संस्था है। हमारा समाज हमारे देश की विशेषता, देश की शक्ति आदि को इंगित करता है। अगर हमारे समाज की कोई भी इकाई कमजोर होगी, तो हमारा देश कमजोर होगा। अनेक बुराइयों की वजह से आज हमारा समाज लड़ रहा है, जिसमें एक प्रमुख बुराई युवा वर्ग में नशों के प्रति बढ़ती रुचि या आदत है। बुरी आदत समय पर न बदली जाए, तो बुरी आदत जरूर आपका समय बदल देगी। यही बुरा दौर आजकल हमारे समाज में चल रहा है।

नशा समाज में फैली एक बीमारी है, चाहे वह तंबाकू, शराब, बीड़ी, सिगरेट, खैनी और गुटखा हो या आज प्रचलित सिंथेटिक ड्रग्स इंजेक्शन या चिट्टा क्यों न हो। हर दूसरे-तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश में चिट्टे के ओवरडोज से युवाओं के मरने की खबरें सामने आती हैं। आखिर यह सामाजिक बुराई क्या है? क्यों समाज का आगे आना आवश्यक नहीं है? जब परिवार में किसी के माध्यम से यह बुराई पनप रही है, तो उसी समय इसको पकड़ना मुश्किल क्यों है? क्यों हिमाचल डूब रहा है ? क्यों नैतिक मूल्यों को तिलांजलि दी जा रही है? दोषी सब होने चाहिएं। सरकार, समाज और परिवार भी। क्या हमारे शैक्षिक ढांचे के नैतिक मूल्यों में गिरावट तो नहीं आ गई? पहले यह सोचकर बुरा करने से बुरा होगा। अभी चीजों का भय था। आज भय मौत का भी नहीं है। मौत युवाओं के मध्य बहुत ही महंगे नशे में सस्ती हो चुकी है।

महंगे नशों के लिए बुजुर्गों या मां-बाप की हत्या को भी हमारे समाज ने देख लिया है। हमने देखा है कि नशे की लत में शिमला के टूटीकंडी का युवक जो चिट्टे या ड्रग इंजेक्शन के ओवरडोज के कारण लावारिस हालत में खनेरी अस्पताल रामपुर में पड़ा था, जिसकी सुध इतने दिन तक उसके घरवालों ने भी नहीं ली। जब उसकी मृत्यु हुई, तब उसका शव लेने उसके परिवार के सदस्य आए। कितना दुखद होता है कि जब एक युवा सपनों एवं अपनी इच्छा शक्ति से इस देश या समाज के लिए कुछ करना चाहे और वो अपनी बुरी आदत के कारण इस हालत में मरने को विवश हो जाए। देखा-देखी, चाहत, लालसा या फिर आदत। सामाजिक गठजोड़ कहीं न कहीं डगमगा रहा है। जवानी अब कब्र की दास्तान बनने जा रही है।

*'चिट्टे की आदत को कुछ इस तरह मैंने अपनी पंक्तियों में पेश किया है।*
*चिट्टा एक चाहत/ चिता को चित करने की*
*चकराते चैन/ चूं-चूं दाना ढूंढे*
*जैसे दर-बदर/ चूजों की फौज*
*तैयार है निवाला/ यमलोक में यमला-पगला-दीवाना*
*न लोकलाज/ न शर्म-धर्म*
*चिट्टा एक कर्म/ छलनी करे चर्म*
*चश्मों चिराग का/ लटकती पेंट, सिकुड़ते गाल*
*वाह रे तेरी टेढ़ी-मेढ़ी चाल/ चालबाज है चिट्टे की*
*चट-चट, झट-पट/ देख न ले तेरा घूंघट*
*लगे तू बस अब पोपट/ खून न घूमे घर-घर*
*चिट्टा जाए नस-नस/ करे बस तहस-नहस*
*रोती मां, परेशान बाप / बिखलती बहन हाथ जोड़े बस-बस*
*भईया हुआ अब कब-तक/ शाम का खाना, ज्यूं का त्यूं*
*खाए न कोई सुबह तक/ जवानी का जश्न जहर बना*
*तेरा अड्डा मौत का शहर बना/ देखा-देखी, लालसा फिर वो आदत बनी*
*घर छोड़ भईया चिट्टा तेरी इबादत बनी/ कोई चिढ़ाए इसका भाई, उसका भाई*
*सोशल मीडिया की वो खबर बनी/ हाथ पीले तुम्हीं से थे भईया,*
*बस जीते जी यही मेरी कब्र बनी/ मां-बाप-गुरु का अब मान कहां*
*सिख अब उनकी पनोती बनी/ तू बस सोचे अपना,*
*और मैं सारी रात रोती बनी।'*

समस्या समाज की भी है और सरकारों की भी है। अभी हिमाचल प्रदेश सरकार एक पहल करने जा रही है। हिमाचल में भांग की खेती को वैध किया जाएगा, जिसके ऊपर सरकार विधानसभा में बिल भी पारित करने वाली होगी। मजेदार बात यह है कि किसी भी सामाजिक संस्था, जनप्रतिनिधि या सामाजिक कार्यकर्ता और विपक्ष ने इसका विरोध या वाद-विवाद करना उचित नहीं समझा। ठीक है वैध कीजिए, परंतु इसके मापदंड क्या होंगे? क्या कभी स्कूली शिक्षा के किसी पाठ्यक्रम में यह बताया जाएगा कि भांग से सरकार को कितना राजस्व प्राप्त होगा। कहीं ऐसा न हो कि कुल्लू के मलाणा गांव की तरह बच्चों की रुचि पुस्तकों से हटकर भांग को व्यवसाय बनाकर उनके जीवन का ही बसंत मुरझा जाए। प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए भले ही सरकार समय-समय पर नियम और कानून कड़े कर रही है, लेकिन युवाओं को इनसे कोई सरोकार नहीं है।

युवा नशे की ओवरडोज से मौत को गले लगा रहे हैं। सरकार ने इस साल नशे के खिलाफ नियमों में भी संशोधन किए हैं और इसके तहत कम से कम मात्रा में हेरोइन व चरस पकड़े जाने पर भी जेल होगी। नशे की ओवरडोज से मौत होने पर जिसने मरने वाले को नशा बेचा है, उसके खिलाफ भी गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने का प्रावधान है। नियमों में संशोधन के बावजूद युवा पीढ़ी जस से तस नहीं हो रही है। अंत में -

*'महंगे नशे की खातिर*
*जवानी सस्ती हो गई है*
*मां-बाप छोड़ चिट्टा*
*तेरी अब बस्ती हो गई है।*
*दिन-रात मेरे लाल को*
*ढूंढने की सख्त गश्ती हो गई है*
*अभी भी वक्त है संभल जा मेरे दोस्त*
*नहीं तो नस्लों को बचाने*
*की चुनौती हो गई है।'*

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### कागज के पतवारों से

*भारत माता पूछ रही है,*
*घाटी के गद्दारों से।*
*नौका कोई पार लगी है?*
*कागज के पतवारों से।।*
*केसर की क्यारी में कौन,*
*जहर की फसलें उगा रहा है।*
*डल झील के जल में कौन,*
*नफरत की आग लगा रहा है।।*
*घाटी घायल हो रही है,*
*दहशतगर्द गुबारों से।*
*भारत माता पूछ रही है,*
*घाटी के गद्दारों से।।*
*तिरंगे का अपमान करें तो,*
*हम कैसे खामोश रहें।*
*बहन के आंसू मां की पीढ़ा,*
*कैसे हम चुपचाप सहें।।*
*कैसे हाथ मिला लें हम,*
*आतंकी सरदारों से।*
*भारत माता पूछ रही है,*
*घाटी के गद्दारों से।।*
*भारत मां का खाकर जो,*
*राग पाक का गाएगा।*
*वीर सैनिकों के ऊपर जो,*
*हाथ पत्थर बरसाएगा।।*
*उन हाथों को कटना होगा,*
*देश भक्त औजारों से।*
*भारत माता पूछ रही है,*
*घाटी के गद्दारों से।।*
*आतंकी आकाओं को,*
*अब मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।*
*एक शीश के बदले दस सिर,*
*ऐसा उन्हें हिसाब मिलेगा।।*



*यह सब लिख कर आए हैं हम,*
*दुश्मन की दीवारों पे।*
*भारत माता पूछ रही है,*
*घाटी के गद्दारों से।।*

कवि
गोपाल शर्मा
जय मार्केट
कांगड़ा।

## प्रेरक कथा



### जो होता है अच्छे के लिए होता है

**एक** बार राजा की उंगली कट गई। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। वह अपने सैनिकों पर गुस्सा करने लगा और पूरी तरह दर्द से बौखला गया था। जब मंत्री ने राजा को इस दुर्दशा में देखा तो कहा कि जो होता है अच्छे के लिए होता है। यह सुनकर राजा अत्यधिक क्रोधित हो गया और मंत्री को अपने राज्य से हमेशा के लिए निकलने का आदेश दे दिया।

राजा कई दिनों तक सो नहीं पाया। राजा सोचता था कि मेरी उंगली कट गई और इसमें क्या अच्छा है? यह अच्छा नहीं हुआ मेरे साथ। एक ही महीनों बाद राजा शिकार करने जंगल में गए। वहां कुछ लोगों ने राजा को घेर लिया। वह किसी ऐसे इंसान की तलाश में थे, जिसकी बलि दे सकें। राजा को पकड़कर बलि देने के लिए लेकर गए। राजा बहुत घबरा गया और उतने में ही बलि देने वालों में से एक ने कहा कि हम इस इंसान की बलि नहीं दे सकते, क्योंकि इसकी उंगली कटी हुई है। हमें पूरे अंग का इंसान चाहिए क्योंकि इसकी बली देने से यह हमारी देवी के लिए अपमान हो जाएगा। यह सुनते ही राजा को मंत्री की कही बात का ध्यान आया कि जो होता है अच्छे के लिए होता है। अब राजा खुशी-खुशी अपने दरबार में गया और यह कथा सबको सुनाई। राजा ने मंत्री को वापस बुला लिया। मंत्री की प्रतिष्ठा काफी बढ़ गई।

# अपराध एक बढ़ती समस्या, मामूली विवाद पर हो रहीं हत्याएं



लेखक
विशाल ठाकुर
बरठीं

**जुर्म की दुनिया में रिश्तों और भरोसे का बेरहमी से कत्ल करने वालों की बीते वर्ष में विशेष चर्चा रही।**

**दुआ है दिल को आहत करने वाली जो घटनाएं 2023 में घटित हुई हैं, उस तरह की घटनाएं आगे न दोहराई जाएं।**

**कभी प्यार, कभी दुश्मनी, कभी धन तो कभी जमीन के लिए हत्या। आज कुछ एक घटनाओं का जिक्र करना जरूरी है, जिन्होंने 2023 में आम इंसान के दिल को झकझोर कर रख दिया हो।**

**2023** अब बीत चुका है और 2024 सामने है। जुर्म की दुनिया में रिश्तों और भरोसे का बेरहमी से कत्ल करने वालों की बीते वर्ष में विशेष चर्चा रही। दुखद घटनाओं में कई लोगों ने अपनों को खोया और कइयों ने अपनों को ही मौत के घाट उतार दिया। दुआ है दिल को आहत करने वाली जो घटनाएं 2023 में घटित हुई हैं, उस तरह की घटनाएं आगे न दोहराई जाएं। हालांकि यह एक कल्पना मात्र ही लगती है, क्योंकि असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों का एक्टिव मोड में आना कभी भी हो सकता है।

समाज में अपराध एक बढ़ती हुई समस्या है। मामूली विवाद पर लोग हत्या करने पर उतारू हो जाते हैं। कभी प्यार, कभी दुश्मनी, कभी धन तो कभी जमीन के लिए हत्या। आखिर इंसान और इंसानियत दिशाहीन क्यूं हो रहे हैं? आज कुछ एक घटनाओं का जिक्र करना जरूरी है, जिन्होंने 2023 में आम इंसान के दिल को झकझोर कर रख दिया हो। इन घटनाओं को देखने वाले अभी भी सदमें में हैं और सुनने वाले दहशत में। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से सावधानी जरूरी है।

किसी को मार कर शव को फ्रिज में रखना, शव के टुकड़े-टुकड़े करना या किसी को मार कर शव के पास डांस करने जैसे वाक्या बीते हुए वर्ष के कुछ दिल दहला देने वाली घटनाओं में शामिल हैं। राजस्थान के अलवर में कुछ दिन पहले ही सब्जी बनाने को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। फिलहाल शुरुआत वर्ष बीते वर्ष के पहले दिन से करते हैं। देश की राजधानी दिल्ली में हुई वारदात से शुरू करते हैं। एक ऐसी घटना जिसने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी थीं, जब पूरा देश नववर्ष के जश्न में डूबा था। दिल्ली के कंझावला में एक 20 साल की अंजलि की स्कूटी को टक्कर मार कर उसकी जान ले ली गई। हेवानियत की सारी हदें पार करते हुए आरोपी सुल्तानपुरी से कंझवाला तक करीब 12 किलोमीटर अंजली को कार के साथ घसीटते हुए ले गए। इस मामले में चार आरोपी जेल में हैं। इसके पश्चात गत 10 फरवरी को दिल्ली के बाबा हरिदास नगर इलाके में बहुचर्चित निक्की यादव को उसके ही लिव-इन पार्टनर साहिल गहलोत ने आपसी बहस के बाद बेरहमी से मार डाला। उसने शव को मित्राऊं गांव में अपने फ्रिज में छिपा दिया।

27 मई, 2023 को दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके साहिल नाम के युवक ने 16 साल की किशोरी की बेरहमी से हत्या कर दी। साहिल ने किशोरी को कई बार चाकू से गोदा, फिर पत्थर से कुचल कर जान ले ली। तीन जून, 2023 को मुंबई से सटे मीरा रोड स्थित आकाशगंगा अपार्टमेंट निवासी मनोज साने ने अपनी लिव पार्टनर सरस्वती वैद्य को बेहद भयावह और क्रूरता से मार डाला। आरोपी ने शव के कटर मशीन से कई टुकड़े किए। चार अप्रैल 2023 को बिहार के दरभंगा जिले के निस्ता गांव में एक बेटे ने अपनी ही मां की जान ले ली। मां महमूदा खातून मुन्नी खून से लथपथ जमीन पर पड़ी छटपटा रही थी, लेकिन बेटे को अपनी करतूत पर जरा भी अफसोस नहीं था।

21 नवंबर, 2023 को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में सिर्फ 350 रुपए की लूट के लिए एक युवक की 100 से ज्यादा बार चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपी ने लाश के पास डांस भी किया। 2020 में भारत में अनुमानित 1.3 मिलियन अपराध हुए, जिनमें हत्या और हमले जैसे हिंसक अपराधों से लेकर चोरी या धोखाधड़ी जैसे छोटे अपराध शामिल थे। 2021 असाधारण रूप से विनाशकारी था, जिसमें लगभग 4,58,000 हत्याएं हुईं। वर्ष 2019 और 2021 के दौरान भारत में दर्ज किए गए हत्या के लगभग 16.8 प्रतिशत मामले संपत्ति, भूमि या जल तक पहुंच के विवादों से जुड़े थे। कोविड-19 महामारी के आर्थिक प्रभाव तथा संगठित अपराध, गिरोह-संबंधी एवं सामाजिक-राजनीतिक हिंसा में वृद्धि ने इसे और अधिक बढ़ाने में अहम योगदान दिया।

वर्ष 2019 और 2023 के बीच सालाना हत्या के कारण औसतन लगभग 440,000 मौतें हुईं। युवा हत्या और गैर-घातक हिंसा न केवल समय से पहले मौत, चोट और विकलांगता के वैश्विक बोझ में योगदान देती है, बल्कि किसी व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कामकाज पर भी गंभीर प्रभाव डालती है। यह सब पीड़ित परिवारों, दोस्तों और समुदायों को प्रभावित कर करता है। युवा हिंसा से स्वास्थ्य, कल्याण और आपराधिक न्याय सेवाओं की लागत बढ़ जाती है। युवा हिंसा को रोकने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। आवश्यकता है युवा हिंसा की दरों और आर्थिक असमानताओं के बीच मजबूत संबंध को पहचानें। समाज के सबसे गरीब क्षेत्र, जो अमीर और गरीबों के बीच महत्वपूर्ण धन अंतर से चिह्नित हैं, लगातार युवा हिंसा की उच्चतम दर प्रदर्शित करते हैं। आर्थिक असमानताएं वंचित युवाओं में हताशा और निराशा को बढ़ाती हैं, जिससे ऐसा माहौल बनता है, जहां हिंसा एक आम आउटलेट बन जाती है। स्थायी रोकथाम के लिए, आय असमानता को संबोधित करना, आर्थिक गतिशीलता बढ़ाना और शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार के अवसरों तक पहुंच बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

# पश्चिमी मीडिया का दुखद दोगला व्यवहार



ब्लॉगर

लेखक
मुमुक्षु के ठाकुर, मोहल्ला ओबड़ी
चंबा शहर, स्वतंत्र पत्रकार

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**आज** ही नहीं, ऐसा बीते कई-कई दशकों से चला आ रहा है। दूसरे देशों के मामलों में दखल देना व टांग अड़ाना अमेरिका और अन्य पश्चिमी मीडिया अपना अधिकार समझता है और वह भी दोहरे-तिहरे मापदंडों के साथ।

अमेरिकी संसद पर हुए उनके अपने ही नागरिकों के हमले की तो कथित बुद्धिजीवी आलोचना करते हैं, लेकिन लालकिले पर हुए देश विरोधियों के आक्रमण को यही लेखक, पत्रकार 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' कहते हैं। इन्हीं विषयों पर सुप्रसिद्ध लेखक, स्तंभकार अमीश त्रिपाठी के विचार व प्रतिक्रिया सर्वथा मननीय और प्रशंसनीय है।

बहुत सारे लोगों को मालूम है कि अमीश त्रिपाठी कई श्रेष्ठ पुस्तकों के रचयिता हैं। अमीश त्रिपाठी ने कुछ नए रहस्योद्घाटन किए हैं। कई विदेशी लेखक, पत्रकार दिल्ली में कर रहे तथाकथित कुछ किसानों के आंदोलन को अधिकार की लड़ाई और दुरुस्त घोषित कर देते हैं और इन सब को विराट राष्ट्र भारत के हजारों साल पुराने इतिहास, सभ्यता, संस्कृति का 'क, ख, ग' भी मालूम नहीं है। इन लोगों को सिर्फ 'लुटयिन की दिल्ली' व 'पश्चिम मुंबई' वाला भारत ही ज्ञात है, अर्थात इन आलीशान, वैभवपूर्ण, ऐश्वर्यवान जगहों पर रहनेवाले या घूमने-फिरने वाले लोगों के व्यक्तिगत विचार और राय को ही 'भारत' समझ लिया जाता है। भारत के अन्य एक सौ तीस करोड़ से भी अधिक नागरिकों के बारे में ये सब कोई मालूमात नहीं रखते, न ही ऐसे विदेशी लेखक-पत्रकार भारत की आम जनता के साथ कोई संवाद करते हैं और इनको हिंदी व अन्य सभी भारतीय भाषाओं के बारे भी कतई मालूम नहीं है।

नेहरू केंद्र लंदन के निदेशक अमीश ने एक और बहुत ही महत्वपूर्ण तथ्य की ओर ध्यान दिलाया है कि आधे प्रतिशत से भी कम किसानों के कृत्यों और करतूतों का तो विदेशी बुद्धिजीवी समर्थन करते हैं लेकिन यही लोग विश्व व्यापार संगठन के कार्यक्रमों में भारतीय किसानों की घोर आलोचना करते हैं। यहां तक कि ये लेखक-पत्रकार भारत सरकार पर दबाव डालने का कुत्सित प्रयास करते हैं कि भारत में किसानों को दी जाने वाली सभी प्रकार की सब्सिडी व विशेष सुविधाएं तुरंत समाप्त की जाएं। इसे दोगलेपन की पराकाष्ठा कहा जा सकता है।

भले ही हम हिंदुस्तानी आज पूर्ण सफलतापूर्वक चांद, सूरज तक पहुंच चुके हैं, लेकिन, भारत विरोधी कथित 'शक्तियां' आज भी इन्हीं दुष्ट प्रयासों में लगी रहती हैं कि संपूर्ण पृथ्वी पर आज भी भारत की छवि सिर्फ एक मदारियों, सपेरों और घोर दरिद्रता वाले किसी बीमारु देश की बनी रहे। इसके विपरीत व अप्रिय परिस्थितियों में भी अमीश त्रिपाठी पचासों विदेशी लेखकों-पत्रकारों के साथ लगातार संपर्क में हैं कि उन सभी लोगों को भारत की वास्तविकता और महानता से परिचित कराया जाता रहे।

## आपका पत्र

**आधुनिक** युग में हर क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। पिछले बीस सालों में विज्ञान की बड़ी क्रांति देखने को मिल रही है। आज हम बात करेंगे कृत्रिम दिमाग यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, एक ऐसी मशीन जो इंसानों की तरह सोच-विचार कर सकती है। आज के समय में यह विज्ञान युग की सबसे बड़ी क्रांति है, जो आने वाले समय में बड़े बदलाव ला सकती है। मनुष्य के सामाजिक जीवन से लेकर स्वास्थ्य तक इसकी दखल होने लगी है। कई बड़े अस्पतालों में रोबोट सर्जरी कर रहे हैं। ये मशीनें बड़ी सुविधाएं लेकर आ रही हैं, लेकिन इसके साथ जिन खतरों की संभावनाएं हैं, उनकी हम आप शायद कल्पना तक नहीं कर सकते। धीरे-धीरे हम कृत्रिम दिमाग पर निर्भर होने लगे हैं। इसकी शुरुआत गूगल ने कर दी है। हम आज बहुत कुछ सोचने-विचारने के लिए आज गूगल पर निर्भर हो गए हैं, वहीं अब कृत्रिम दिगाम की इन मशीनों का दखल भी इंसानी दिमाग के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। यह चुनौती सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक असंतुलन लाने में भी बड़ी भूमिका निभा सकती है। ऐसा समय आने वाला है कि विज्ञान के इस खतरे को लेकर सतर्क और तैयार रहने की जरूरत पड़ सकती है। - **अमीशा, हमीरपुर**

## आपकी डायरी

**सला पर मेरी ही होती हैं सुबहें**
**हमारे हुक्म पे सूरज ढला है**
**नही मंजूर हमको कोई हासिल**
**जो आसानी से सस्ते में मिला है।**
**चुना दो-राहे पर हमने है अक्फ़र**
**वही रस्ता, गया जो कम चला है।**



शायर
वीपी सिंह 'अक्फर'
पालमपुर, कांगड़ा

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# टी-20 सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी वुमंस टीम इंडिया

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा और अंतिम मुकाबला आज

**एजेंसी, नवी मुंबई**

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीतकर करना चाहेगी।

तीन मैच की सीरीज एक-एक से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी-20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखलाओं में से केवल एक में जीत दर्ज की है, जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने एकमात्र सीरीज 2015-16 में ऑस्ट्रेलिया में जीती थी और इस टीम के खिलाफ उसकी उपलब्धियों में यह शीर्ष पर है।

भारत ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड नौ विकेट से हराया था, लेकिन दूसरे मैच में मेजबान टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

भारत के लिए हरमनप्रीत की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। भारतीय कप्तान सभी प्रारूपों में पिछले 10 मैच में अर्धशतक जड़ने के नाकाम रही है। वह पिछली 11 पारियों में सात बार दोहरे अंक में पहुंचने में नाकाम रही हैं।

दूसरे मैच में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन भारत को जीत दिलाने में नाकाम रहीं। उन्होंने 27 गेंद में 31 रन बनाकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया और फिर ऑस्ट्रेलिया की पारी के शुरुआती दो विकेट भी चटकाए, लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए नाकाफी थी।

शुरुआती दो टी-20 मुकाबलों की पिच पर बल्लेबाजों को स्वच्छंद होकर खेलने का मौका नहीं मिला है विशेषकर पहली पारी में जिससे गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। रविवार को दूसरे टी-20 में मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ ने कहा कि यह बल्ले और गेंद के बीच वास्तव में अच्छा मुकाबला रहा है, इसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए कुछ न कुछ है।

दीप्ति को भी दूसरे मैच की पिच बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण लगी।

उन्होंने कहा कि यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था। गेंद टर्न के साथ-साथ (पिच पर टप्पा खाने के बाद) धीमी रह रही थी। मुझे लगता है कि हमने लगभग 15 रन कम बनाए।

### भारत

**हरमनप्रीत** कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सेइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा और मीनू मणि।

### ऑस्ट्रेलिया

**डार्सी** ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान), जेस योनासेन, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम।



**समय**
**शाम**
**7:00**
**बजे**

# देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात : अवनि

**नई दिल्ली।** अमेच्योर गोल्फ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल इकलौती भारतीय अवनि प्रशांत के लिए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। 17 साल की अवनि इस महीने दो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत की अगुआई करेंगी। वह नौ से 12 जनवरी तक तक दक्षिणी गोल्फ क्लब में वार्षिक ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप में भाग लेगी। इसमें चार सदस्यीय भारतीय टीम में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इसके बाद चारों खिलाड़ी 16 से 19 जनवरी तक ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर चैंपियनशिप में खेलेंगे। हीना कांग टीम की दूसरी महिला खिलाड़ी है।



> **भारत** के लिए खेलना हमेशा सम्मान की बात है। 2023 मैं कुछ अच्छे परिणाम हासिल करने में सफल रही। मेरा दीर्घकालिक लक्ष्य पेशेवर गोल्फ खेलना है, लेकिन अभी ऑस्ट्रेलिया में होने वाले दोनों आयोजन बहुत प्रतिष्ठित हैं। मेरा पूरा ध्यान इसी पर है। उम्मीद है कि यह साल मेरे लिए पिछले साल से बेहतर होगा।
>
> **-अवनि प्रसांत, गोल्फर, भारत।**

## न्यूज ब्रीफ

### मुंबई मैराथन के ब्रांड दूत बने लंबी दूरी के जाने माने धावक मेब केफलेजिगी

**मुंबई।** एथेंस ओलंपिक 2004 के रजत पदक विजेता और लंबी दूरी के जाने माने धावक मेब केफलेजिगी को रविवार को 19वीं टाटा मुंबई मैराथन का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। यह विश्व एथलेटिक्स की 'गोल्ड लेबल' की रेस है और प्रोकैम इंटरनेशनल इसका प्रमोटर है। एरीट्रिया में जन्में अमेरिकी केफलेजिगी ने उस समय इतिहास रचा था, जब वह ओलंपिक पदक (2004), न्यूयॉर्क सिटी मैराथन (2009) और बोस्टन मैराथन (2014) जीतने वाले पहले धावक बने थे। वह 2009 में 1982 के बाद न्यूयॉर्क मैराथन जीतने वाले पहले अमेरिकी भी बने। वह अपने करियर में कुल आठ बार न्यूयॉर्क मैराथन में शीर्ष 10 में शामिल रहे। टाटा मुंबई मैराथन को रविवार को एतिहासिक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से हरी झंडी दिखाई जाएगी।

### वरुण तोमर और ईशा सिंह ने स्वर्ण के साथ किया ओलंपिक कोटा हासिल

**जकार्ता।** भारत के युवा निशानेबाजों वरुण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की क्रमशः पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए। इन दोनों के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ भारत के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के 15 कोटा हासिल कर लिए हैं और इसके साथ ही टोक्यो खेलों में सबसे अधिक निशानेबाज उतारने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली। भारतीय निशानेबाजों के पास बाकी क्वालीफायर स्पर्धाओं के जरिए भी इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों में जगह बनाने का मौका होगा। भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पहले दिन दो टीम स्वर्ण सहित कुल छह पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम को लगातार तीसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने का भरोसा

**रांची।** अटैकिंग मिडफील्डर नवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक कोटा हासिल करने को लेकर आश्वस्त है और यहां की परिस्थितियों की जानकारी आठ टीम के हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर से पहले मेजबान टीम को अच्छी स्थिति में रखेगी। नवनीत ने कहा कि रांची में जल्दी पहुंचने से हमें मुख्य पिच (मैदान) पर कुछ सत्र अभ्यास का मौका मिला और इससे हमें मौसम के अनुकूल ढलने में भी मदद मिली। उन्होंने कहा कि हम महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी इस स्थल पर खेल चुके हैं, इसलिए हम पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं। नवनीत ने कहा कि हमने खूंटी जिले में भी जाकर प्रशिक्षण लिया जो हमारे कुछ साथियों का घर है और उन बच्चों के चेहरे पर उत्साह देखना अविश्वसनीय था जो हमारी हौसलाअफजाई करने आए थे।

### मलेशिया ओपन में सकारात्मक शुरुआत करना चाहेंगे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

**कुआलालंपुर।** पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर नजरें टिकाए बैठे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के साथ नए सत्र की प्रभावी शुरुआत करने की उम्मीद होगी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अगले चार महीने में काफी कुछ दांव पर लगा होगा और इस दौरान उनकी नजरें व्यस्त कार्यक्रम के बीच अप्रैल के अंत तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाकर पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी। ओलंपिक में जगह बनने की दौड़ में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय आगे चल रहे हैं। उनके लिए पिछला सत्र शानदार रहा जिसमें उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में पहली बार कांस्य पदक और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में खिताब जीता।

# दक्षिण अफ्रीका के क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा

## विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने संक्षिप्त करियर में चार मैच खेले व 13.00 के औसत से 104 रन बनाए



**एजेंसी, प्रिटोरिया (द. अफ्रीका)**

**दक्षिण** अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है, जिससे लाल गेंद के प्रारूप में उनका संक्षिप्त करियर खत्म हो गया।

रांची में 2019 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 32 साल के क्लासेन ने अपने संक्षिप्त टेस्ट करियर में चार मैच खेले। वह अपना आखिरी टेस्ट पिछले साल जोहांसबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले थे। क्लासेन ने अपने टेस्ट करियर में 13.00 के औसत से 104 रन बनाए और सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 35 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही।

क्लासेन हालांकि सफेद गेंद के प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने बयान में कहा कि मैं सही फैसला कर रहा हूं या नहीं इसे लेकर कुछ दिन नींद नहीं आई। मैंने लाल गेंद के क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि यह आक्रामक बल्लेबाज टी-20 फ्रेंचाइजी लीग में खेलने को लेकर उत्सुक है। क्लासेन एक हफ्ते के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले दूसरे क्रिकेटर हैं। पिछले हफ्ते भारत के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला एक-एक से बराबर रहने के साथ डीन एल्गर ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

क्लासेन को भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए मौका नहीं दिया गया था, क्योंकि मुख्य कोच शुक्री कोनरेड ने काइल वेरिने को खिलाने का फैसला किया था।

### टेस्ट खेल का मेरा सबसे पसंदीदा प्रारूप

**क्लासेन** ने कहा कि मैंने यह मुश्किल फैसला किया है, क्योंकि यह खेल का मेरा सबसे पसंदीदा प्रारूप है। मैंने मैदान के अंदर और बाहर जो लड़ाई लड़ी उसने मुझे वह क्रिकेटर बनाया जो मैं आज हूं। उन्होंने कहा कि यह शानदार सफर रहा और मुझे खुशी है कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पाया। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि मुझे जो टेस्ट कैप मिली वह मेरे लिए सबसे कीमती कैप है। मेरे लाल गेंद के करियर में भूमिका निभाने और मैं आज जो क्रिकेटर हूं मुझे वह बनाने में मदद के लिए सभी को धन्यवाद। उन्होंने कहा कि लेकिन अब एक नई चुनौती इंतजार कर रही है और मैं उसे लेकर उत्सुक हूं।

### पुजारा ने इंग्लैंड सीरीज के लिए ठोकी दावेदारी

# रणजी ट्रॉफी के मैच में जड़ा शानदार दोहरा शतक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**टीम** इंडिया ने इतिहास रचते हुए साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज ड्रॉ की थी। वहीं अब टीम इंडिया घरेलू सीजन के लिए तैयार है। टीम इंडिया सबसे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज घर पर ही खेलेगी। इसके बाद रोहित की सेना को 25 जनवरी से इंग्लैंड के विरुद्ध पांच टेस्ट मैच भी खेलने हैं। अफगानिस्तान सीरीज के लिए तो भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए स्क्वॉड की घोषणा होनी बाकी है।

**ट्रॉफी में अब तक लगा चुके हैं आठ दोहरे शतक**




### इंग्लैंड के खिलाफ पुजारा को मिल सकता है मौका

**इंग्लैंड** के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए टीम का ऐलान जल्द होने की उम्मीद जताई जा रही है। कहा जा रहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ टीम चुनने में भारतीय चयनकर्ताओं को काफी माचापच्ची करनी पड़ सकती है। फिलहाल रणजी ट्रॉफी भी खेली जा रही है और इसमें कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो बेहद उम्दा प्रदर्शन कर रहे है। टीम इंडिया के टेस्ट स्पेशलिस्ट और सबसे अनुभवी बल्लेबाजों में से एक चेतेश्वर पुजारा ने भी अपनी फॉर्म साबित कर दी है। पुजारा ने झारखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में सौराष्ट्र की ओर से नाबाद 243 रनों की पारी खेली थी। पुजारा की शानदार फॉर्म और झारखंड के खिलाफ प्रदर्शन के बाद उनको नजरअंदाज करना चयनकर्ताओं के लिए काफी मुश्किल होगी। इंग्लैंड जैसी तगड़ी टीम के खिलाफ मामूली तकनीक वाले खिलाड़ियों चुनने की बजाय 'टेस्ट विशेषज्ञ' पुजारा को चुनना कोई खराब फैसला नहीं होगा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज में ज्यादातर भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।

### कर्नाटक की पंजाब पर बड़ी जीत

**हुबली,** कर्नाटक में सोमवार को एलीट ग्रुप सी के एकतरफा मुकाबले में पंजाब को 7 विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। कर्नाटक ने पंजाब के पहली पारी के 152 रन के जवाब में 8 विकेट पर 514 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की थी। इस तरह से कर्नाटक के सामने केवल 52 रन का लक्ष्य था जो उसने मैच के चौथे दिन तीन विकेट खोकर हासिल कर दिया।

### गुजरात ने तमिलनाडु को 111 रन से हराया

**वलसाड** में खेले गए ग्रुप सी के एक अन्य मैच में गुजरात ने तमिलनाडु को 111 रन से हराकर 6 अंक हासिल किए। तमिलनाडु में चौथे दिन अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 32 रन से आगे बढ़ाई लेकिन 299 रन के लक्ष्य के सामने उसकी टीम 187 रन पर आउट हो गई। गुजरात की तरफ से अर्जन नागासवाला ने 34 रन देकर चार विकेट लिए।

इसी ग्रुप में अगरतला में खेले गए मैच में गोवा के विकेटकीपर बल्लेबाज कृष्णमूर्ति सिद्धार्थ ने नाबाद 151 रन बनाए, लेकिन उनकी इस पारी के बावजूद त्रिपुरा ने यह मैच 257 रन के बड़े अंतर से जीता। त्रिपुरा ने पहली पारी में 484 रन बनाने के बाद अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 151 रन पर समाप्त घोषित करके गोवा के सामने 500 रन का लक्ष्य रखा था।

चंडीगढ़ में इसी ग्रुप का एक अन्य मैच रेलवे और चंडीगढ़ के बीच ड्रॉ रहा। रेलवे ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन जबकि चंडीगढ़ ने एक अंक हासिल किया।

# मुंबई ने बिहार को पारी के अंतर से किया चित

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

**पटना** में खेले गए मैच में मुंबई ने बिहार को पारी और 51 रन से हराया। बिहार की टीम फालोआन करते हुए अपनी पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी 100 रन पर आउट हो गई। मुंबई की तरफ से शिवम दुबे सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 10 रन देकर चार विकेट लिए।

रायपुर में रियान पराग की 155 रन की शानदार पारी के बावजूद असम को छत्तीसगढ़ से 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। उधर अलपुझा में उत्तर प्रदेश और केरल के बीच मैच ड्रॉ रहा। रिकी भुई की 175 रन की शानदार पारी से आंध्र ने सोमवार को बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के ग्रुप बी का मैच ड्रॉ कराया।

जम्मू में हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के बीच खेले गए मैच पर खराब रोशनी का साया रहा। पहली पारी में बढ़त के आधार में हिमाचल प्रदेश को तीन जबकि जम्मू कश्मीर को एक अंक मिला।

मध्यप्रदेश और उत्तराखंड के बीच देहरादून में खेला गया मुकाबला भी ड्रॉ रहा।

### मैथ्यू के पांच विकेट से पुडुचेरी ने दिल्ली पर आसान जीत की दर्ज

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज एबिन मैथ्यू (39 रन पर पांच विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पुडुचेरी ने एलीट ग्रुप डी मैच में सोमवार को मेजबान दिल्ली को नौ विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में शानदार आगाज किया। दिल्ली ने चौथे दिन की शुरुआत दूसरी पारी आठ विकेट पर 126 रन से की। उसकी टीम 19 रन जोड़कर 145 रन आउट हो गई। मैथ्यू ने रणजी करियर में पहली बार पांच विकेट झटके। उन्हें गौरव यादव (49 रन पर तीन विकेट) और सौरभ यादव (43 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। पुडुचेरी को जीत के लिए 51 रन का लक्ष्य मिला जिसे उसने आकाश कारगवे (23) के विकेट को गंवा कर हासिल कर लिया। इस जीत से पुडुचेरी को छह अंक मिले।

ग्रुप के अन्य मैच में बड़ौदा ने ओडिशा को 147 रन के बड़े अंतर से हराकर छह अंक हासिल किया। बड़ौदा के लिए शाश्वत रावत ने दूसरी पारी में 102 रन बनाए। टीम ने चार विकेट पर 258 रन पर पारी घोषित कर दी। पहली पारी में 171 रन बनाने वाले ओडिशा को जीत के लिए 432 रन का लक्ष्य मिला। ऑफ स्पिनर महेश पिठिया (61 रन पर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने लेकिन पूरी टीम 284 रन पर आउट हो गई।

### इंटर काशी ने सुपर कप के लिए किया क्वालीफाई

**भुवनेश्वर।** स्पेन के मारियो बारको के दो गोल की मदद से इंटर काशी ने सोमवार को राजस्थान यूनाइटेड फुटबाल क्लब को 5-0 से हराकर सुपर कप के ग्रुप चरण में अपनी जगह पक्की की। बारको के अलावा टीम के लिए एडमंड लालरिंडिका, तोम्बा सिंह और मुहम्मद अजसल ने गोल किए। इंटर काशी ने सुपर कप के ग्रुप डी में जगह बनाई। इस ग्रुप में बेंगलुरु एफसी, एफसी गोवा और ओडिशा एफसी की टीमें हैं।

### बीएआई 28 खिलाड़ियों के उठाएगा खर्च

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) इस साल सीनियर राष्ट्रीय पुरुष और महिला चैंपियन क्रमशः चिराग सेन और अनमोल खर्ब सहित 28 खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का खर्च उठाएगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की रैंकिंग में 26वें से 75वें स्थान पर मौजूद भारतीय खिलाड़ियों के अलावा सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ऐसे खिलाड़ी जो राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें इससे फायदा मिलेगा।

**एडीलेड इंटरनेशनल टूर्नामेंट** | **होबार्ट इंटरनेशनल डब्ल्यूटीए में एलिस मर्टेन्स ने डेनियल कोलिन्स को दिखाया रास्ता**

# क्रेसिकोवा और हदाद माइया पहले दौर में हारे

**एजेंसी, एडीलेड (ऑस्ट्रेलिया)**

**फ्रेंच** ओपन की पूर्व चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा और बीट्रिज हदाद माइया को सोमवार को एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर अन्ना केलिन्सकाया ने 2021 की फ्रेंच ओपन विजेता और चौथी वरीय क्रेसिकोवा को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी।

केलिन्सकाया तीसरे और निर्णायक सेट में जब 6-5 से आगे थी, तो उन्हें क्रेसिकोवा की सर्विस पर तीन मैच प्वाइंट मिले, जिसमें से तीसरे पर अंक जुटाकर उन्होंने मैच अपने नाम किया। पूर्व में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बना चुकी पावलुचेनकोवा ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए मुख्य वर्ग में जगह बनाते हुए पांचवीं वरीय हदाद माइया को 6-3, 6-4 से हराया।





पहले दौर में एक अन्य मुकाबले में एना बोगडन ने केटी बोल्टर को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी।

दूसरी तरफ होबार्ट इंटरनेशनल डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय एलिस मर्टेन्स ने डेनियल कोलिन्स को 6-2, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### यूबैंक्स और मोनफिल्स ऑकलैंड क्लासिक के पहले दौर में हारे

**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)।** अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स और फ्रांस के दिग्गज गेल मोनफिल्स को एटीपी ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सोमवार को हार का सामना करना पड़ा। पांचवीं वरीयता प्राप्त यूबैंक्स मांसपेशियों में चोट के बाद बोटिक वैन डेर जैडस्चुल्प की चुनौती से पार नहीं पा सके। उन्होंने मैच के बीच में इलाज के बाद अपना खेल जारी रखा, लेकिन 6-7, 2-6 से हार गए। फ्रांस के 37 साल के मोनफिल्स के खेल पर भी उम्र हावी दिखी। हंगरी के फैबियन मरोज्सन के खिलाफ वह तीन सेट के संघर्षपूर्ण मुकाबले को 2-6, 7-6, 6-7 से गंवा बैठे।

# ब्राजील ने दी अपने महान फुटबालर मारियो जगालो को अंतिम विदाई

**एजेंसी, रियो डी जिनेरियो (ब्राजील)**

**प्रशंसकों,** खिलाड़ियों और कोचों ने रविवार को ब्राजील में महान फुटबालर मारियो जगालो को अंतिम विदाई दी, जब एक खिलाड़ी और मैनेजर दोनों के रूप में विश्व कप जीतने वाले पहले व्यक्ति को रियो डी जिनेरियो कब्रिस्तान में दफनाया गया।

जगालो ने अपने स्वभाव और कौशल से वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल की। रविवार को श्रद्धांजलि की शुरुआत सार्वजनिक सभा के साथ हुई और ब्राजीलियाई फुटबाल परिसंघ (सीबीएफ) के संग्रहालय में दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में निजी तौर पर अंतिम संस्कार हुआ।

बाद में उनके ताबूत को एक दमकल गाड़ी पर रियो ले जाया गया। यह ताबूत फुटबाल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा, दक्षिण अमेरिकी फुटबाल संस्था कोनमेबोल और सीबीएफ के झंडों से ढका था। साओ जोआओ बतिस्ता कब्रिस्तान में पहुंचने पर ताबूत पर केवल ब्राजील का राष्ट्रीय ध्वज था। परिवार के सदस्यों के साथ दर्जनों प्रशंसक और महान फुटबाल काफू जैसे पूर्व खिलाड़ी जगालो को विदाई देने पहुंचे।

जगालो ने खिलाड़ी के रूप में 1958 और 1962 में दो विश्व कप जीते। वह 1970 में कोच और 1994 में सहायक कोच के रूप में भी विश्व कप जीतने में सफल रहे।

शुक्रवार देर रात 92 साल की उम्र में कई अंगों के काम करना बंद करने के कारण उनका निधन हो गया था। स्थानीय मीडिया ने बताया कि क्रिसमस के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# सीट शेयरिंग पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की बैठक

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली, पंजाब के साथ ही हरियाणा और गुजरात में सीटों के बंटवारे पर चर्चा की। दोनों दलों की बीच यह बैठक कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक के निवास पर करीब ढाई घंटे तक चली।

बैठक में आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और संदीप पाठक शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने कहा कि चुनाव से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमने आगामी चुनावों के लिए कई मुद्दों को लेकर बैठक की। बातचीत जारी रहेगी और हम फिर मिलेंगे। उसके बाद ही हम सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला लेंगे। बैठक में कांग्रेस की तरफ से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वासनिक, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी मौजूद थे।

बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने इसके बारे में जानकारी दी। बैठक के बाद हालांकि, सीटों के बंटवारे पर अंतिम सहमति नहीं बन सकी।

### दिसंबर 2023 तिमाही के आधिकारिक आंकड़े जारी, सबसे ज्यादा फर्जी कंपनियों और जीएसटी चोरी का भंडाफोड़

# जीएसटी चोरी में दिल्ली नंबर वन, फर्जी कंपनी बनाने में महाराष्ट्र टॉपर


एजेंसी, मुंबई

दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में सबसे ज्यादा फर्जी कंपनियों का भंडाफोड़ महाराष्ट्र में हुआ और सबसे ज्यादा जीएसटी चोरी दिल्ली में हुई। तिमाही के लिए, 12,036 करोड़ रुपए की संदिग्ध आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) चोरी में शामिल 4,153 फर्जी कंपनियों का पता चला। इनमें केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों द्वारा 2,358 फर्जी कंपनियां भी शामिल थीं। इस कार्रवाई से 1,317 करोड़ रुपए का राजस्व बचाने में मदद मिली, जिसमें आईटीसी को अवरुद्ध करके 997 करोड़ रुपए और 319 करोड़ रुपए की वसूली और 41 लोगों की गिरफ्तारी शामिल हैं। रविवार को इस संबंध में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने आधिकारिक आंकड़े जारी किए हैं। धोखाधड़ी के इन मामलों में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ भी पीछे नहीं है।अधिकारियों के अनुसार, अन्य भारतीय राज्यों में फर्जी फर्मों की संख्या कम थी और जीएसटी चोरी भी कम मात्रा में पकड़ी गई थी। 4,153 फर्जी फर्मों में से, 926 के साथ महाराष्ट्र शीर्ष पर है, इसके बाद राजस्थान (507), दिल्ली (483), उत्तर प्रदेश (443), हरियाणा (424), कर्नाटक (223), तमिलनाडु (185), गुजरात (178), ओडिशा (138), पश्चिम बंगाल (126), और तेलंगाना (117) पर हैं। मई 2023 से, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक विशेष अभियान शुरू किया, जिसमें 44,015 करोड़ रुपए के संदिग्ध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) धोखाधड़ी में शामिल 29,273 फर्जी फर्मों का पता चला था।



### इन राज्यों से हुई सबसे ज्यादा रिकवरी

सबसे ज्यादा रिकवरी तमिलनाडु से 374 करोड़ रुपए, तेलंगाना से 235 करोड़ और महाराष्ट्र से 102 करोड़ रुपए हुई है। इनमें मध्यप्रदेश से 22 करोड़ रुपए और छत्तीसगढ़ से 34 करोड़ रुपए की रिकवरी हुई है।




### आईटीसी चोरी में से सबसे अधिक रकम 3,028 करोड़

**12,036** करोड़ रुपए की आईटीसी चोरी में से सबसे अधिक रकम दिल्ली (3,028 करोड़ रुपए), महाराष्ट्र (2,201 करोड़ रुपए), उत्तर प्रदेश (1,645 करोड़ ), आंध्र प्रदेश (756 करोड़), हरियाणा (624 करोड़), तेलंगाना (536 करोड़), तमिलनाडु (494 करोड़), गुजरात (445 करोड़), कर्नाटक (397 करोड़), पश्चिम बंगाल (343 करोड़), ओडिशा (337 करोड़), राजस्थान (197 करोड़), मध्य प्रदेश (158 करोड़), केरल (152 करोड़ रुपए), बिहार (148 करोड़ रुपए), असम (116 करोड़ रुपए) और झारखंड में (110 करोड़ रुपए) है।

## वर्ल्ड न्यूज

### जैसलमेर में अंतरराष्ट्रीय सरहद पर पाकिस्तानी ड्रोन और कबूतर पकड़ा

**जैसलमेर।** राजस्थान के सरहदी जिले जैसलमेर में पाकिस्तान से भारत की सीमा में आए ड्रोन को सीमा सुरक्षा बलों के जवानों ने पकड़ा है। सीमा पार से आए ड्रोन के साथ कबूतर और पैराशूट का फटा हुआ कपड़ा भी बंधा था। ड्रोन के साथ बांधे गए कबूतर की मौत हो गई है। मामला जिले के सरहदी शाहगढ़ बल्ज इलाके में बीएसएफ बटालियन की खारिया पोस्ट का बताया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों ने ड्रोन की डमी ड्राइव होने की संभावना जताई है। एक और पाकिस्तानी कबूतर को शाहगढ़ इलाके में पकड़े जाने की जानकारी मिली है। जैसलमेर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने सोमवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### आकासा एयर ने अपने बोइंग विमानों का निरीक्षण पूरा किया




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की नई एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने अपने बोइंग 737 मैक्स विमानों के बेड़े का गहन निरीक्षण पूरा कर लिया है। कंपनी को इसमें कोई प्रतिकूल निष्कर्ष नहीं मिला है। अकासा एयर ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के जारी दिशा-निर्देश के बाद उसने बोइंग 737 मैक्स विमानों के अपने पूरे बेड़े का गहन निरीक्षण पूरा कर लिया है। कंपनी ने कहा कि हम पुष्टि कर सकते हैं कि इसमें कोई प्रतिकूल निष्कर्ष नहीं है। दरअसल अकासा एयर के बेड़े में 22 मैक्स विमान हैं। वहीं, स्पाइसजेट के पास दस से ज्यादा और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास नौ विमान हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ द्वीप पर विमान दुर्घटनाग्रस्त

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ में एक छोटे से द्वीप पर एक हल्के विमान के पलटने और दुर्घटनाग्रस्त होने से सोमवार को दस लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने द ऑस्ट्रेलियन डेली की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि दस लोगों को लेकर विमान सोमवार सुबह केर्न्स के लिए निर्धारित सेवा पर उड़ान भरने के तुरंत बाद ब्रिस्बेन से लगभग 1,600 किमी उत्तर-पश्चिम में लिजार्ड आईलैंड पर रनवे पर लौट रहा था। घटनास्थल की तस्वीरों में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए जहाज़ के ढांचे के पास मैदान में मलबा बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है।

### उत्तराखंड : वन रेंजर और दारोगा सहित चार लोगों की मौत

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के योग नगरी ऋषिकेश में लक्ष्मण झूला थाना अंतर्गत चीला बैराज रोड पर एक जीप का टायर फटने से जीप के पेड़ से टकरा गई, जिसमें चीला वन विभाग के रेंजर, वन दारोगा सहित चार लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई। जीप में दस लोग सवार बताए गए हैं। वन अधिकारी जीप से चीला बैराज से ऋषिकेश की ओर आ रहे थे कि बैराज से ढाई सौ मीटर ऋषिकेश की तरफ जीप का टायर फट गया और जीप अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरा गई। इसकी सूचना पर एसडीआरएफ और थाना लक्ष्मण झूला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएएफ और पुलिस टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर जीप के अंदर से चीला रेंज के रेंज अधिकारी शैलेश घिलड़ियाल, वन दारोगा सैफ अली, प्रमोद ध्यानी, कुलराज सिंह को बाहर निकाला, जिनकी मौत हो गई थी जबकि दस घायलों को एम्स लाया गया है। उनकी शिनाख्त की जा रही है। एसडीआरएफके प्रभारी कवींद्र सजवाण ने इसकी पुष्टि की है। जीप में कुल दस लोग सवाल बताए गए हैं। एसडीआरएफ अभी नहर में भी रेस्क्यू अभियान चला रही है।

# सूरत से बिलिमोरा के बीच सबसे पहले चलेगी बुलेट ट्रेन

### एनएचएसआरसीएल ने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का 100 प्रतिशत काम किया पूरा

एजेंसी, अहमदाबाद

नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने सोमवार को कहा कि उसने गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा और नगर हवेली में बुलेट ट्रेन परियोजना के रूप में लोकप्रिय मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए 100 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण पूरा कर लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी एक्स पर भूमि अधिग्रहण की स्थिति साझा करते हुए कहा कि परियोजना के लिए आवश्यक पूरी 1389.49 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है।



मुंबई और अहमदाबाद के बीच हाई स्पीड रेल लाइन बनाई जा रही है। एनएचएसआरसीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि परियोजना के लिए सभी सिविल अनुबंध गुजरात और महाराष्ट्र के लिए दिए गए थे, जबकि 120.4 किमी के गर्डर्स लॉन्च किए गए थे और 271 किमी की घाट ढलाई पूरी हो चुकी थी। नर्मदा, तापी, माही और साबरमती नदियों पर काम चल रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार, संचालन के दौरान ट्रेन और नागरिक संरचनाओं द्वारा उत्पन्न शोर को कम करने के लिए वियाडक्ट के दोनों ओर शोर अवरोधक लगाए जा रहे हैं।

भारत की पहली 7 किमी लंबी समुद्र के नीचे रेल सुरंग के लिए काम शुरू हो गया है, जो महाराष्ट्र में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा के बीच 21 किमी लंबी सुरंग का एक हिस्सा है और मुंबई एचएसआर स्टेशन के निर्माण के लिए खुदाई का काम शुरू हो गया है।

एनएचएसआरसीएल ने कहा कि गुजरात के वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, आनंद, वडोदरा, अहमदाबाद और साबरमती में एचएसआर स्टेशन निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। हाई-स्पीड रेल लाइन जापान की शिंकानसेन तकनीक का उपयोग करके बनाई जा रही है, और इस परियोजना का लक्ष्य है एक उच्च आवृत्ति जन परिवहन प्रणाली। इस परियोजना को जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) द्वारा जापान से 88,000 करोड़ रुपए के आसान ऋण के साथ वित्त पोषित किया गया है। 1.10 लाख करोड़ रुपए की इस परियोजना के 2022 तक पूरा होने की उम्मीद थी लेकिन भूमि अधिग्रहण में बाधाओं का सामना करना पड़ा। सरकार ने 2026 तक दक्षिण गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच बुलेट ट्रेन का पहला चरण चलाने का लक्ष्य रखा है।

### पुलों के निर्माण कार्य में भी तेजी

**इसमें** कहा गया है कि 70 मीटर लंबा और 673 मीट्रिक टन वजन वाला पहला स्टील पुल सूरत में एनएच 53 पर बनाया गया था और 28 में से 16 ऐसे पुल निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। एमएएचएसआर कॉरिडोर पर 24 में से छह नदियों पर पार (वलसाड जिला), पूर्णा (नवसारी जिला), मिंधोला (नवसारी जिला), अंबिका (नवसारी जिला), औरंगा (वलसाड जिला) और वेंगानिया (पर) पर पुल का निर्माण पूरा हो चुका है।

### बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का तेजी से चल रहा काम

**जापानी** शिंकानसेन में उपयोग किए जाने वाले एमएएचएसआर कॉरिडोर ट्रैक सिस्टम के लिए पहले प्रबलित कंक्रीट (आरसी) ट्रैक बेड का बिछाने सूरत और आनंद में शुरू हो गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह पहली बार है कि भारत में जे-स्लैब गिट्टी रहित ट्रैक प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। एनएचएसआरसीएल ने कहा कि उसने गुजरात के वलसाड जिले के जरोली गांव के पास स्थित 350 मीटर लंबी और 12.6 मीटर व्यास वाली पहली पहाड़ी सुरंग को केवल 10 महीनों में पूरा करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

# पंजाब पुलिस ने बरामद की साढ़े तीन किलोग्राम हेरोइन



एजेंसी, अमृतसर

पंजाब पुलिस ने 19 किलो हेरोइन बरामदगी मामले की जांच के दौरान सोमवार को मन्नू महावा गिरोह के तीन और सदस्यों को गिरफ्तार करके 3.5 किलो हेरोइन और बरामद की है। इस केस में अब हेरोइन की कुल बरामदगी 22.5 किलो हो गई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर के गांव लाहौरीमल निवासी बलराज सिंह उर्फ काका, रांझे दी हवेली निवासी अनमोल सिंह उर्फ लालू और सरबजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इन तीन तस्करों की गिरफ्तारी के साथ कुल गिरफ्तारियों की संख्या दस हो गई है। पुलिस ने इनके पास से 3.5 किलो हेरोइन के अलावा .30 बोर के दस जिंदा कारतूस और नौ एमएम के नौ जिंदा कारतूस समेत एक सफारी कार भी बरामद की है।

उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई अमेरिका में बैठे तस्कर मनप्रीत उर्फ मन्नू महावा के सरहद पार से नशा और हथियार तस्करी रैकेट का पर्दाफाश करने से लगभग एक हफ्ते बाद की गई है। पुलिस ने इस रैकेट के दो मुख्य व्यक्तियों को गिरफ्तार करके 19 किलो हेरोइन, 23 लाख रुपए, सात पिस्तौलों समेत एक नौ एमएम ग्लॉक और ड्रोन के कल-पुर्जे बरामद किए थे। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि अनमोल सिंह उर्फ लालू को उसके साथियों समेत सुल्तानविंड के इलाके में देखे जाने की पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने विशेष नाकाबंदी कर तीनों तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में पता लगा है कि बरामद की गई खेप भी पाकिस्तानी तस्करों ने भेजी थी। भुल्लर ने बताया कि ड्रग सप्लायरों, डीलरों और खरीदारों के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए आगे की जांच जारी है।

**अब तक हुई कुल 22.5 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी, दस तस्कर सलाखों के पीछे पहुंचे**

# ईशा कोप्पिकर ने शादी के 14 सालों बाद लिया तलाक



एजेंसी, नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर पिछले कुछ दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस की शादी को लेकर टूटने की खबर आ रही थीं। जिस पर अब उनके पति टिम्मी नारंग ने चुप्पी तोड़ी है। ईशा कोप्पिकर और टिम्मी नारंग ने साल 2009 में शादी की थी।

दोनों को शादी से एक बेटी रियाना नारंग भी है। अब सालों बाद इनके रिश्ते में खटास की खबरे सुनने को मिल रही है। ईशा कोप्पिकर संग अनबन की खबरों के बीच टिम्मी नारंग ने एक्ट्रेस संग सेपेरेशन की खबर को कन्फर्म कर दिया है। उन्होंने बताया कि ईशा संग उनका तलाक बीते साल ही हो गया था। फिर पता नहीं क्यों अलग होने की खबरों पर कन्फ्यूजन बना हुआ है।

### अफवाह पर टिम्मी ने तोड़ी चुप्पी



ईशा कोप्पिकर को लेकर हाल ही में खबर आई थी कि उनका तलाक अभी नहीं हुआ है और वो लीगल ऑप्शन्स के बारे में सोच रही हैं। इन अटकलों पर विराम लगाते हुए टिम्मी ने आगे कहा, मैंने ताजा रिपोर्ट नहीं पढ़ी है, लेकिन लीगल ऑप्शन पर विचार करना मुमकिन नहीं है, क्योंकि तलाक पहले ही हो चुका है।

### ईशा ने छोड़ा पति का घर

टिम्मी नारंग ने ईटाइम्स के साथ बातचीत में ईशा कोप्पिकर संग तलाक की खबरों पर मुहर लगाते हुए कहा कि वो पत्नी से अलग हो चुके हैं। दोनों का तलाक बीते साल नवंबर में हो गया था और ईशा बेटी को लेकर उनका घर छोड़कर जा चुकी हैं।

# भारत और सऊदी अरब के बीच हुए हज समझौते पर हस्ताक्षर

एजेंसी, जेद्दा

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने भारत और सऊदी अरब के बीच रविवार को हुए हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एवं विदेश राज्य मंत्री एवं संसदीय मामलों के राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने सऊदी के हज और उमरा मंत्री डॉ. तौफीक बिन फौजान अल-रबिया के साथ द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर किए।

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को दोनों देशों के बीच हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर करने और हज कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर जेद्दा पहुंचीं। जेद्दा एयरपोर्ट पर भारतीय राजदूत डा. सुहेल खान, महावाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद और सऊदी के हज व उमरा मंत्रालय के अधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया। जेद्दा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि हाल के वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी गहरी हुई है। यह यात्रा दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्री तौफीक बिन फौजान अल राबिया के साथ द्विपक्षीय बैठक कर आगामी हज यात्रा से जुड़े आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगी। ईरानी सोमवार को सऊदी अरब के हज व उमरा मंत्रालय द्वारा जेद्दा में आयोजित किए जा रहे हज व उमरा कॉन्फ्रेंस के तृतीय संस्करण के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर और बातचीत के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब में भारतीय कारोबारियों और भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात करेगा।

**केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी हज कॉन्फ्रेंस के तृतीय संस्करण में लेंगी हिस्सा**




## अनंत ज्ञान
# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(9 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि :** त्रयोदशी 10:26 रात्रि तक, **नक्षत्र :** ज्येष्ठा 09:11 रात्रि, **शुभ मुहूर्त:** अभीजित 12:07-12:49 रात्रि, **पक्ष :** कृष्ण, **राहुकाल :** 03:04-04:22 रात्रि ।

### विशेष दिन

09 जनवरी 2024 : भौम प्रदोष व्रत आज।

सूर्योदय : 07 :15
सूर्यास्त : 05 :41

**मेष :** व्यापार से संबंधित सभी कार्यों के लिए आज का दिन शुभ है। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। शेयर-सट्टे में संभलकर निवेश करने से आर्थिक लाभ मिल सकता है।

**वृषभ :** आज का दिन आपके लिए अनुकूलता और प्रतिकूलता का मिलाजुला स्वरूप होगा। व्यापारियों के साथ लेन-देन के मामले में की गई यात्रा से लाभ होगा। बच्चों की प्रगति से आपको प्रसन्नता होगी।

**मिथुन :** नकारात्मक विचारों से दूर रहें। खान-पान का ध्यान रखें। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। आकस्मिक धन खर्च का योग बनता है। मानसिक रूप से परेशान महसूस कर सकते हैं। धन का खर्च अधिक न हो ख्याल रखें।

**कर्क :** आज आप स्वादिष्ट भोजन, अच्छे वस्त्र और विपरीत लिंगीय व्यक्तियों का साथ पाकर बेहद खुश रहेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में परिस्थितियां आपके पक्ष में होंगी।

**सिंह:** व्यवसाय में धन संबंधित आयोजन करने का भी योग प्रबल है। विदेश स्थित व्यावसायीजनों से लाभ मिलेगा। आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। साझेदारों के साथ आंतरिक मतभेद हो सकता है।

**कन्या :** आज का दिन बेहद आनंदमयी साबित होगा। आभूषणों की खरीददारी करेंगे साथ ही कला के प्रति रुझान बढ़ेगा। व्यापार में आज का दिन आपके लिए बहुत ही शुभ है। ऑफिस में भी सहकर्मियों का पूरा सहयोग रहेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान महसूस कर सकते हैं। मानहानि का योग बनता है। मध्याह्न बाद शारीरिक और मानसिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृष्चिक:** संपत्ति संबंधित कार्यों एवं गृहस्थजीवन के प्रश्नों का समाधान मिल जाएगा। व्यवसायीजनों के लिए आज का दिन अनुकूल है। भाई-बंधुओं का व्यवहार सहकारपूर्ण रहेगा। प्रतिस्पर्धी परास्त होंगे।

**धनु:** निजी संबंधियों के साथ वाद-विवाद से बचें। आरोग्य अच्छा रहेगा। आज का दिन आध्यात्मिक कार्यों के लिए बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ भी होगा। विद्यार्थियों को विद्या-अभ्यास में अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

**मकर :** धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में अधिक मन लगेगा। व्यवसाय और व्यापार में भी वातावरण अनुकूल रहेगा। सभी कार्य सरलता से पूर्ण होंगे। जीवन में भी आनंद के अवसर बढ़ेंगे।

**कुंभ :** धार्मिक और सामाजिक कार्यों के पीछे धन खर्च का योग है। संबंधियों और मित्रों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। व्यवहार में आध्यात्मिकता देखने को मिलेगी। मध्याह्न के बाद सभी कार्य आसानी से संपन्न होंगे।

**मीन :** व्यावसायिक तथा अन्य क्षेत्रों में आज का दिन आपके लिए लाभप्रद है। विवाह संबंधी गतिविधियां तीव्र होंगी। पर्यटन पर जा सकते हैं। मित्रों से उपहार मिलने का भी योग है। मध्याह्न के बाद हर कार्य में सावधानी बरतें।

**वाइब्रेंट गुजरात** एचएएल के स्टॉल पर प्रमुख आकर्षणों में से एक सुखोई-30 एमकेआई विमान होगा

# एचएएल दिखाएगा फाइटर जेट और स्वदेशी हेलिकॉप्टर

एजेंसी, नई दिल्ली

वैश्विक शिखर सम्मेलन वाइब्रेंट गुजरात के दौरान विदेशी मेहमानों को भारतीय रक्षा बाजार के प्रति आकर्षित करने के लिए वायु सेना के फाइटर जेट और लड़ाकू हेलिकॉप्टर भी प्रदर्शित किये जाएंगे।

गांधीनगर में 9-13 जनवरी तक होने वाले सम्मेलन के 10वें संस्करण में भाग लेने के लिए हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लि. (एचएएल) भी पूरी तरह तैयार है। एचएएल के स्टॉल पर प्रमुख आकर्षणों में से एक सुखोई-30 एमकेआई विमान होगा, जिसे हवा से जमीन पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल के साथ स्वदेशी रूप से संशोधित किया गया है। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की परिकल्पना 2003 में उस समय की गई थी, जब मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इसके बाद 20 वर्षों में यह समावेशी विकास, व्यापार सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के लिए सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंचों में से एक के रूप में विकसित हुआ है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी नौ जनवरी को सुबह करीब 9.30 बजे गांधीनगर के महात्मा मंदिर में विश्व के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। दोपहर करीब तीन बजे वह वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे।



पीएमओ की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक दस जनवरी को सुबह करीब 9.45 बजे प्रधानमंत्री मोदी गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह शीर्ष वैश्विक निगमों के सीईओ के साथ बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री गिफ्ट सिटी जाएंगे, जहां शाम करीब 5.15 बजे वह ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम में प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इसकी थीम 'गेटवे टू द फ्यूचर' रखी गई है। यह संस्करण 'वाइब्रेंट गुजरात' के 20 वर्षों की सफलता को चिन्हित करेगा। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन में 34 देश और 16 संगठन भागीदार होंगे।

वैश्विक शिखर सम्मेलन वाइब्रेंट गुजरात के 10वें संस्करण में भाग लेने के लिए एचएएल भी पूरी तरह तैयार है। एचएएल के स्टॉल पर प्रमुख आकर्षणों में से एक सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान होगा, जिसे हवा से जमीन पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस करने के लिए स्वदेशी रूप से संशोधित किया गया है। एचएएल के स्टॉल पर दुनिया का पहला लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' भी प्रदर्शित किया जाएगा। यह पूरी तरह से स्वदेशी एलसीएच हथियारों और ईंधन के काफी भार के साथ 5000 मीटर (16,400 फीट) की ऊंचाई पर उतर और उड़ान भर सकता है।

एचएएल ने एक बयान में बताया कि स्टॉल पर सुखोई-30 के अलावा मल्टीरोल स्वदेशी एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एलसीए) रुद्र, हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर-40 (एचटीटी-40) विमान और समुद्री टोही विमान डोर्नियर 228 के स्केल मॉडल भी प्रदर्शित होंगे।